जबलपुर
शनिवार, 18 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-10
वर्ष : 19, अंक : 18
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 मूल्य

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


साढ़े 6 करोड़ लोगों के लिए अच्छी खबर

## ईपीएफओ ने बदला नियम तीन दिन में मिलेंगे 1 लाख



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ से पैसा निकालने की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। ईपीएफओ ने ऑटो मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे 6 करोड़ से ज्यादा पीएफ मेंबर को लाभ मिलेगा। यह एक ऐसी सुविधा है, जो इमरजेंसी में पीएफ सदस्यों को फंड प्रोवाइड कराती है। इसके तहत अब 3 दिन में ही पैसा आपके बैंक अकाउंट में भेज दिया जाएगा।






वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# सभी विपक्षी दल 'एंटी इन्कम्बेंसी' बताकर अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा

inh न्यूज विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन, ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

**ये भी बोले गिरिजा शंकर**

- पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता
- सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है
- अरविंद केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई





**प्रश्न:** 2024 का यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है?

**उत्तर:** 2024 के चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता दिख रही है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने गठबंधन तैयार किया और भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है, भाजपा की बात नहीं हो रही है। मोदी के नाम पर वोट देने की बात हो रही है। मोदी का नेतृत्व पहले भी दो चुनाव में था और उस समय भाजपा सरकार थी लेकिन इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है। 400 सीट का दावा राजनैतिक दावा है। हालांकि, यह दावा अ-तार्किक नहीं है क्योंकि पिछले चुनाव में भाजपा ने करीब 25 सीटें ज्यादा जीती थीं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

**प्रश्न:** चार चरण में 400 सीटों पर चुनाव के बाद क्या स्थिति स्पष्ट है?

**उत्तर:** चुनाव के छह महीने पहले बुनियादी तौर पर अलग रहने वाले विपक्षी दल एक हुए। लेकिन, बनते-बनते ही इसका जो हश्र हुआ कि वो गठबंधन कहीं नहीं है। इसलिए चुनाव में इस गठबंधन को लेकर जो माहौल बनता वो नहीं बना। तीनों चुनावों को देखें तो विपक्षी गठबंधन से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनौती वाली 220 सीटों में से लगभग 95 प्रतिशत सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। उन सीटों पर 2024 के चुनाव में कोई बड़ा उलटफेर होता नहीं दिखाई दे रहा है।

**प्रश्न:** चुनाव के दौरान केजरीवाल का जेल जाना और बीच चुनाव में जेल से बाहर आना, यह भाजपा को लाभ पहुंचाएगा या नुकसान?

**उत्तर:** केजरीवाल जिस तरह से मुद्दे उठाते हैं, उसे मैं वैकल्पिक राजनीति ही मानता हूं। सारे विपक्षी दल ऐसा कोई मुद्दा नहीं उछाल पाए जिसमें भाजपा डिफेंसिव हो जाए। लेकिन, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही यह मुद्दा उछाल दिया कि नरेंद्र मोदी के 75 साल पूरे होने पर भाजपा का पीएम कौन? और भाजपा के सारे बड़े नेता डिफेंसिव हो गए और ऑन रिकॉर्ड सभी को यह बोलना पड़ा कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 75 साल बाद कौन पीएम रहेगा? यह केजरीवाल की राजनीति है। जेल से निकलने के बाद पहले ही दिन केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई थी जैसे कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को साइड ट्रैक करने को लेकर जो प्रश्न उन्होंने उठाया था, उसका जवाब भाजपा आज तक नहीं दे सकी।

**प्रश्न:** विपक्षी दल मोदी को तानाशाह करार दे रहे हैं, इस बारे में क्या सोचते हैं?

**उत्तर:** कोई भी राजनैतिक दल जब कोई नैरेटिव गढ़ता है तो उसके पीछे कारण होता है। विपक्षी दलों द्वारा तानाशाह कहने के पीछे उनके ऊपर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे बताए जा रहे हैं। हालांकि, देश में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। आपातकाल के दौरान तो ऐसा हुआ ही है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### एक्स का डोमेन नाम अब एक्स डॉट कॉम



**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलने के बाद अब उसके डोमेन को भी बदलकर एक्स डॉट कॉम कर दिया है। मस्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि सभी कोर सिस्टम अब (x.com) पर हैं। अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद 24 जुलाई, 2023 को इसका नाम और लोगो बदलकर एक्स कर दिया था। उस समय एक्स डॉट कॉम को ट्विटर डॉट कॉम पर रीडायरेक्ट किया गया था।

### रिजल्ट वेरिफिकेशन के लिए आवेदन शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2024 के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र अब मार्क्स के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई कक्षा 12 वेरिफिकेशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई है। छात्रों को cbse.gov.in पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसके लिए प्रति विषय 500 रुपए का शुल्क रखा गया है। सीबीएसई कक्षा 12वीं का परिणाम 13 मई को घोषित किया गया था।

### 31 मई तक वीआईपी दर्शन पर लगी रोक



**देहरादून।** चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध 31 मई तक बढ़ा दिया है ताकि सभी भक्त आसानी से चारों धामों के दर्शन कर सकें। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सूचित किया है कि तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व भीड़ को ध्यान में रखते हुए, 31 मई तक चार धाम में कोई वीआईपी दर्शन नहीं होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में रील बनाने पर रोक लगा दी है।

**'हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दीं'**

**बड़ा कांड :** एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने लगाए गंभीर आरोप, आप का दावा- सारे आरोप झूठे, वे भाजपा का मोहरा

# मुझे थप्पड़ मारे, शरीर के निचले हिस्से पर लातें मारी...केजरीवाल ही 'हिटमैन'

## स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने एफआईआर में कहा है कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन सीएम अरविंद केजरीवाल का पीए बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यसभा की एक सांसद के साथ केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की।

आप नेता आतिशी मर्लेना ने कहा कि स्वाति के आरोप भाजपा से प्रेरित हैं। वे भाजपा का मोहरा बन गईं



पुलिस ने घटना स्थल पर सीन रीक्रिएट किया

**केजरीवाल पर कहा...**

### जिस हद तक गिर सकता है गिर जा

*स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट करवाकर, आधी-अधूरी बिना संदर्भ की वीडियो चलाकर इसे लगता है कि ये इस अपराध को अंजाम देकर खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है. एक न एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।*

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। वे अब तक चुप हैं



### दिल्ली पुलिस आई सीएम हाउस, साथ में फोरेंसिक टीम भी

मालीवाल के साथ कथित बदतमीजी और मारपीट की घटना की जांच दिल्ली पुलिस ने तेज कर दी है। इसके लिए सबूत जुटाने के मकसद से दिल्ली पुलिस की टीम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। दिल्ली पुलिस के साथ फोरेंसिक विभाग की टीम भी थी। पुलिस की टीम गुरुवार को चार घंटे से अधिक समय तक उनके घर पर रही थी।

**वीडियो हुआ वायरल**

### स्वाति कहती हैं-ये गंजा..टच किया तो नौकरी 'खा' जाऊंगी

- *ये वीडियो 13 मई को घटना वाले दिन का बताया जा रहा है। वीडियो में स्वाति मालीवाल सीएम आवास के अंदर बैठी हैं जहां कुछ कर्मचारियों के साथ उनकी बहस होते दिखाई दे रही है। 'हरिभूमि' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो को दिल्ली पुलिस ने भी अपने जांच के संज्ञान में लिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने भी ये पुष्टि नहीं की है कि ये वीडियो कब का है और कहां का है?*
- *स्वाति मालीवाल बिभव पर गुस्सा में कहती हैं- आज मैं इन सब लोगों को बताऊंगी, जो करना है करो...अगर मुझे टच किया या हाथ लगाया तो मैं तुम्हारी भी नौकरी खाऊंगी...। आप अभी मेरी डीसीपी से बात कराइए, मैं इसके पहले एसएचओ सिविल लाइंस से बात करूंगी, अब जो होगा यहीं होगा। मुझे किसी ने हाथ लगाया तो आप लोगों की भी नौकरी खा जाऊंगी।*
- *दो कर्मचारी उनसे अनुरोध करते हैं- मैडम, हम आपसे अनुरोध कर रहे हैं, हम आपको हंबली रिक्वेस्ट कर रहे हैं।*
- *स्वाति कहती हैं- मैंने अभी 112 पर कॉल कर दी है। पुलिस को आने दो फिर अब बात होगी।*
- *कर्मचारी कहता है - पुलिस तो बाहर ही आएगी न, यहां तक नहीं आएगी न?*
- *स्वाति- अब जो होगा, वहीं होगा।*
- *कर्मचारी स्वाति से बाहर आने का अनुरोध करते हैं।*
- *जिसपर स्वाति कहती हैं- फेंक दो उठाकर..आप फेंक दो.. ये गंजा..... वीडियो यहीं खत्म हो जाता है।*

**सीएम डॉ. यादव बोले-ये वो पूंछ है जो सीधी नहीं हो रही है**




# 'कुछ लोगों' को वोट का गुलाम बनाना चाहती हैं कांग्रेस व सपा



अंग्रेजों ने फूट डालो शासन करो की नीति अपनाई, अब उसी नीति पर कांग्रेस भी चल रही

भाजपा ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान दिया, कांग्रेस और समाजवादी वर्ग विशेष को ही मानते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि कांग्रेस और समाजवादी विचारधारा के लोग कुछ लोगों को अपने वोटों का गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। इनकी मानसिकता ही कुछ ऐसी है। पहले अंग्रेजों ने यह काम किया था।

अंग्रेजों ने 'फूट डालो शासन करो' की नीति से देश के हिंदू-मुसलमानों को हमेशा लड़ाया और अब यह काम कांग्रेस पार्टी भी कर रही है। कांग्रेस वह पूंछ है, जो सीधी नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के श्रावस्ती लोकसभा की गैंसड़ी विधानसभा के पचपेड़वा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा सरकारों ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान दिया, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी वर्ग विशेष को ही मानते हैं। मुस्लिम देशों में सबसे ज्यादा सम्मान प्रधानमंत्री मोदी का हो रहा है

**तो, कांग्रेसी समाजवादियों के पेट में दर्द होता है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान देती है। मुस्लिम वर्ग के लोग हमारे साथ हैं, तो इसमें भी कांग्रेसियों और समाजवादियों के पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब को देश का राष्ट्र पति बनाया। कांग्रेस ने यह काम कभी नहीं किया।

**शिवपुरी के फोरलेन में हादसा**



### 30 श्रद्धालुओं से भरी बस में आग,बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे बैरसिया क्रॉसिंग के पास शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र के बुलढाणा से चारधाम यात्रा पर जा रहे 30 लोगों से भरी बस में अचानक से आग लग गई। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस में धुआ निकला तभी कुछ यात्री उसे देखने के लिए नीचे उतरे। इसके बाद अधिक धुआ देखा तो सभी यात्री समय रहते बस से नीचे उतर गए, जिससे सभी की जान बच गई।

- महाराष्ट्र से निकली थी बस एसी में शार्ट सर्किट संभव

**विधायक ने एसपी कार्यालय को घेरा**

### आगर पुलिस पर 3 लाख रिश्वत लेने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

आगर कोतवाली पुलिस पर प्रकरण दर्ज करने के नाम पर 3 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक ने गुरुवार रात कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी का घेराव कर दिया। दरअसल एक जमीन के सौदे में विक्रय पत्र संपादित होने के बाद राशि लेन देन को लेकर हुए विवाद मेंकोतवाली थाना पर एक शिकायत कि गई थी।

- एसपी विनोद कुमार ने कहा मामले की जांच कराई जा रही

**बाल-बाल बची 180 यात्रियों की जान**

### रनवे पर ट्रैक्टर से भिड़ा एयर इंडिया का विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया का विमान एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गया। पुणे हवाईअड्डे के रनवे पर एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने ही वाला था कि वहां खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गया। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे। हालांकि, किसी यात्री को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। ये घटना गुरुवार को शाम लगभग 4.21 बजे हुई। पुशबैक टग की चपेट में आने से विमान को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं और एयरलाइन ने उन्हें अन्य उड़ानों में बिठाया और डेस्टिनेशन पर भेजा गया।



- डीजीसीए ने मामले में जांच के दिए आदेश

**ग्वालियर: 44.9, गुना : 44.5 डिग्री**

### इंदौर-छिंदवाड़ा में बारिश ग्वालियर-गुना रहे गर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक हफ्ते आंधी-बारिश के बाद सिस्टम कमजोर हो गया है। हालांकि, शुक्रवार को इंदौर, धार और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश दर्ज की गई है। जबकि ग्वालियर में पारा 44.9 और गुना में 44.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले साल पूरे सीजन से भी यह तापमान ज्यादा रहा। पिछले साल 22-23 मई को पारा 44.8 डिग्री रहा था।

- शनिवार को विदिशा, राजगढ़ छिंदवाड़ा में आंधी बारिश का अलर्ट







# हमीरपुर में पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर किया बड़ा हमला



**सपा को भी घेरा**

# कांग्रेस आपका आरक्षण खत्म करना चाह रही, गठबंधन के नेता राममंदिर के साथ सनातन, हिंदू धर्म को बता रहे बेकार की चीज

पीएम मोदी ने हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पिछली सरकारों ने किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था।



**शहजादे**

### राम मंदिर पर ताला डलवा देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अलगाववादियों को खाद पानी देती थी और आतंकवाद का आरोप भगवा पर लगाया। भगवा आतंकवाद का झूठ गढ़ा था। यूपी में सपा सरकार दंगाइयों की खातिर करती थी।कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देखते हैं। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। वे सत्ता में आकर सनातन धर्म का विनाश कर देंगे।

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

पीएम मोदी शुक्रवार को हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड में किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था। हम किसान सम्मान निधि, सस्ती यूरिया दे रहे हैं। गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा हैं। हम गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा दे रहे हैं। हम तीन करोड़ नए पीएम आवास बनाएंगे। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। इसके लिए आपका साथ चाहिए। अगर कहीं पर भी आप को इक्का दुक्का ऐसे परिवार मिल जाएं, तो मेरी तरफ से आप उनका नाम पता लेकर मुझे भेज दीजिए। कांग्रेस सरकार वहां दलितों- पिछडों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को देना शुरू कर दिया है। अब ये लोग पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। ये वोट बैंक तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा पर जा सकते हैं।

### आपकी संपत्ति को बांट देंगे सपा-कांग्रेस के नेता

पीएम मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है वह सबकी संपत्ति की जांच कराएंगे। क्या किसी भी सरकार को आप अपनी संपत्ति लूटने देंगे। यह सपा-कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि वह उनकी संपत्ति को बांट देंगे।

### कांग्रेस और पाकिस्तान पर कसा तंज

कांग्रेस आजकल हमें धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो। पाकिस्तान को हम घर में घुसकर मारकर आए थे। पाकिस्तान के पास परमाणु बम के रखरखाव का खर्चा तक नहीं हैं। पाकिस्तान का डर दिखाने वाले वोट देने लायक हैं क्या।

### डिफेंस कॉरिडोर, राष्ट्र सम्मान नहर परियोजना का काम शुरू

चुनौती से जो टकराता है, वही तो मोदी कहलाता है। पौने दो लाख घरों में मिशन नमामि गंगे तहत कनेक्शन दिया जा चुका है, जो समस्याएं हैं उन पर काम चल रहा है। हमारी सरकार ने केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए काम शुरू कर दिया है। हमारी सरकार 40 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर रही है।

### भानुमति का कुनबा बिखरने लगा

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी फतेहपुर पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि 'ये जनसैलाब बहुत कुछ बता रहा है। जनता जनार्दन ने इन चार चरणों में ही इंडी गठबंधन को सपा-कांग्रेस और उसके साथियों को चारों खाने चित्त कर दिया है।पीएम मोदी ने कहा कि 'भानुमति का कुनबा बिखरने लगा है। उसने हथियार डाल दिए हैं। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। मैंने कहा था ये शहजादे केरल में वायनाड से भागेंगे, भागे कि नहीं भागे।

**शाह ने राहुल को दी चुनौती**

## पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और रहेगा, इसे हम वापस लेकर रहेंगे

रायबरेली। गृह मंत्री अमित शाह ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिए,लेकिन पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग केवल अपने परिवारों के लिए राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का पूरी तरह सफाया करने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है।



### इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता

हाल ही में बीआरएस नेता केटी रामाराव ने अपने एक बयान में उत्तर बनाम दक्षिण के मुद्दे पर बात की और दक्षिण को अलग देश बताया। शाह ने रामाराव के उस बयान पर तीखी टिप्पणी की और बयान को घोर आपत्तिजनक बताया। शाह ने कहा कि इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता। देश की जनता को कांग्रेस के एजेंडे के बारे में सोचना चाहिए। देस को बांटने की बात बेहद आपत्तिजनक है।

**बलिया में राजनाथ की हुंकार**

### तीसरे कार्यकाल में सीएए लागू करेगी मोदी सरकार



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकन्दरपुर में चुनावी जनसभा में ऐलान किया कि केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। सिंह ने सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसभा में कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं।

**ओडिशा में गरजे सीएम हिमंत**

### 400 पार होने पर पीओके होगा हमारा



भुवनेश्वर। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को गंजाम जिले के कविसूर्यनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके को भारत में मिलाने के लिए मोदी का 400 पार का नारा दिया गया है। 300 पार हुआ तो श्रीराम मंदिर बना और सीएए लागू किया गया।यह 400 को पार होगा तो पीओके भारत में विलय हो जाएगा। कृष्ण मंदिर बनेगा और कई काम होंगे। पीओके के अशांत होने के बावजूद श्रीनगर में लोग सुरक्षित एवं शांतिप्रिय हैं।

**बेटे के चुनाव प्रचार में बोले ब्रजभूषण**

### मैं तो छुट्टा सांड हो गया हूं...



केसरगंज। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से बेटे करन भूषण के लिए चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के मौजूदा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढा हुआ हूं। अब मैं छुट्टा सांड़ हूं। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। भरे मंच से सांसद ने स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लड़ेजितिहैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं। हम चुप बैठने वाले नहीं हैं।

**राहुल का भावनात्मक बयान**

### मैं आपका हूं, अमेठी का हूं और रहूंगा



अमेठी। यहां राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी पार्टी और उसके नेता साफतौर पर कह रहे हैं कि हम संविधान को बदल देंगे। राहुल ने कहा कि राजनीति में जो उन्होंने सीखा है वो अमेठी जनता ने उन्हें सिखाया है। मैंने अपने पिता का जो रिश्ता अमेठी और यहां के लोगों से था वो अपनी आंखों से देखा है। आप लोग यह मत समझिए कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ रहा हूं, मैं आपका हूं अमेठी का हूं था और रहूंगा।

**रायबरेली में सोनिया बोलीं**

### अपना बेटा आपको सौंप रही हूं...



लंबे समय बाद शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित करने पहुचीं सोनिया गांधी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने बहुत संक्षिप्त भाषण में रायबरेली वालों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है उसी तरह राहुल को भी दें। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे।


**खबर संक्षेप**

### केजरीवाल के पीए बिभव को दूसरा नोटिस




नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को दूसरा नोटिस जारी किया। आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने कहा कि हमने आप सांसद मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में उपस्थित होने पुलिस के माध्यम से कुमार को दूसरा समन भेजा है।

### घातक बीमारियों की 41 दवाओं के दाम घटे



नई दिल्ली। शुगर, डायबिटीज या फिर दिल की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाईयों की कीमत घटाने का निर्णय लिया है। फार्मास्यूटिकल्स विभाग और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइजिंग अथॉरिटी डायबिटीज से लेकर हार्ट डिजीज तक के इलाज में इस्तेमाल 41 दवाओं की कीमतें घटाने जा रही हैं। साथ ही 6 फॉर्मूलेशन के लिए कीमत भी तय कर दी गई है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने राहुल पर लगाया हर्जाना



रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार का हर्जाना लगाया है। उनकी ओर से समय की मांग की गई थी, जिस पर अदालत में उन पर हर्जाना लगाया है। राहुल ने दिल्ली के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। चाईबासा कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराई गई है।

**दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा दावा**

# आम आदमी पार्टी के खिलाफ फाइल होगी चार्जशीट, एजेंसी के पास 'पर्याप्त' सबूत



- जस्टिस खन्ना और दत्ता की बेंच कर रही केस की सुनवाई
- गोवा में बड़े होटल का बिल भी एजेंसी के पास मौजूद

**एएसजी राजू का दावा-हवाला के जरिए पार्टी को पैसा भेजा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि दिल्ली शराब घोटाले समें वह जल्द ही आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगी। एएसजी वी राजू ने दावा किया कि हवाला के जरिए पार्टी को पैसा भेजा गया। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच सुनवाई कर रही है। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगर आपके पास सबूत हैं तो दें।

### केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी



ईडी की ओर से पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि हम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दायर करने का प्रस्ताव कर रहे हैं। एसवी राजू ने दावा किया था कि जांच एजेंसी के पास यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जिसका इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया था। एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हमारे पास प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था।

**केजरीवाल को करना है सरेंडर**

ईडी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना है। अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की ओर से यह याचिका दाखिल की गई है।

### हवाला ट्रांसफर के सबूत

जस्टिस खन्ना ने कहा कि ईडी का कहना है कि उनके पास आंध्र प्रदेश से लेकर गोवा चुनावों में हवाला ट्रांसफर के सबूत हैं। इस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी के आधार में ये कोई सबूत नहीं है। वहीं एएसजी राजू ने सिंघवी के जवाब पर आपत्ति जताई।

### पार्टी पदाधिकारियों की बढ़ेंगी और मुश्किलें


आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद अब पार्टी के पदाधिकारियो की मुश्किलें भी बढ़ सकती है। पार्टी के संयोजक होने के नाते अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसे आबकारी नीति मामले में अपराध की कथित आय के संबंध में अरविंद केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच चैट का पता चला है।

**भरतपुर में भीषण सड़क हादसा**

# 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत और 8 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान के भरतपुर में भीषण सड़क हादसे में 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। 8 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। आगरा-जयपुर हाईवे पर यूपी रोडवेज की बस आगे चल रही ट्रक से जाकर भीड़ गई। दुर्घटना के बाद बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हलैना बस स्टैंड के पास एक यूपी नंबर की बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।एक्सीडेंट की वजह से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई



### ड्राइवर की गलती सामने आई

डीएसपी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना बस चालक की गलती की वजह से हुआ है तभी तो वो मौके से फरार हो गया है। या तो बस चालक नशे में था या फिर उसे झपकी आ गई। दुर्घटना के बाद बस को क्रेन की मदद से फिलहाल हाईवे से हटा दिया गया है। जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### मुंबई होर्डिंग हादसा: आर्यन के मामा-मामी की मौत



मुंबई। यहां तेज आंधी के चलते जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ गया।घाटकोपर इलाके में एक होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत हो गई। ऐसा अनुमान था कि इसमें कार्तिक आर्यन के रिलेटिव्स का नाम भी शामिल हैं। अब हादसे के 56 घंटे बाद कार्तिक आर्यन के मामा-मामी का शव बाहर निकाल लिया गया है। फिलहाल एक्टर आर्यन का इस पर अब तक रिएक्शन नहीं आया है।

**बीड में इंस्पेक्टर निकला धन कुबेर**

# छापेमारी में 1.08 करोड़ नकद 72 लाख के गोल्ड बिस्कुट मिले



मुंबई। एंटी करप्शन ब्यूरोको बीड जिला पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के इंस्पेक्टर हरिभाऊ खाड़े के घर पर छापेमारी की। इस दौरान 1.08 करोड़ नकद और 72 लाख के गोल्ड बिस्किट बरामद हुए हैं। ईओडब्ल्यू इंस्पेक्टर हरिभाऊ खाड़े पर बीड में हुए जिजाऊ मल्टीस्टेट घोटाले में एक कारोबारी पर आरोप लगाने से बचाने 1 करोड़ की रिश्वत मांगने और 5 लाख का घूस लेने का आरोप है। खाड़े फरार बताया जा रहा है।

### टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

सीबीआई ने बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में की गई। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। चुनावी हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।

**भूमि स्वामित्व मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

# संविधान पीठ का फैसला छोटी पीठ को मानना बाध्यकारी

**हरियाणा के भूमि कानून के तहत मामले पर सुनवाई में यह बात कही**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि जजों की कम संख्या वाली पीठों पर संविधान पीठ का फैसला बाध्यकारी होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अप्रैल 2022 के एक फैसले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की।

7 अप्रैल 2022 के एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती, जो हरियाणा के भूमि कानून के तहत असली मालिकों से मंजूर अधिकतम सीमा तक ली गई हो।

**खास बातें**

- अप्रैल 2022 के एक फैसले का जिक्र किया
- पंचायत के दावे की बात पर शीर्ष कोर्ट ने फैसला दिया

### अधिग्रहण में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखा



शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें उन जमीनों का सिर्फ प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं और उन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। भूमि मालिकों को जमीन वापस भी नहीं की जा सकती क्योंकि जमीन का अधिग्रहण वर्तमान की जरूरतों के साथ ही भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की।

### फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी

सुप्रीम कोर्ट में अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमारे विचार से संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी मजबूती कमजोर होगी और सिर्फ इस आधार पर फैसले की समीक्षा की अनुमति दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट अब 7 अगस्त को समीक्षा याचिका पर सुनवाई करेगा।

**जमानत याचिका पर अहम टिप्पणी**

### नागरिकों की आजादी के संबंध में हर एक दिन अहम

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी नागरिक की आजादी के संबंध में एक-एक दिन अहम है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल दिल्ली शराब घोटाले में आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल ने अपने वकील कपिल सिब्बल के माध्यम से याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि दिल्ली हाईकोर्ट बीते कई महीनों पर ढल्ल की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है, लेकिन अभी तक फैसला नहीं किया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट को जल्द जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश दिया है।

- एनजीएलवी का वजन 700 टन,ऊंचाई 246 फीट और व्यास 16 फीट होगा
- भविष्य में रॉकेट की लांचिंग के खर्च में आएगी कमी
- सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम हो जाएगा शुरू

### रॉकेट बनाना होगा आसान


दोबारा इस्तेमाल करने वाले हिस्सों की वजह से रॉकेट लॉन्च का खर्च कम हो जाएगा. इसकी डिजाइन मॉड्यूलर होगी। ताकि ज्यादा मात्रा में इसका प्रोडक्शन किया जा सके। इसका बड़ा फायदा ये है कि इससे इसका मेंटेनेंस आसान हो जाएगा। इसमें सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम होगा।

# दुनिया को बड़ी टक्कर देने के लिए इसरो के नए रॉकेट की डिजाइन तैयार,भारी कम्यूनिकेशन सैटेलाइट्स को लॉन्च करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया रॉकेट तैयार होने वाला है। इसका डिजाइन फाइनल स्टेज में पहुंच चुका है। इसका नाम है नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी)। यह एक हैवी लिफ्ट रॉकेट होगा, जो दशकों से इसरो के काम आ रहे पीएसएलवी की जगह लेगा। इसकी डिजाइन पूरी होने वाली है। इसरो को अब सरकार की हरी झंडी का इंतजार है, ताकि डिजाइन को प्रैक्टिकल प्लेटफॉर्म पर उतारा जा सके। यानी इसका रॉकेट बनाया जा सके। एनजीएलवी रॉकेट तीन स्टेज का होगा। यह 10 टन के पेलोड को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुंचा सकेगा। साथ ही यह अन्य रॉकेटों की तुलना में किफायती होगा।

इसरो के नए रॉकेट एनजीएलवी का डिजाइन बनकर तैयार है। बस अब सरकार की तरफ से रॉकेट बनाने का निर्देश मिलना बाकी है। जैसे ही हरी झंडी मिली। इसरो देश के लिए नया रॉकेट बना देगा। इसके बाद इसरो रॉकेट के मामले में अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन समेत पूरी दुनिया को और बड़ी टक्कर देगा।



### अलग-अलग वैरिएंट्स ले जाएंगे सैटेलाइट्स

इसके अलग-अलग वैरिएंट्स बनाए जाएंगे. एनजीएलवी रॉकेट्स लोअर अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) तक 17 हजार से 48 हजार किलोग्राम के पेलोड ले जा पाएंगे। जबकि जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक 8500 से 24 हजार किलोग्राम तक के पेलोड को पहुंचा पाएंगे।

### इस तरह होगा बड़ा फायदा

फायदों की बात करें तो इसरो भविष्य में इससे काफी भारी कम्यूनिकेशन सैटेलाइट्स लॉन्च कर सकेगा। क्योंकि अभी तक इसरो के पास जो भी रॉकेट हैं, वो अधिकतम 4-5 टन के सैटेलाइट ही लॉन्च कर पाते हैं। यह रीयूजेबल रॉकेट होगा। यानी इसका कुछ हिस्सा फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा।

### लॉन्चिंग होगी किफायती

सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम यानी रिफाइंड केरोसिन और लिक्विड ऑक्सीजन को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। इस ईंधन के इस्तेमाल से भी खर्चा बचेगा। ओपन सोर्सेस पर मौजूद जानकारी के मुताबिक एनजीएलवी की ऊंचाई 246 फीट होगी। इसका व्यास 16 फीट होगा। वजन 600 टन से 700 टन के बीच होगा।

## खबर संक्षेप

### अब नेपाल में भी प्रतिबंधित हुए मसाले



**नई दिल्ली।** सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच की बिक्री, खपत और आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महारजन ने कहा कि नेपाल में आयात किए जा रहे एवरेस्ट और एमडीएच ब्रांड के मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मसालों में हानिकारक केमिकल के अंश पाए जाने की खबर आने आयात पर प्रतिबंध लगा था ।

### बच्चों ने देखा संदिग्ध सेना ने की घेराबंदी



**जम्मू।** संदिग्धों के देखे जाने की सूचनाओं के बीच आम नागरिक खौफजदा हैं। कठुआ जिले के डग्गर और जुथाना गांव के बाद अब लखनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ती पुलिस पोस्ट बसंतपुर से सटे कसोरी गांव में स्कूली बच्चों ने एक संदिग्ध देखने की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए इलाके की घेराबंदी कर तलाशी शुरू कर दिया। लखनपुर के कसोरी गांव के बच्चे सुबह स्कूल जा रहे थे तो उन्होंने पहाड़ी पर एक अजनबी को देखा, जो वहां से भाग गया।

### तेल बहने से अमेरिका को अरबों का नुकसान



**मेक्सिको।** मेक्सिको की खाड़ी में अमेरिका का 40 लाख लीटर से ज्यादा तेल स्वाहा हो गया। अमेरिका को इससे अरबों रुपए का नुकसान हुआ है। तेल लुइसियाना के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक पाइपलाइन से लीक हुआ। पाइपलाइन को बंद कर दिया गया है लेकिन अमेरिका लीक के कारणों का सटीक पता लगाने में जुटा है। अबतक तेल का अंश किनारे तक नहीं पहुंचा है लेकिन समुद्री जानवरों की जान पर खतरा बन आया है। इससे कुछ तेल वाष्प बनकर हवा में उड़ हए और पानी के साथ फैलने लगे।

### हरियाणा में 57 फीसदी आरक्षण को चुनौती



**चंडीगढ़।** हरियाणा में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक होने को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका दाखिल करते हुए संस्था यूथ फॉर इक्वेलिटी ने एडवोकेट अशोक शर्मा नाभेवाला और गौरी शर्मा के माध्यम से बताया कि आरक्षण को लेकर अभी तक पीठ और पीठ तय कर चुकी हैं कि आरक्षण की कुल सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

ईरान के साथ चाबहार डील मामला

## पीएम ने इशारों में अमेरिका को बहुत कुछ कह दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में ईरान और भारत के बीच हाल ही में हुए चाबहार समझौते पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चाबहार समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा समझौता है। साथ ही चाबहार समझौते पर अमेरिका की चेतावनी पर भी पीएम मोदी ने दो टूक जवाब दिया। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा, किसी तीसरे के आधार पर नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा नैरेटिव ये था कि हम इससे इतने दूर हैं, हम उससे इतने दूर हैं। हम समान दूरी बरतते थे, हमारी डिप्लोमेटिक भाषा में यही चलता था, मैंने कहा, कुछ नहीं करना है अब... मेरी भाषा है कि हम कितने नजदीक हैं। अब दुनिया में ये प्रतिस्पर्धा शुरू हुई कि निकट कैसे जाएं इसके। पहले दूर रहने की प्रतिस्पर्धा थी, अब बदल गया। अब सब लोगों में निकट आने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। ईरान के साथ चाबहार समझौता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अब कल ईरान में बहुत बड़ा निर्णय हुआ है।

यह हिंदुस्तान के अखबारों की हेडलाइन न्यूज है। और मेरे मिनिस्टर चाहबहार ईरान में थे। चाहबहार पोर्ट का फाइनल अग्रीमेंट हुआ है, सेंट्रल एशिया से जुड़ा हुआ हमारी अर्थव्यवस्था का यह बहुत बड़ा काम हुआ है। हेडटेबल क्या होता है जी? इन सारी लड़ाइयों के बीच में मेरा चाबहार का अग्रीमेंट हो जाता है।

### चेतावनी पर पीएम की प्रतिक्रिया

पीएम मोदी ने भी अप्रत्यक्ष तरीके से अमेरिका को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी तीसरे के आधार पर अपना निर्णय नहीं करेंगे। हम निर्णय हमारे लिए करेंगे। फलाने को बुरा लगेगा तो? इससे बात करेंगे तो? जी नहीं.... मैं सबसे बात करूंगा। राष्ट्रपति पुतिन अगर मेरी भरपूर तारीफ करते हैं, इसका मतलब ये नहीं कि मैं राष्ट्रपति पुतिन को मिलकर यह नहीं कह सकता कि दिस इज नॉट टाइम फॉर वॉर (यह युद्ध का समय नहीं है)। वो भी सम्मान करेंगे कि चलिए कोई मित्र है जो यह बताता है कि क्या सही है, क्या गलत है। यूक्रेन को भी मुझ पर इतना ही भरोसा है। मुझ पर यानी भारत पर।अमेरिका और रूस के साथ बैलेंस को लेकर पीएम मोदी ने कहा- मैं मानता हूं कि ये सब तब होता है जब आपके इरादे नेक हों, आपके प्रति विश्वास हो तो चोरी छुपे और अमेरिकंस से पूछ करके नहीं करना होता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# पाकिस्तान बंद करे आतंक की फैक्ट्री भारत बिल्कुल 'बर्दाश्त' नहीं करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।

भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।

विदेश मंत्री ने इस दौरान आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि साल 2014 में ही देश ने स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे किसी भी सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगा।

### खास बातें

- दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को विदेश मंत्री ने किया संबोधित
- घटनाएं होती हैं तो नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इसके दिखेंगे परिणाम




### पाकिस्तान को बंद करना होगा आतंक

उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान अपने देश में लगातार आतंकियों को बढ़ावा दिया है। हालांकि, अगर वह इस तरह की हरकतों और अपने यहां पनपे इस उद्योग को बंद कर देता है तो भारत के लोग भी उसके साथ सामान्य पड़ोसी की ही तरह व्यवहार करेंगे।

### भारत ने 2014 में दिया था स्पष्ट निर्णय

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने 2014 में बहुत स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। देश किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के लिए सहिष्णुता बहुत कम है। घटनाएं भारत सहन बिलकुल नहीं करेंगा।

### चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल

चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां है।

### सौजन्य भेंट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से नौसेना प्रमुख(सीएनएस) एडमिरल दिनेश के.त्रिपाठी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री को वोट की प्रतिकृति भेंट की।

### नेपाल के पीएम चौथी बार देंगे बहुमत की परीक्षा



**काठमांडु।** नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी,जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे।दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है।

खुफिया जानकारी के लिए हनी ट्रैप का जाल

## नौसेना जासूसी मामले में एनआईए की रडार पर आ गए कई अधिकारी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की खुफिया जानकारियां हासिल करने के लिए भारतीय नौसेना के जवानों को हनी ट्रैप में फंसाने की साजिश रच रही है।

इससे जुड़े विशाखापत्तनम जासूसी मामले में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने मुंबई के निवासी अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आधिकारिक बयान में शुक्रवार को बताया गया कि एनआइए ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं जुटाने के लिए भारतीय नौसेना के जवानों को हनीट्रैप में फंसाने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एक प्रमुख आरोपित अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

इसमें कहा गया है कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एनआइए की विशेष अदालत में गुरुवार को शेख के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया।

### जासूसी में अब तक तीन गिरफ्तार

एनआइए ने मुंबई में पिछले साल 20 नवंबर को अमान सलीम शेख को गिरफ्तार किया था। शेख समेत मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपितों की कुल संख्या तीन हो गई है। दो फरार पाकिस्तानी गुर्गों सहित कुल चार लोगों के खिलाफ एनआइए पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। पिछले साल छह नवंबर को एनआइए ने दो अन्य आरोपितों मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अल्वेन के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था।

मुंबई समेत दुनिया के कई बड़े तटीय शहरों पर संकट

## समंदर में डूब सकता है बैंकॉक, थाईलैंड खोज रहा नई राजधानी

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

दुनिया भर के सैलानियों को अपनी ओर खींचने वाले थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक बदलनी पड़ सकती है। दरअसल, थाईलैंड की मौजूदा राजधानी बैंकॉक के जलवायु परिवर्तन की वजह से समुद्र में डूबने का खतरा बढ़ गया है। थाईलैंड के क्लाइमेट चेंज ऑफिस के अनुसार, समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक को ट्रांसफर करने पर विचार करना पड़ सकता है। पहले के कई अनुमानों में कहा गया है कि इस सदी के आखिर तक बैंकॉक के तटीय इलाकों के समुद्र में समाने का खतरा है। वैसे भी चकाचौंध वाला यह शहर बारिश के दिनों में भारी बाढ़ से जूझने लगता है।



### 2050 तक डूब सकते हैं ये शहर

क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया के ये शहर 2050 तक डूब सकते हैं। ये हैं- अमेरिका का सवाना और न्यू ऑरिलिएंस, गुएना की राजधानी जॉर्जटाउन, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक, भारत के कोलकाता और मुंबई, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी, इटली की वेनिस सिटी, इराक का बसरा, नीदरलैंड्स का एम्सटर्डम।

### क्यों हो रहा है जलवायु में बदलाव?

सना रहमान के अनुसार, जमीन के भीतर बहुत सा कॉर्बन अलग-अलग रूपों में मौजूद है। ये कॉर्बन लाखों साल से धरती में मौजूद है। इस कॉर्बन को इतने साल तक रहने की वजह से धरती ने इसे अपने सीने से लगाए रखा और उससे एक लगाव सा हो गया। यह कॉर्बन पेट्रोलियम, गैस या कोयले के रूप में मौजूद रहा। शहरों के आधुनिकीकरण और इंडसट्रियलाइजेशन की वजह से हमने धरती के भीतर के कॉर्बन को निकालना शुरू कर दिया। उस कॉर्बन को हमने इस्तेमाल के लिए गैस में बदल दिया। गैस की प्रकृति यह है कि यह कॉर्बन डाईआक्साइड के रूप में गर्मी को सोखती है। जब हमने धरती से कॉर्बन निकाल लिया तो वह गैस के रूप में गर्मी भी साथ रखता है।

### मुंबई तो 2 मिमी की दर से समुद्र में समा रही है

इटली की वेनिस सिटी में हर साल 2 मिलीमीटर भी पानी बढ़ जाएगा तो वह भी जल्दी डूब सकता है। अमेरिका के मियामी, न्यूयॉर्क जैसे तटीय शहरों पर भी यही खतरा है। आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने बीते साल एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इसके अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हर दो मिलीमीटर की दर से समुद्र में समा रही है, जिसकी बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है।इंडोनेशिया की राजधानी और देश का सबसे बड़ा शहर जकार्ता का नाम इस सूची में सबसे पहले नंबर पर है। जकार्ता की हालत ऐसी है कि यह हर साल समुद्र में 30.5 सेंटीमीटर तक समा रहा है।

300 किमी की दूरी तय करने की क्षमता

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दाग डाली बैलिस्टिक मिसाइलें



एजेंसी ▶▶ सियोल

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ओर से युद्धक विमानों से किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि पूर्वी तट वानसन क्षेत्र से लांच किए गए हथियारों ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय की।संयुक्त अभ्यास में दक्षिण कोरिया के दो एफ-35 एएस और अमेरिका के दो एफ-22 विमान शामिल हुए थे। उत्तर कोरिया की ओर से हाल के महीनों में लगातार हथियारों की टेस्टिंग जारी है। इस बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया भी क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभ्यास कर रहा है।






*स्थिति सामान्य होने तक यात्रा स्थगित करने की अपील*

# चार धाम यात्रा पर उत्तराखंड गए श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसको लेकर मध्यप्रदेश सरकार चिंतित: संस्कृति,पर्यटन मंत्री लोधी

**हेल्पलाइन नंबर** *011-26772005, 0755-2708055 एवं 0755-2708059*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तराखंड चार धाम यात्रा पर गए श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है, जाम भी लगा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना का संज्ञान लिया है। मध्यप्रदेश सरकार स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं।

संस्कृति व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि चार धाम यात्रा पर गए मप्र के तीन श्रद्धालुओं का निधन दुखद है। चार धाम यात्रा पर उत्तराखंड गए श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसको लेकर मप्र सरकार चिंतित है।



### किसी भी परेशानी में श्रद्धालु मांग सकेंगे मदद

मंत्री लोधी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की ओर से मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की अंतरिम सहायता राशि प्रदान की जाएगी। मंत्री लोधी ने कहा कि यात्रा पर गए मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 011-26772005, 0755-2708055 एवं 0755-2708059 जारी किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर श्रद्धालु सहायता के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**उत्तराखंड सरकार के संपर्क में मप्र सरकार**

मध्यप्रदेश सरकार लगातार उत्तराखंड सरकार के संपर्क में है। चार धाम यात्रा पर उत्तराखंड जाने की प्लानिंग कर रहे श्रद्धालुओं से मंत्री लोधी ने स्थिति सामान्य होने तक यात्रा की प्लानिंग स्थगित करने का आग्रह किया है।

## पद्मश्री मालती जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित कर साहित्यिक क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा



मध्यप्रदेश की प्रख्यात कथाकार पद्मश्री मालती जोशी के निधन पर संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि आधुनिक हिन्दी कहानी को एक सार्थक और नई दिशा प्रदान करने वाली मालती जोशी, देश की अग्रगण्य महिला कहानीकार हैं। जिन्होंने सरल और संवेदनशील भाषा का प्रयोग कर कहानी लेखन को पृथक आयाम दिया है। मध्यप्रदेश शासन ने मालती जोशी को समाज, परिवार और जीवन शैली में मूल्य सृजित करने के लिए राज्य स्तरीय शिखर सम्मान 2005-06 से विभूषित किया था। उन्हें राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान वर्ष 2013-14 से भी विभूषित किया था।



मध्यप्रदेश सरकार कर रही स्थिति और श्रद्धालुओं की निगरानी



मेट्रो के कमर्शियल रन को लेकर काम हुआ शुरू

# मेट्रो के 16 स्टेशनों पर खुलेंगे फूड प्लाजा, शॉप भी खुलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो के ट्रायल रन के बाद कमर्शियल रन को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। जिसके बाद आम लोगों के लिए मेट्रो शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले मेट्रो सुभाष नगर से एम्स तक चलाई जाएगी। इसके बाद करोंद तक रूट बनाया जाएगा। इन रूट के स्टेशनों को एयरपोर्ट की तरह डेवलप किया जा रहा है, जहां फूड प्लाजा सहित अन्य सामान की दुकानें भी लगाई जाएंगी। जहां से अन्य जरूरत का सामान खरीदा जा सकेगा। गुरुवार को मेट्रो के एमडी सीबी चक्रवर्ती ने एक्सपर्ट के साथ मेट्रो के काम को लेकर समीक्षा बैठक रखी और दिशा-निर्देश दिए।

मेट्रो के पहले फेस का कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स के बीच है। पांच स्टेशन रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी के सामने और एमपी नगर का काम 90 फीसदी पूरा हो गया है, जबकि डीआरएम चौराहा, एम्स और अलकापुरी में भी 70 प्रतिशत तक का काम हो गया है। मेट्रो कारपोरेशन के अफसरों का कहना है कि स्टेशन काफी बड़े दायरे में बने हैं। ऐसे में यहां फूड प्लाजा, बैंकों के एटीएम के साथ शॉप के लिए भी जगह है।

### एमडी चक्रवर्ती ने एक्सपर्ट के साथ समीक्षा बैठक में प्लानिंग बनाने को कहा

*सुभाष नगर, केंद्रीय स्कूल, डीबी के सामने व एमपी नगर का 90 फीसदी और डीआरएम चौराहा, एम्स, अलकापुरी में काम 70 प्रतिशत तक हुआ पूरा*

### जुलाई में शुरू होगा दूसरे रूट का काम



मेट्रो के दूसरे फेज का काम जुलाई में शुरू होगा। सुभाष नगर से करोंद के बीच 8.77 किलोमीटर लाइन को बिछाने में 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें 3.39 किमी लंबा अंडरग्राउंड रूट रहेगा। जिसमें 2 मेट्रो स्टेशन भी बनेंगे। वहीं, 6 स्टेशन जमीन के ऊपर बनेंगे। यहां के लिए भी अभी से प्लान तैयार किया जा रहा है।

### अब तक राजधानी आईं पांच मेट्रो

गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से भोपाल में कुल 5 मेट्रो आ चुकी है। एक मेट्रो अक्टूबर में आई थी। वहीं, फरवरी में दो ट्रेन आई थीं। मार्च में भी 2 मेट्रो भोपाल पहुंची। 6 बड़े ट्रॉलों में सभी कुल 15 कोच लाए गए थे। इसके बाद इनकी मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर टेस्टिंग भी शुरू कर दी गई थी। हर दूसरे दिन ट्रैक पर टेस्टिंग की जा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा सहित मंत्रियों ने किया नमन

# जयविलास पैलेस से शुरू होकर छतरी पहुंची अंतिम यात्रा, राजमाता के चरणों में अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ग्वालियर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया की पार्थिव देह के दर्शन कर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को ग्वालियर पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया की पार्थिव देह के दर्शन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं अंत्येष्टि में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य की माता माधवी राजे सिंधिया के अंतिम दर्शन करने पहुंचे भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता*

**खास बातें**

- डॉ. यादव और वीडी ने सिंधिया परिवार को बंधाया ढांढस
- शर्मा ने कहा- इस दुख की घड़ी में हम सब और भाजपा सिंधिया परिवार के साथ खड़े हैं





**श्रीचरणों में अर्पित किए श्रद्धासुमन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मैंने राजमाता माधवी राजे सिंधिया के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मैं अपनी ओर से और राज्य शासन की ओर से शोक व्यक्त करता हूं। भगवान महाकाल से प्रार्थना है कि माधवी राजे सिंधिया को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें।



### मध्यप्रदेश के लिए यह अपूर्णनीय क्षति: विष्णुदत्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मैं स्नेहमयी राजमाता के चरणों में अपने श्रद्धा के सुमन अर्पित करता हूं। माधवी राजे सिंधिया का जाना पूरे मध्यप्रदेश के लिए अपूर्णनीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में हम सब और भाजपा सिंधिया परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि राजमाता को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### यह मंत्री, भाजपा पदाधिकारी अंतिम यात्रा में हुए शामिल

माधवी राजे सिंधिया की अंतिम यात्रा जयविलास पैलेस से शुरू होकर जीवाजी क्लब, अचलेश्वर होते हुए छतरी पहुंची। अंतिम यात्रा में प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता जयभान सिंह पवैया, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सुरेश पचौरी सहित सांसद, विधायक, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष कार्यकर्ता शामिल हुए।

चुनाव आयोग को लिखा पत्र

# कांग्रेस ने की आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिख कर कहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को हरियाणा के लोकसभा क्षेत्र गुडगांव के रेवाड़ी जिले के कौसली कस्बा में प्रचार करने पहुंचे थे।

जहां उन्होंने वोट मांगते हुए कांग्रेस पार्टी के लोगों के लिए विवादित शब्दों का उपयोग कर आपत्तिजनक, अशोभनीय और अमर्यादित आचरण किया है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस तरह की जनभावनाओं पर ठेस पहुंचाने वाली भाषा चुनाव आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांग की है कि धर्म के नाम पर वोट मांगने और कांग्रेसजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का उपयोग करने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाई जानी चाहिए।

कांग्रेस कार्यालय में वास्तुदोष के मामले पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा-

# ये कोई वास्तु दोष नहीं, कांग्रेस पार्टी की नियत का खोट है: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कांग्रेस कार्यालय में वास्तुदोष के मामले पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है। अग्रवाल ने कहा कि निकम्मी, नाकारा, नेतृत्वहीन कांग्रेस को लोकसभा चुनाव रूझान के बाद अपने कार्यालय में वास्तुदोष नजर आ रहा है। अब जीतू पटवारी को हार का ठीकरा फोड़ने के लिए कोई ना कोई दोष तो निकालना ही पड़ेगा, लेकिन जनता जानती है कि ये कोई वास्तु दोष नहीं, कांग्रेस की नियत का खोट है। अग्रवाल ने कहा कि रूझान बता रहे हैं कि इस बार प्रदेश से कांग्रेस का सफाया हो रहा है।

### आदिवासियों को अपमानित करती है कांग्रेस: आशीष

अग्रवाल ने कहा कि जो कांग्रेस, किसानों का कर्जमाफ नहीं करती, आदिवासियों को अपमानित करती है, महिलाओं में रस ढूंढती है। युवाओं को निकम्मा कहती है, परिवारवाद, वशंवाद तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति करती है, उस कांग्रेस के हार का ठीकरा इस बार ईवीएम के साथ वास्तुदोष पर भी फूटने वाला है।

दीवार के पीछे कचरा मिलने पर दारोगा को थमाया नोटिस

# यूनियन कार्बाइड दीवार की मरम्मत होगी, गंदगी देख भड़के कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने शहर के जेपी नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की बाउंड्रीवॉल के पीछे बड़ी मात्रा में कचरे का ढेर लगा हुआ था। यह देखकर नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण नाराज हो गए और दारोगा को कारण बताओ नोटिस दिया।

पिछले दिनों फैक्ट्री में आग लगने के बाद निगमायुक्त ने यूनियन कार्बाइड परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई को देखा और बाउंड्रीवॉल की मरम्मत करने और कचरा हटाने के निर्देश दिए।



### शहर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया

शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने आयुक्त ने गुरुवार को जेपी नगर, यूनियन कार्बाइड, विश्वकर्मा नगर, 80 फिट रोड, आरिफ नगर ब्रिज, पुट्ठा मिल, नादरा बस स्टैंड आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने दारोगा मनोज टांक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अपनी टीम बनाने और संगठन को मजबूत करने सक्रिय

*जीतू ने कहा-कुछ मौकापरस्तों का बदलने लगा है मन*

# दलबदल रोक पाने में असफल जीतू की झलकी पीड़ा लिखा- इनके प्रति मेरी सहानुभूति, मदद करे ईश्वर

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश में लोकसभा चुनाव से निबटने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी टीम गठित करने और संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हो गए हैं।

एक्स पर लिखी उनकी एक टिप्पणी से यह भी साफ है कि चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने से वे दुखी हैं। किसी का नाम लिखे बगैर उन्होंने कहा है कि दलबदल करने वाले इन मौकापरस्तों में से कई का मन बदलने लगा है। पटवारी ने सहानुभूति प्रदर्शित करते हुए कहा है कि यदि वास्तव में ये राजनीति को सेवा का जरिया मानते हैं तो ईश्वर इनकी मदद करे।

*लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में बड़ी तादाद में भगदड़ देखने को मिली। सुरेश पचौरी जैसे वरिष्ठ नेता और तीन-तीन विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए*

### 01 गुमनामी में चला गया कई का सियासी सफर

#### जीतू की असफलता से जुड़ गई भगदड़

लोकसभा चुनाव के नतीजे बाद में आएंगे, लेकिन चुनाव के दौरान कांग्रेस में जिस बड़ी तादाद में भगदड़ देखने को मिली। वह जीतू पटवारी की असफलता से जुड़ गई। सुरेश पचौरी जैसे वरिष्ठ नेता और तीन-तीन विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रमुख डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पार्टी में आने वाले नेताओं, कार्यकर्ताओं की संख्या लाखों में बताई। यह बात अलग है कि मांग के बावजूद यह सूची जारी नहीं की गई। लेकिन बड़ी तादाद में नामी नेताओं ने पार्टी छोड़ी और लगभग हर रोज भाजपा का गमछा पहनते नजर आए। कांग्रेस की यह भगदड़ पटवारी के लिए इसलिए भी बड़ी है क्योंकि इतनी तादाद में हर स्तर के नेताओं ने कांग्रेस को कभी अलविदा नहीं कहा था।



### 02 कमलनाथ भी नहीं बचा पाए थे अपनी सरकार

#### कमलनाथ के माथे भी असफलता

कमलनाथ के प्रदेश अध्यक्ष रहते इस तरह की भगदड़ की उम्मीद नहीं थी। वरिष्ठता के कारण नेता उनका सम्मान करते थे जबकि जीतू पटवारी की नेताओं में पकड़ ही नहीं है। उन्हें कोई प्रदेश अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसका मतलब यह भी कतई नहीं की कमलनाथ अपने कार्यकाल में सफल रहे। उनकी सबसे बड़ी असफलता तो यही है कि इतने लंबे समय बाद प्रदेश की सत्ता में आई अपनी कांग्रेस सरकार को ही बचा कर नहीं रख पाए। कमलनाथ मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष दोनों थे, तब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायक कांग्रेस छोड़ गए और भाजपा ने सत्ता में वापसी कर ली। बाद में कुछ और विधायकों ने भी पार्टी छोड़ी। कमलनाथ सिंधिया को साध लेते तो संभवतः वे मुख्यमंत्री बन रहते।

### 35 में सिर्फ 9 विधायक, 4 मंत्री, शेष गुमनामी में

पटवारी ने एक्स पर यह बात सच लिखी कि 10 सालों में 35 कांग्रेसी विधायकों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा, लेकिन उसमें से 22 नेताओं का सियासी सफर लगभग गुमनामी में चला गया है। ज्यादातर नेता या तो चुनाव हार गए या फिर उन्हें टिकट ही नहीं मिला। इन 35 नेताओं में फिलहाल 9 ही विधायक हैं और उनमें से भी केवल 4 ही मंत्री। पटवारी ने लिखा है कि भाजपा भय और लालच के दम पर विपक्ष को खत्म करना चाहती है। डरे हुए कुछ मौकापरस्त मन बदल भी रहे हैं। लेकिन, उनकी स्थिति जनता भी देख-समझ रही है। कभी मित्र, साथी, सहयोगी रहे ऐसे चेहरों के प्रति मेरी पूरी सहानुभूति है! यह दिली इच्छा भी है कि यदि वे राजनीति को जनसेवा का जरिया मानते हों, तो ईश्वर उनकी मदद करे। बता दें कि सिंधिया समर्थक विधायकों तक की स्थिति यह है कि पिछली बार भाजपा ने उनके समर्थक तीन मंत्रियों के टिकट काट दिए थे। सिंधिया के साथ गए 19 विधायकों में से आज सिर्फ 6 विधायक हैं और 3 मंत्री। हालांकि सिंधिया की सेहत पर ज्यादा असर इसलिए नहीं है क्योंकि वे लगातार केंद्रीय मंत्री बने हुए हैं पर समर्थकों का उन पर से भरोसा तो उठ रहा है।

## राजगढ़ को लेकर जारी की जानकारी

# ईवीएम एसएलयू कार्य में निर्देशों का कड़ाई से पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-राजगढ़ को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजगढ़ हर्ष दीक्षित ने जानकारी जारी की है। दीक्षित ने कहा कि संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की 5 विधानसभा खण्ड (160-नरसिंहगढ़, 161-ब्यावरा, 162-राजगढ़, 163-खिलचीपुर एवं 164-सारंगपुर) में इंजीनियरों ने एसएलयू के माध्यम से सिंबल लोडिंग एवं कमिशनिंग का कार्य 1 मई 2024 के पूर्व किया जा चुका था।

1 मई को या इसके बाद कमिशनिंग का कार्य पूर्ण होने पर इंजीनियर के साथ प्राप्त हुई एसएलयू को डीईओ के द्वारा एक अलग से स्ट्रांग रूम में 45 दिनों तक रखे जाना, एवं जिन विधानसभा सेगमेन्ट की कमिशनिंग का कार्य 1 मई के पहले पूर्ण हो चुका है उन विधानसभा खण्ड को आवंटित एसएलयू को मतदान के दूसरे दिन पुनः बीईएल के इंजीनियर को दिए जाने के आयोग के निर्देश हैं।

### कोई कोताही नहीं बरती गई

कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि राजगढ़ जिले की पांचों विधानसभा खण्ड की कमिशननिंग एवं सिंबल लोडिंग यूनिट का कार्य 1 मई के पूर्व पूर्ण हो जाने के कारण आयोग के निर्देश के अनुरूप उपयोग किए गए 5 एवं उपयोग नहीं किए गए 5 इस प्रकार कुल 10 एसएलयू से आए इंजीनियरों को मतदान के दूसरे दिन पुनः सौंप दी गई हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किया गया है एवं उसमें किसी प्रकार की कोई कोताही नही बरती गई है।

### जेएमएफसी कोर्ट ने महिला व परिवार के सदस्यों को किया दोषमुक्त

## बिना तलाक दूसरे विवाह की साजिश का आरोप नहीं हुआ साबित

जबलपुर।

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मृणाल मोहित की अदालत ने पति से तलाक लिए बिना पत्नी द्वारा स्वजनों के साथ साजिश रचकर दूसरा विवाह करने का आरोप साबित नहीं पाया। इसी के साथ पत्नी व उसके स्वजनों को दोषमुक्त कर दिया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपित महिला की ओर से अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उनकी पक्षकार व स्वजनों ने कोई अपराध नहीं किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आइपीसी की धारा-494 के तहत द्विविवाह का अपराध पूरी तरह से दोषी पति या पत्नी के विरुद्ध लागू नहीं होता। इस तरह के प्रकरणों में परिवार के सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा भी नहीं बनता। इसके बावजूद शिकायकर्ता ने अपना विवाह न बचा पाने की सूरत में पत्नी व परिवार के सदस्यों पर दोषारोपण करने की गलती की है। लिहाजा, इस मामले में ठोस सबूतों की कमी और विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए संदेह के लाभ का सिद्धांत लागू किया जाना चाहिए। एक आपराधिक मुकदमे में उचित संदेह से परे अपराध साबित करने के लिए सबूतों का भार अभियोजन पक्ष पर होता है। चूंकि शिकायतकर्ता ने आरोपितों को कथित अपराध के निर्णायक के रूप में सिद्ध करने के लिए पर्याप्त सबूत उपलब्ध नहीं कराए, अतः उन्हें संदेह का लाभ दिया जाना न्यायसंगत होगा। अदालत ने इस तर्क से सहमत होकर महिला व उसके परिवार के सदस्यों के हक में आदेश पारित करते हुए दोषमुक्त कर दिया।

## हाई कोर्ट ने जेडीए सहित अन्य से मांगा जवाब



### अधिग्रहित जमीन में विकास नहीं कराने का मामला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक याचिका के जरिये आरोप लगाया गया है कि जबलपुर विकास प्राधिकरण ने हाथीताल में खसरा नंबर 132 क्षेत्रफल 4.80 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी, लेकिन अभी तक उसमें विकास नहीं कराया है। न्यायमूर्ति आनंद पाठक की एकलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद जेडीए व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी गीता श्रीवास्तव की ओर से दलील दी गई कि जेडीए ने वर्ष 1980 में उक्त जमीन अधिग्रहीत की थी। इसके बाद जेडीए ने 1983 में ब्रम्हपुरी प्राइवेट सोसाइटी हाथीताल को यह जमीन दी थी। शर्त रखी गई थी कि दो वर्ष के अंदर प्लाट विकसित करना है। सोसायटी ने यह नहीं किया। इस पर जेडीए ने एग्रीमेंट निरस्त कर दिया। सोसायटी के आरपी दुबे व परितोष जैन ने हाई कोर्ट में 2004 में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने याचिका निरस्त करके याचिकाकर्ता की जमीन को उक्त सोसायटी को देना गलत माना था और जेडीए पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। इसके बाद से याचिकाकर्ता लगातार कोर्ट में याचिकाएं दायर कर रही है। इसके बावजूद उसे जमीन वापस नहीं की गई। इसलिए अब नए तरीके से याचिका दायर कर मांग की गई है कि याचिकाकर्ता को उसकी जमीन वापस दिलाई जाए।

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले वृद्ध को जमानत नहीं

अपर सत्र न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता की अदालत कुल्हाड़ी से युवक पर हमला करने के आरोपित भेड़ाघाट निवासी वृद्ध शोभाराम गोस्वामी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने पांच अप्रैल, 2024 को रात आठ बजे आरोपित ने गोपाल बर्मन नामक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। पहले उसने गाली-गलौच की और फिर हमला कर दिया। इसकी वजह पुरानी रंजिश थी। हमले के चलते गोपाल बुरी तरह आहत हो गया। लिहाजा, इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं दूसरी ओर भेड़ाघाट थाने में अपराध पंजीबद्ध कराया गया।



## कलेक्टर-एसपी ने ली जांच दल में शामिल अधिकारियों की बैठक

जबलपुर।

जिले में संचालित होटल, रेस्टारेण्ट, निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम, पेट्रोल पम्प गैस वितरण ऐजेन्सी, मेडीकल स्टोर्स जैसी सभी व्यावसायिक इकाईयों, राशन दुकानों, शैक्षणिक संस्थानों, कृषि आदान विक्रय प्रतिष्ठानों तथा औद्योगिक इकाईयों में नियामक नियमों का पालन कराने जल्दी ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गठित दलों द्वारा इनकी जांच की जायेगी। सप्ताह के सातो दिन के लिए अलग-अलग गठित इन दलों में स्वास्थ्य, खाद्य एवं औषधि प्रशासंन, खाद्य, नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण मंडल, उद्योग, कोषालय, शिक्षा, विद्युत, आबकारी, खनिज, नापतौल एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। सभी सात दलों में शामिल इन अधिकारियों को आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गई बैठक में कार्यवाहियों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर नाथूराम गौड भी उपस्थित थे।बैठक में स्पष्ट किया गया कि विभिन्न संस्थानों तथा व्यावसायिक एवं औद्योगिक इकाईयां की जांच का मुख्य उद्देश्य व्यापक जनहित में नियम, कायदे, कानून का पालन कराना और व्यवस्थाओं में सुधार लाना है। बैठक में जांच दलों के शामिल अधिकारियों से भी कहा गया कि उन्हें व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों और औद्योगिक इकाईयों की जांच नियमों के दायरे में ही रहकर करनी है। जांच के दौरान उन्हें ध्यान रखना होगा कि इससे किसी को परेशानी न हो तथा व्यवसाय या इकाईयों के संचालन में रूकावट न हो। जहां भी नियामक नियमों का उल्लंघन पाया जाये वहां वैधानिक प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करनी है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में कहा कि कार्यवाही के पहले जांच दलों को पूरी प्लानिंग करनी होगी। जिस संस्थान की जांच की जानी है उससे संबंधित नियमों और प्रावधानों का गहराई से अध्ययन करना होगा। उन्होंने जांच की कार्यवाही में पूरी पारदर्शिता बरतने की हिदायत भी दी। कलेक्टर ने साफ किया कि जांच दल रोस्टर के मुताबिक तय दिन पर किसी भी क्षेत्र में जाकर जांच कर सकेंगे। उनके लिये क्षेत्र या सीमा का कोई बंधन नहीं है। शहरी क्षेत्र की टीमें ग्रामीण क्षेत्र में और ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों के दल शहरी क्षेत्र में जाकर जांच कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चुंकि जांच का हमारा उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं का समाधान करना है। इसलिये अधिकारियों को कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार के दबाव में आने की जरूरत नहीं है।

**एसडीएम और सीएसपी के नेतृत्व में सप्ताह के सातों दिन के लिये अलग-अलग दल गठित**

## अवैध रेत से भरी दो टैक्टर ट्राली जब्त

जबलपुर। गोसलपुर थाना अतंर्गत ग्राम टंगवा में टैक्टर ट्राली में अवैध रुप से रेत लेड कर ले जा रहे दो टैक्टर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रेत से भरी दो ट्रालिया जब्त कर ली है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि ग्राम टंगवा गोसलपुर निवासी 19 वर्षीय सौरभ दाहिया बिना नंबर की टैक्टर ट्राली में और ग्राम गोरहा थाना सिहोरा निवासी 21 वर्षीय दीपक कोल टैक्टर क्रमांक जेड डी 4690 में देर रात चोरी की रेत भरकर परिवहन कर ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्राम टंगवा में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से रेत से भरी दो टैक्टर ट्राली जब्त कर ली है। दोनों चालकों के पास रेत की कोई रायल्टी व कागजात नहीं पाए गए। पूछताछ करने पर सौरभ दाहिया ने ग्राम आलगोड़ा निवासी टैक्टर मालिक मन राजपूत और दीपक कोल ने टैक्टर मालिक अनिल माझी के कहने पर टैक्टर ट्राली में रेत लोड करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियें के विरूद्ध 379, 414, तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से 2 घायल

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत बरौची मंदिर के पास एक बाईक एक युवक को ओवर टेक करते हुए सामने जा रही एक बाईक को टक्कर मार दी, टक्कर लगने से बाईक में सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोराबाजार निवासी 30 वर्षीय विक्की जायसवाल गत शाम लगभग 6 बजे धोबीघाट से अपने घर जा रहा था तभी बरौची मंदिर के पास एक बाईक क्रमांक एमपी 34 जेडबी 6724 के चालक ने उसे ओवरटेक करते हुए सामने से जा रही बाईक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक में सवार किशन कुशवाहा और खिल्लू अहिरवार दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। विक्की जायसवाल ने आटो से दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### ऊंची ऊंची इमरातों में टंगे विशालकाय होर्डिंग

## गोरखपुर से गोहलपुर तक लगे हैं अवैध होर्डिंग

जबलपुर।

मुम्बई में हुए खौफनाक होर्डिंग हादसे से जिला प्रशासन और विशेषकर नगर निगम प्रशासन ने क्या और कितना सबक लिया आज यह सबसे बड़ा सवाल है। गोरखपुर से लेकर गोहलपुर और सदर से लेकर मेडिकल तक हर जगह ऊंची ऊंची इमरातों में विशालकाय होर्डिंग टंगे हुये हैं। इनमें से कितने अनुमति लेकर लगे हैं, कितनों में सुरक्षा के इंतेजाम हैं किसी को नहीं पता है। कई बार शहर में इन होर्डिंग्स के गिरने से हादसे की स्थिति बनी, लेकिन निगम प्रशासन ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके नतीजा है शहर में होने वाले अंधड़ तूफान में यह होर्डिंग झूलते नजर आते हैं। मुंबई में होर्डिंग गिरने से 14 लोगों की जान चली गई, बावजूद इसके जबलपुर प्रशासन व नगर निगम के अधिकारी होर्डिंग को लेकर सचेत नहीं हो रहे हैं। शहर में नियम -कायदों को ताक पर रखकर ऊंचाई पर, विद्युत पोल के ऊपर तक लगाई गई होर्डिंग और यूनीपोल जानलेवा साबित हो सकते हैं। शहर में अधिकांश जगह बिना नगर निगम की अनुमति के भी होर्डेग, यूनीपोल लगाए गए हैं। होर्डिंग एर्जेसियों की इस मनमानी पर नगर निगम रोक लगा पाने नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि होर्डिंग एर्जेसियों को नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। यही कारण है कि नगर निगम ने तो करीब लगभग 43 होर्डिंग, यूनीपोल लगाने की अनुमति दी है लेकिन शहर में हर कहीं होर्डिंग व यूनीपोल नजर आ रहे हैं।

**मुम्बई हादसे के बाद भी नहीं चेत रहा प्रशासन**




### होर्डिंग के उड़ गये चिथड़े

इसी की एक बानगी गोहलपुर में भी सामने आई, जहां गत दिवस आंधी में ऊंचाई पर लगी एक यूनिपोल को क्षतिग्रस्त हो गई। 35 से 40 किमी की आंधी से यूनीपोल में लगा विज्ञापन के चिथड़े उड़ गए। मुंबई की घटना से सहमे आस-पास के रहवासी व दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। उनका कहना है कि नगर निगम द्वारा ऊंचाई पर मानकों को दरकिनार कर होर्डिंग, यूनीपोल लगाने की अनुमति दे रहा है लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे।

### होर्डिंग का सेफ्टी आडिट हो

गौरतलब है कि मुंबई में होर्डिंग गिरने से जबलपुर निवासी मनोज चंसोरिया एवं उनकी पत्नी की अकस्मिक मृत्यु हो गई। जबलपुर में भी इस तरह की घटना न हो इसके लिए जबलपुर में लगे सभी बिलबोर्ड (होर्डिंग) का सेफ्टी आडिट किया जाना अतिआवश्यक है। जबलपुर चेम्बर आफ कामर्स ने भी शहर में लगे अवैध होर्डिंग, यूनीपोल को लेकर दुर्घटना की संभावना जताई है।

## शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाए

**जबलपुर।** न्यायाालय संभागायुक्त ने जिला दंडाधिकारी के आदेश को अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया। इसी के साथ अपीलार्थी के शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण का आदेश पारित कर दिया। अपीलार्थी भालदारपुरा, सराफा रोड निवासी सुनील कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलार्थी की रिवाल्वर का लाइसेंस आठ अक्टूबर, 2023 तक नवीनीकृत था। लिहाजा, आगे के नवीनीकरण के लिए जिला दंडाधिकारी के समक्ष आवेदन पत्र, रजिस्ट्रेशन क्रमांक सहित प्रस्तुत किया गया। जिला दंडाधिकारी कोर्ट ने अपीलार्थी के विरुद्ध कोतवाली थाने में दर्ज अपराध के निराकरण की प्रति अप्राप्त होने के आधार पर आवेदन निरस्त कर दिया गया। चूंकि जिला दंडाधिकारी ने संबंधित थाने से दांडिक प्रकरण की जानकारी तलब करने की जेहमत नहीं उठाई और आवेदक को सुनवाई का समुचित अवसर नहीं दिया, अतः उनका आदेश चुनौती के योग्य है। न्यायालय संभागायुक्त ने मांग मंजूर कर ली।

## रोड किनारे खड़े युवक की बाईक की टक्कर से मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत ग्राम डूंडी के पास रोड किनारे खड़े होकर बात कर रहे एक युवक को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे युवक के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आ गई और युवकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्राआवास कालोनी मानेगांव रांझी निवासी 22 वर्षीय राजेश सिंह मनेरी फैक्ट्री से काम कर घर आते समय ग्राम डूंडी के पास रोड किनारे खड़े होकर बात कर रहा था, तभी जबलपुर की ओर से आ रही बाईक क्रमांक एमी 20 एमजेड 1519 के चालक ने राजेश सिंह को टक्कर मार दी, जिससे राजेश के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आ गई। राजेश के साथी ने राजेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से एंबुलेंस से नागपुर ले जाते समय राजेश सिंह की मौत हो गई।

## विक्टोरिया अस्पताल में टीबी मरीजों को नहीं मिल रही दवाई

जबलपुर।

विक्टोरिया जिला अस्पताल में टीबी के मरीजों के लिये दवाईया उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। अस्पताल के दवा भंडार में दवाईयां नहीं होने के कारण टीबी के पीड़ित मरीजों को महीनों से दवा नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में टीबी मरीजों के लिये दवा की कमी से एवं दवाईयों में गैप करके लेने से उनकी समस्या और बढ़ रही है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी व सदस्य राजीव कुमार टंडन ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, आयुक्त/संचालक स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. शासन संचालनालय भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।



## कृषि भूमि में अवैध खनन पर जवाब तलब

**जबलपुर।** व्यवहार न्यायाधीश किशन देव सिंह पटेल की अदालत ने कृषि भूमि में अवैध खनन के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में ग्राम पंचायत, घाना, तिलवारा के सरपंचपरम पटेल, उप सरपंच रवि पटेल व सचिव अनिल चौबे को नोटिस जारी किए गए हैं। वादी जबलपुर निवासी सरिता पृथ्यानी, मीना टेकचंदानी, महेश पृथ्यानी व रेखा टेकचंदानी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिस कृषि भूमि पर मनमाने तरीके से अवैध खनन किया जा रहा है, वह मूलतः कृषि भूमि है। जिसका स्वामित्व वादियों के पास है। इस संबंध में सभी दस्तावेज उपलब्ध हैं। विरोध करने पर अवैध खनन करने वालों ने धमकाते हुए कहा कि शासन-प्रशासन में हमारी पहुंच है। विरोध करने का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। खनन एक बार शुरू हो गया तो अब रुकेगा नहीं। पुलिस में शिकायत करो या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाओ, हम मानने वाले नहीं। इसी तानाशाही के विरुद्ध वाद दायर करना पड़ा है।

**सरपंच व सचिव सहित अन्य को नोटिस**

### तिलवारा चरगवां मोड़ पर घंटों लगा जाम

## बेलगाम ट्रक ने एक को रौंदा, तीन घायल

जबलपुर।

तिलवारा पुल के आगे चगवां मोड़ पर उस समय हाहाकार की स्थिति बन गई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक बेलगाम हो गया। पहले ट्रक ने शासकीय वाहन को टक्कर मारी, फिर एक बाईक सवार को अपनी चपेट में लिया, अंत में पलट गया। घटना में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, तीन लोग घायल हो गये। वहीं नेशनल हाईवे कई घंटे जाम रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया, घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भेजा। मामले की जांच शुरु कर दी। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ट्रक में मैदा की बोरियां भरकर ल जा रहा था। ट्रक जोधपुर पड़ाव के पास पहुंचा, वहां उसने बिजली विभाग के शासकीय वाहन बोलेरो क्रमांक एमपी 20 जेडडी 2997 को टक्कर मारी और फिर पलट गया। हादसे में बोलेरो सवार और ट्रक चालक को तो बच गये, लेकिन आसपास चल रहे बाइक सवार और एक्टिवा सवार इनकी चपेट में आ गये। बाइक सवार रवि झारिया निवासी निगरी की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसडब्ल्यू 8533 में सवार युवक-युवती घायल हो गये।





क्रेन बुलवाकर हटवाया ट्रक

घटना के बाद बीच रोड पर ट्रक और मैदा की बोरियां पड़ी रहीं। जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहा। मौके पर क्रेन बुलवाकर पहले तो ट्रक को वहां से हटवाया फिर मैदा की बोरियां भी वहां से अलग कराई। सड़क पूरी तरह साफ होने तक यातायात बाधित रहा।

## मध्यस्थता से पति-पत्नी के बीच खत्म हुआ पुराना विवाद


**जबलपुर।** वैकल्पिक न्याय-प्रणाली मध्यस्थता के कारण पति-पत्नी के बीच पुराना विवाद खत्म हो गया। इसी के साथ दंपति को मुकदमेबाजी से निजात मिल गई। दोनों राजी-खुशी एक साथ घर लौट गए।

दरअसल, 1987 में विवाह हुआ था, जिसके बाद से निरंतर संदेह, अविश्वास, दोषारोपण, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण संबंधी समस्याएं पैदा हो गई थीं। व्यथित पत्नी ने थाना बेलबाग में शिकायत दर्ज कराई थी। थाने से यह मामला कार्यालय प्रशास, वन स्टाप सेंटर, सखी, महिला बाल विकास विभाग भेजा गया। वहां पूरे मामले को समझने के बाद पत्नी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाने का सुझाव दिया गया। लिहाजा, उसने ऐसा ही किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के सचिव जिला न्यायाधीश अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने महिला की समस्या पूछी। उसने बताया कि 1987 में शादी के बाद कोई संतान न होने के कारण एक दशक पूर्व पति ने दूसरी महिला को रख लिया थ। साथ ही मारपीट करने लगा। खाना-खर्चा तक नहीं दिया गया। यहां तक कि घर से बाहर कर दिया गया। इसीलिए वह वर्तमान में स्वधार गृह में रहने विवश है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मामले को मध्यस्थता के जरिये निराकृत करने का निर्णय लिया। प्रकरण दर्ज कर अनावेदक पति को तलब किया। शुक्रवार को पति-पत्नी को एक साथ बैठाकर समझाइश दी गई। दोनों को पृथक-पृथक भी सुना गया। समझाइश का यह असर हुआ कि दोनों पुरानी खटास खत्म दांपत्य जीवन जीने तैयार हो गए। दोनों ने मधुर स्मृतियों के साथ जीने का संकल्प लिया और कटुता को भुला दिया।

**दपंति को मुकदमेबाजी से मिल गई निजात**

### पाटन के पवईधाम अमरपुर में श्री शिवसमाराधन महायज्ञ प्रारंभ

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का अथाह भंडार : देवकीनंदन ठाकुर





**जबलपुर।** जब जीव के जन्मजन्मांतर के पुण्यों का उदय होता है, तब उसे भागवत कथा के श्रवण का सौभाग्य मिलता है। भागवत कथा ज्ञान का अथाह भंडार है, जिसकी कोई सीमा नहीं है। यह विचार वृंदावन से पधारे विश्व विख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने पाटन के पवई धाम में श्री शिवसमाराध महायज्ञ के दौरान आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में वह विज्ञान है, जिसकी खोज आज का विज्ञान नहीं कर पाया है। भागवत जी में भूगोल, खगोल, अंतरिक्ष, तीर्थ, वनस्पतियों का वर्णन है।

कथा व्यास देवकी नंदन ठाकुर जी ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से जीव के अंदर ज्ञान, भक्ति और वैराग्य जागृत होते हैं। बिना भक्ति के मनुष्य का जीवन शून्य होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत के श्रवण से धुंधकारी जैसे पापाचारी का भी उद्धार हो गया। इसलिए सभी को भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को भागवत कथा में लाने का आग्रह भी किया। व्यासपीठ का पूजन मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, आयोजन अध्यक्ष हरिकृष्ण पचौरी, कोषाध्यक्ष श्याम मनोहर पचौरी, आयोजन प्रभारी सर्वेश पटेल, यज्ञ यजजमान राकेश पाण्डे बाम्बे, डॉ राजेश पचौरी ने किया। कथा के पूर्व आयोजक महेन्द्रानंद महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि संसार में सबसे दुर्लभ भगवान की कथा है। वह व्यक्ति सबसे बड़ा दानी होता है, जो भागवत कथा का दान करता है। गोपियों ने भी कहा है कि वही सबसे बड़ा दान है जो भक्ति का दान करते हैं। महेन्द्रानंद महाराज ने सभी से आयोजन में शामिल होने की अपील भी की।

#### अग्नि स्थापना से यज्ञ प्रारंभ

पवईधाम में शुभ मुहूर्त पर अग्नि स्थापना के साथ श्री शिवसमाराधन महायज्ञ आरंभ हुआ। इस सौ से भी अधिक यजमानों ने आहुति दी। यज्ञ के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। यज्ञ स्थल पर मेले जैसा नजारा रहा। पहले दिन भी श्रद्धालुओं की संख्या इतनी रही कि पैर रखने तक की जगह नहीं रही। बड़ी संख्या में लोगों ने प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन कर हनुमान जी महाराज के जयकारे लगाए।

#### शोभायात्रा निकली, गूँजे जयकारे

कथा के पूर्व दोपहर में एमआरफोर रोड स्थित शेखर राजा सराफ के निवास से कथाव्यास देवकी नंदन ठाकुर महाराज के सान्निध्य में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का नुनसर, जरोंद सहित उड़ना में ब्रजेश बादल,मुकुल पचौरी,राजेंद्र श्रुति कान्हा ने भी स्वागत किया अन्य ग्रामों में भी जोरदार स्वागत हुआ। यात्रा सीधे पाटन पहुँची, जहाँ उदयभान सिंह ठाकुर के नेतृत्व में राकेश सिंह ठाकुर, आनंद मोहन पलहा, सचिन गुरु, संजय गुरु सहित अन्य ने भव्य स्वागत किया। पाटन भ्रमण के बाद शोभायात्रा पथौरा होते हुए कथा स्थल पहुँची।

### ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

# केनरा बैंक में करोड़ों के लोन का फर्जीवाड़ा उजागर

केनरा बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर फर्जी तरीके से लोन पास कर दिया और बैंक को करोड़ों का चूना लगा दिया। जिसके केनरा बैंक के असिस्टेंट जनरल मैनेजर की शिकायत के बाद ईओडब्लयू ने मामले को जांच में लिया।




**जबलपुर।** अब इस मामले में ईओडब्ल्यू शिकायत जांच के उपरांत धारा 409, 420, 467, 468,471, 120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धारा 7 सी के तहत अपराध पंजीबध किया है। एसपी ईओडबल्यू आरडी भारद्वाज ने बताया कि गणेश चन्द्र सरकार असिस्टेंट जनरल मैनेजर केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर ने शिकायत में सुनील कुमार दुबे केनरा बैंक शाखा गोटेगांव निवासी एनसीएल सिंगरौली, मनिराज पटेल शाखा प्रबंधक केनरा बैंक शाखा गोटेगांव निवासी इंदौर, गिरीश कुम्भारे प्रबंधक केनरा बैंक शाखा गोटेगांव निवासी भोपाल,राहुल लोखारे प्रोवेशनरी ऑफिसर केनरा बैंक शाखा गोटेगांव निवासी मुरैना द्वारा वर्ष 2020-2021 में केनरा बैंक की गोटेगांव शाखा जिला नरसिंहपुर में 297 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर अवैध रूप से लाभ कमाने के आरोप लगाए थे।

उक्त शिकायत की जांच डीएसपी एवी सिंह को दी गई थी। संपूर्ण जांच उपरांत शिकायत के साथ संलग्न दस्तावेज केनरा बैंक शाखा गोटेगांव से प्राप्त दस्तावेज के अवलोकन से एवं वर्तमान ब्रांच मैनेजर केनरा बैंक शाखा गोटेगांव के कथनों से यह स्पष्ट है कि केनरा बैंक शाखा गोटेगांव के बैंक अधिकारी-कर्मचारियों ने कदाचार और ऋण स्वीकृति और वितरण में बहुत सी क्रेडिट अनियमितताएं गड़बड़ी कर्मचारियों के खातों में बहुत सी अनियमितताएं कर्मचारियों के करीबी रिश्तेदारों और विशेष रिपोर्ट में रिपोर्ट किए गए कर्मचारियों/ ग्राहकों के करीबी रिश्तेदारों - ग्राहकों के खातों के बीच कई नकद जमा और कई फंड ट्रांसफर किए गए हैं। शाखा में काम करने वाले उपर्युक्त अपराधी कर्मचारी बैंक के निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार काम नहीं कर रहे थे। वित्तीय लाभ के लिए धोखाधड़ी और जालसाजी की है। चेक के बिना लेनदेन किए गए थे, ट्रांसफर डेबिट स्लिप पर ग्राहक के कोई हस्ताक्षर नहीं पाए गए। खाता खोलने के फॉर्म ग्राहक के हस्ताक्षर के बिना पाए गए दोषी कर्मचारियों के खाते और उनके निकट संबंधियों के बीच अवैध लेन देन किया गया है।

# शास्त्रीय के साथ लोक नृत्य में महारत हासिल करने का अभ्यास

### शिविर 128 लड़कियां व 8 लड़के प्रशिक्षण ले रहे हैं



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 128 लड़कियां व 8 लड़के जहां शास्त्राrय नृत्य के अंतर्गत जहां कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वहीं वे लोक नृत्यों की बारीकियां भी सीख रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों में नर्सरी कक्षा से ले कर कॉलेज स्तर की लड़कियां शामिल हैं लेकिन उनकी नृत्य के प्रति सीखने की लगन व मेहनत एक सी है। केन्द्राrय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता व अन्य पदाधकारियों ने गत दिवस प्रशिक्षण शार्विर में पहुंच कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक विश्वनाथ धारगे व उनकी सहयोगी रितु रजक, छाया पटेल व याशिका वर्मा सुबह के सत्र में प्रतिभागियों को कत्थक की प्रारंभिक शुरुआत के तत्कार, तोड़े से ताल व लय की बारीकियां सिखाते हैं। प्रशक्षिण के दौरान प्रतिभागियों को कत्थक की वभिन्नि मुद्राओं का अभ्यास विशेष रूप से करवाया जा रहा है। प्रत्येक दिन दूसरे चरण में प्रतिभागियों को भारतीय लोक नृत्य शैली के अंतर्गत बुंदेली, छत्तीसगढ़ी व राजस्थानी नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नृत्य प्रशिक्षण में प्रतिभागी तत्कार हस्त मुद्रायें (संयुव्त व असंयुव्त) ग्रीवा भेद, अंग संचालन, शास्त्राrय व उप शास्त्राrय, गैर शास्त्राrय, लोक नृत्यों की विशेषातायें का प्रशक्षिण दिया जा रहा है। नृत्य प्रशिक्षण की शुरुआत में प्रशिक्षणार्थियों को योग व व्यायाम के माध्यम से फिजीकल फिटनेस का मंत्र भी दिया जा रहा है।

शिविर के प्रशिक्षक विश्वनाथ धारगे प्रतिभागियों की लगन, समर्पण व मेहनत से उत्साहित व अभिभूत हैं। वे कहते हैं कि प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाले समारोह में नृत्यों की विशेष प्रस्तुति होगी। शिविर के नन्हीं प्रतिभागी भी दर्शकों व परिजन के समक्ष नृत्य की प्रस्तुतियों को ले कर रोमांचित हैं और वे कहती हैं कि उनकी प्रस्तुति को देख कोई यह नहीं कह सकेगा कि उन्होंने इतने कम समय में शास्त्राrय के साथ लोक नृत्यों में इतनी महारत कैसे हासिल कर ली।



### सीबीएसई 12 वीं में अनुज ने हासिल किए 86 प्रतिशत अंक

**सिहोरा।** हाल ही में घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम में ग्राम दर्शनी निवासी अनुज तिवारी ने सीबीएसई 12 वीं में 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वे सरोज-आनंद तिवारी के सुपुत्र है एंव मारथोमा ग्रांम ज्योति स्कूल सिहोरा के छात्र हैं।

### सरकारी भूमि पर कब्जे के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई

# करोड़ों की जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

**सिहोरा।** सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण के विरुद्ध चल रही कार्रवाई के बीच मझौली तहसील के पोडा. सर्किल अंतर्गत ग्राम छपरा की लगभग 25 एकड़ भूमि पर कब्जा कर खेती-किसानी करने वालों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए शासकीय रकवे को अतिक्रमण मुक्त कराया।

#### इनकी उपस्थिति में हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार पोड़ा श्रीमति सुनीता मिश्रा एवं पटवारी योगेन्द्र परोहा,अमित त्रिपाठी,तेज सिंह ठाकुर,रोहित तिवारी,दिलीप सिंह ठाकुर ने ग्राम छपरा प.ह.न.82 वृत्त पोंडा के खसरा. नं. 132, 131, 128, 248, 661, 665, 689, 676, 673,674 के कुल रकबा 25 हैक्ट. लगभग 25 एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त करवाकर ग्राम पचायत छपरा सचिव एवं सरपंच मिथिलेश कुमार मिश्रा के सुपर्द की है कार्रवाई के दौरान खेत की फसल को भी नष्ट किया गया।



राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि की जल्द ग्राम विकास की योजनाओं में उपयोग किया जाएगा।नायव तहसीलदार सुनीता मिश्रा के अनुसार ग्राम छपरा की शासकीय भूमि पर लोग अतिक्रमण कर खेती कर रहे थे। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने पूर्व में बेदखली आदेश भी जारी किए गए थे लेकिन अतिक्रमण कार्यों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया था जिसके चलते 16 मई को शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव की सुपुर्दगी में दिया गया।

#### किसानों में हर्ष व्याप्त

प्रशासन की कार्यवाही से ग्राम के भूमि स्वामी किसानों में हर्ष व्याप्त है किसानों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर किसानों के खेत जाने का रास्ता तक बंद कर दिया था। जिसके चलते भूमि स्वामी किसान भी लंबे समय से अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर रहे थे।

## पदोन्नति देने की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेंद्र दुबे, जबलपुर जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है की विभागों में पद रिक्त है, योग्यता भी है लेकिन 35 वर्ष की नौकरी के पश्चात सहायक ग्रेड तीन लिपिकों को एक भी पदोन्नति नहीं मिलीं है। इन लिपिकों की पदोन्नतियों के लिए संबंधित विभागों में सैकड़ों पद रिक्त है,अनेक सहायक ग्रेड तीन को वेतनमान सुप्रिटेंडेंट का दिया जा रहा है लेकिन पद नाम (सहायक ग्रेड तीन) छोटे बाबू ही है। पदोन्नति ना होने के कारण (छोटे बाबू) लिपिक को 10 वर्ष की सेवा के पश्चात एक समयमान वेतन 20 वर्ष में दो एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर तीसरा समयमान वेतन का लाभ दिया जाता है, आज अनेक लिपिकों को तीन समयमान वेतन मिल चुके है लेकिन एक भी प्रमोशन का लाभ नहीं मिला है। मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार ही समयमान वेतन का लाभ दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, संतोष मिश्रा, विश्वदीप पटेरिया ने मध्य प्रदेश शासन अपने पात्र लिपिक कर्मचारियों को समय मान वेतन के अनुसार समस्त लाभ एवं पद नाम देने की मांग की है।

### फसल नष्ट होने की शंका के चलते किसान चिंतित

# विद्युत विभाग ने काट दिए किसानों के कनेक्शन



**सिहोरा।** किसानों का हितेषी होने का दावा करने वाली प्रदेश सरकार एक तरफ खेती को लाभ का धंधा बनाने भरपूर बिजली देने का वादा कर रही है वहीं विद्युत विभाग के नुमाइंदो द्वारा अस्थाई कनेक्शन लेकर खेती कर रहे किसानों का कनेक्शन काट कर किसानों को बीच मझधार में खड़ा कर दिया है जिसके चलते वह फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहा था और भीषण गर्मी में मूंग की फसल सूख रही है।फसल नष्ट होने के आशंका से किसान चिंतित नजर आ रहे हैं । सिहोरा हार के किसानों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट नहर के पीछे लगा ट्रांसफार्मर लगभग एक सप्ताह से बंद था। गत दिवस विद्युत विभाग द्वारा उक्त डीसी को चेंज किया गया जिसके साथ ही डीसी से कनेक्ट लगभग 15 किसानों के कनेक्शन काट दिए गए। किसानों ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों से जब कनेक्शन काटे जाने की वजह पूछी तो दो-तीन किसानो की अस्थाई कनेक्शन शुल्क की राशि भी वापस कर दी वही किशन राम स्नेही चौबे,अवध बिहारी कोरिया,धर्मेंद्र चक्रवर्ती,पवन चौबे,आशीष रमेश सहित 15 लोगों के कनेक्शन काट दिए गए किसानों का कहना है कि उन्होंने 7500 से ₹9000 रुपए जमा करके अस्थाई कनेक्शन लिए थे लेकिन बीच फसल के दौरान विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने से फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है यदि शीघ्र कनेक्शन नहीं जोड़े जाते हैं तो किसानो को भारी क्षति उठाना पड़ेंगी।

#### इनका कहना है

उक्त ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण अभी तीन बार खराब हो चुका है ट्रांसफार्मर में सात स्थाई एवं 8 अस्थाई कनेक्शन है अस्थाई कनेक्शनधारीयो ने शीत ऋतु में 4 में का अस्थाई कनेक्शन लिया था जिनकी समय अवधि समाप्त हो चुकी है।

पीके लखेरा
जे ई सिहोरा ग्रामीण

## निधन



**श्री चमन प्रजापति-** श्री राम नाथ प्रजापति के पुत्र श्री चमन प्रजापति उम्र 32 वर्ष का निधन हो गया है जिसकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे कारिया पत्थर शमशान भूमि पर जायेगी।

**श्री धर्मवीर सचदेवा-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पीछे निवासी धर्मवीर सचदेवा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अलका सुधीर गरूण-** आस्था नगर ग्वारीघाट निवासी श्री सुधीर गरूण की धर्मपत्नी श्रीमती अलका सुधीर गरूण (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**नीमा रघुवंशी-** बिलहरी बड़े हनुमान जी के सामने निवासी नीमा रघुवंशी (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री काशी प्रसाद रजक-** साउथ सिविल लाइन साईं मंदिर के पास निवासी श्री काशी प्रसाद रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवांक साहू-** भानतलैया निवासी श्री महेश प्रसाद साहू के पुत्र श्री शिवांक साहू (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लल्लू चौरसिया-** तुलसीदास का बगीचा चेरीताल निवासी श्री लल्लू चौरसिया (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र कुमार केसवानी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री चंद्र कुमार केसवानी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रंजना बाई चौरसिया-** गुप्तेश्वर निवासी श्री अलोपी प्रसाद चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना बाई चौरसिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरेश प्रजापति-** नारायण चौक लालमाटी निवासी श्री बसंत लाल प्रजापति के पुत्र श्री नरेश प्रजापति (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा राय-** मदनमहल प्रेमनगर स्थित रेलवे कॉलोनी निवासी श्री रमेश कुमार राय की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा राय (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मालती बाई विश्वकर्मा-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री बच्चू लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मालती बाई विश्वकर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कहार-** शुक्रवारी बजरिया हनुमानताल निवासी श्री किशोर कहार के पुत्र श्री दीपक कहार (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय गोस्वामी-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री संजय गोस्वामी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष बेन-** झामनदास चौक सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद रजक-** अनुश्री कॉलोनी बिलहरी निवासी श्री गोविंद रजक (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री रीता चौधरी-** भवानी चौक राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रमेश चौधरी की पुत्री सुश्री रीता चौधरी (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जयपाल सिंह ठाकुर-** बड़ी ओमती गांधी भवन निवासी श्री चंद्रभान सिंह ठाकुर के पुत्र श्री जयपाल सिंह ठाकुर (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वृंदा प्रसाद वर्मा-** गोविंद भवन कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री वृंदा प्रसाद वर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंकर लाल आयतेकर-** बंदरिया तिराहा के पास रामपुर निवासी श्री शंकर लाल आयतेकर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर वर्मा-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री रवि शंकर वर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल गुप्ता-** कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री श्याम लाल गुप्ता (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**खबर संक्षेप**

## चांदी दूसरे दिन भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर, सोना भी टूटा



**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बढ़त के साथ शुक्रवार को स्थानीय बाजार में 89,000 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप सोने की कीमत 150 रुपये गिरकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चांदी की कीमतें 300 रुपये उछलकर 89,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

## एलएंडटी को मिला मेडिकल कॉलेज, अस्पताल का ठेका




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग व निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के भवन एवं कारखाना कारोबार को कई ठेके मिले हैं। कंपनी को कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर के निर्माण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता से ठेका मिला है। इसमें 605 बिस्तर वाला अस्पताल और एक मेडिकल कॉलेज शामिल है।

## स्पिरिट एयरोसिस्टम्स 450 की कर रहा है छंटनी




**वाशिंगटन।** स्पिरिट एयरोसिस्टम्स 450 लोगों की छंटनी कर रहा है। यह बोइंग का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है जो उसके लोकप्रिय 737 मैक्स हवाई जहाजों के लिए ढांचा बनाता है। जनवरी में अलास्का एयरलाइंस द्वारा संचालित एक 737 मैक्स विमान का 'पैनल' हवा में उड़ने के बाद से इसका उत्पादन धीमा हो गया, जिसके बाद कंपनी ने छंटनी शुरू की है।

## एडीबी ने सिक्किम के लिए किया 1053 करोड़ मंजूर




**गंगटोक।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने सिक्किम में बिजली बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए 1,053 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दे दी है। सिक्किम के बिजली सचिव टी.टी. लेप्चा ने एक बयान में कहा कि एडीबी की तरफ से दिया जा रहा ऋण राज्य में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता, गुणवत्ता तथा मजबूत और आधुनिक बनाने में मदद करेगा।

## देवू इंडिया ने पेश किया उन्नत लिथियम इनवर्टर




**नई दिल्ली।** देवू इंडिया ने उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस, पर्यावरण अनुकूल तथा सुरक्षित लिथियम इनवर्टर पेश किया है। लिथियम एक हल्की धातु है। लिथियम बैटरियां आम तौर पर सुरक्षित होती हैं और लगभग 10 साल तक चलती हैं। कंपनी का दावा है कि यह 'मेंटेनेंस फ्री' है और खरीदारों को इसके रखरखाव की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## जीएसके फार्मा का लाभ 46 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** औषधि कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स लि. का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 194.48 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 133.43 करोड़ रुपये था।वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में परिचालन आय 929.8 करोड़ रुपये रही जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 787.45 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च 691.41 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही में 635.54 करोड़ रुपये था।

# विश्व में अल्ट्रा रिच लोगों की संख्या बढ़ी, अदाणी की हुई लिस्ट में वापसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया में अमीरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इन सुपर रिच अमीरों के क्लब में भी कुछ लोग बेइंतहा रईस हैं। इन्हें अल्ट्रा रिच कैटेगरी में रखा जाता है। इस अल्ट्रा रिच क्लब में भी अब इजाफा हो गया है। अब इसमें 15 लोग आते हैं।


- अल्ट्रा रिच क्लब में 15 लोग आते हैं

इस ग्रुप में वो अमीर शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है। इस ग्रुप में सबसे ऊपर के पायदान पर बैठे हैं, एलवीएमएच के फाउंडर एवं सीईओ बर्नार्ड अर्नोल्ट। दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन चुके बर्नार्ड अर्नोल्ट की दौलत इस समय लगभग 222 अरब डॉलर हो चुकी है।

**अल्ट्रा रिच वे जिनकी संपत्ति 100 अरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है**

### अल्ट्रा रिच लोगों की नेट वर्थ लगभग 2.2 ट्रिलियन डॉलर हुई

सुपर रिच लोगों की दौलत में इजाफा आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, लग्जरी गुड्स और जिओपॉलिटिकल परिस्थितियों की वजह से हुआ है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, इन अल्ट्रा रिच लोगों की नेट वर्थ इस साल 13 फीसदी बढ़कर लगभग 2.2 ट्रिलियन डॉलर हो चुकी है। दुनिया के 500 सबसे ज्यादा अमीर लोगों की दौलत का एक चौथाई हिस्सा इन 15 अल्ट्रा रिच लोगों के पास है।



### सभी 15 सुपर रिच की दौलत 100 अरब डॉलर से ज्यादा

पहली बार इन सभी 15 सुपर रिच लोगों की दौलत 100 अरब डॉलर से ज्यादा है। लॉरियाल की फ्रांसुआ बेटनकोर्ट मायर्स , डेल टेक्नोलॉजीस के फाउंडर माइकल डेल और मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम भी इस लिस्ट में शामिल हुए हैं। पिछले कुछ महीनों में कई बार यह लोग 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर चुके हैं। फ्रांसुआ बेटनकोर्ट मायर्स 100 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचने वाली पहली महिला दिसंबर में बनी थीं। वह इस इंडेक्स में 101 अरब डॉलर की दौलत के साथ 14वें नंबर पर बैठी हुई हैं।

### अदाणी ने फिर से जगह बनाई

अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 208 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 187 अरब डॉलर की दौलत के साथ तीसरे पायदान पर रहे हैं।

हालांकि, उनकी दौलत में इस साल 40 अरब डॉलर की कमी आई है। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे अमीर आदमी होने का तमगा भी गंवा चुके हैं। दिग्गज भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी ने 100 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में दोबारा से एंट्री मारी है। लिस्ट में मुकेश अंबानी भी शामिल हैं।

### सीसीआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत : सीतारमण

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीतारमण ने कहा, 'मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए... । मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए।'

- मंत्री ने उत्पाद निर्माण व अधिक परिष्करण पर दिया जोर
- वैश्विक मूल्य श्रृंखला में विनिर्माण की हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए



### वृद्धि मॉडल अब दोहराया नहीं जा सकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता।

### चीन पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी

'कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट' की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं।

### निवेश बढ़ाने की योजना

सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं।'

### दुनिया के 50 फीसदी सेवा क्षेत्र पर भारत का कब्जा

सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

### निजी क्षेत्र की एक बड़ी भूमिका होगी

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार भारत की वृद्धि में निजी क्षेत्र को एक भागीदार के रूप में देखती है। उन्होंने कहा, 'हम निजी क्षेत्र की एक बहुत बड़ी भूमिका देखते हैं। हम वृद्धि में उनके साथ साझेदारी करना चाहेंगे। सरकार एक सुविधाप्रदाता व समर्थक के रूप में काम करेगी।'

### देश में बिकने वाले 99 फीसदी मोबाइल भारत में निर्मित

सीतारमण ने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया।

# सरकार ईवी नीति के तहत निवेश के लिए विस्तृत दिशानिर्देश लाएगी



- मंत्रालय पिछले महीने परामर्श का पहला दौर आयोजित कर चुका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति के तहत निवेश की संभावनाएं तलाश रही कंपनियों के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि संबंधित पक्षों के साथ परामर्श का दूसरा दौर जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारी उद्योग मंत्रालय पिछले महीने ही परामर्श का पहला दौर आयोजित कर चुका है।

अधिकारी ने बताया कि दिशानिर्देशों में आवेदन, पोर्टल लिंक और परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) के बारे में जानकारी शामिल होगी। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत में वाहन कंपनियां जरूरी निवेश के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रोत्साहन हासिल करने के लिए ईवी नीति के तहत आवेदन कर सकती हैं।

### 15 मार्च को नई नीति मंजूर की गई थी

सरकार ने 15 मार्च को एक इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी दी थी, जिसके तहत देश में न्यूनतम 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क रियायतें दी जाएंगी। इस कदम का मकसद अमेरिका स्थित टेस्ला जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना है।

अधिकारी ने कहा, ''वे नई नीति के तहत एक निश्चित संख्या में ईवी के लिए आयात लाइसेंस का आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें निवेश के लिए प्रतिबद्धता जतानी होगी।'' भारत में पहले से मौजूद कंपनियों को ईवी नीति के तहत आवेदन करने के लिए नई सहायक कंपनी को पंजीकृत करने की जरूरत नहीं है।

# टेस्ला 'चुप', अभी तक अपनी भारत की योजनाओं के बारे में नहीं बताया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला 'चुप' है और उसने अभी तक नई ईवी नीति के तहत अपनी भारत की योजनाओं के बारे में सरकार को नहीं बताया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अमेरिकी अरबपति कारोबारी एलन मस्क 21-22 अप्रैल को भारत का दौरा करने वाले थे। हालांकि, उन्होंने 'भारी टेस्ला दायित्वों' का हवाला देते हुए आखिरी समय में अपनी यात्रा स्थगित कर दी थी। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला के सीईओ मस्क यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने वाले थे। यह पूछने पर कि क्या कंपनी ने अपनी योजनाओं के बारे में सरकार को बताया है, अधिकारी ने कहा, ''वे (टेस्ला) बस चुप हैं... (ईवी) नीति हमेशा सभी के लिए थी। अधिकारी ने कहा कि वाणिज्यिक फैसलों की घोषणा कंपनियां करती हैं। इस संबंध में टेस्ला को ई-मेल से भेजे गए सवालों का कोई जवाब नहीं आया। इससे पहले अप्रैल में, उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी भारत यात्रा की पुष्टि करते हुए लिखा था, 'भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के लिए उत्सुक हूं।'




- एक अधिकारी ने दी जानकारी
- नई ईवी नीति के बारे में कुछ नहीं बताया

### मस्क ने मोदी से अमेरिका में की थी मुलाकात

पिछले साल जून में, मस्क ने मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी और कहा था कि उन्होंने 2024 में भारत का दौरा करने की योजना बनाई है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

# इस्पात आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही: सेल चेयरमैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने शुक्रवार को कहा कि इस जिंस के आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रकाश ने इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी, इस्पात, सौर सेल और एल्यूमीनियम जैसी विभिन्न चीनी वस्तुओं पर अमेरिका के भारी शुल्क लगाने के प्रभाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

दिल्ली में इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला के मौके पर प्रकाश ने कहा, 'हम आयात पर कड़ी नजर रख रहे हैं।' हाल ही में टाटा स्टील के सीईओ टी वी नरेंद्रन ने भी कहा था कि इस्पात के आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का इस्पात आयात 38 प्रतिशत बढ़कर 83.19 करोड़ टन हो गया। इसके साथ ही देश इस्पात का शुद्ध आयातक बन गया।



- आयात पर कड़ी नजर रखी जा रही
- भारत का इस्पात आयात 38 फीसदी बढ़ा

### चीन से बढ़ते आयात पर चिंता

इस्पात विनिर्माता कुछ देशों, मुख्य रूप से चीन से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग भी कर रही हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार में लगा तड़का



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गयी।

# सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ⏭ मुंबई

मिल जुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही।

कारोबारियों ने कहा कि अंतिम दौर की खरीदारी आने से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में सर्वाधिक 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा।



- महिंद्रा, रिलायंस व आईटीसी में रही खरीदारी

## विक्रम सोलर को मिली गुजरात में परियोजना



**नई दिल्ली।** विक्रम सोलर को गुजरात में एनटीपीसी की खावड़ा परियोजना के लिए 397.7 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी के एक बयान में कहा गया कि विक्रम सोलर ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड से 397.7 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका हासिल किया है। मॉड्यूल गुजरात में 1,255 मेगावाट खावड़ा सौर परियोजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से को बिजली देंगे। बयान में कहा गया कि यह परियोजना घरेलू सामग्री आवश्यकता (डीसीआर) के साथ पूरी तरह से मेल खाती है और भारत की घरेलू सौर विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कंपनी के समर्पण को और मजबूत करती है। विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, 'एनटीपीसी के लिए कई सौर परियोजनाओं के हमारे सफल निष्पादन ने एक गहरा विश्वास उत्पन्न किया है, जो उत्कृष्टता के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है।'

### सिंगापुर और हांगकांग पहले ही भारतीय मसाला ब्रांड बैन कर चुके

# अब नेपाल ने भी भारत का मसाला ब्रांड किया बैन, उद्योग मुश्किल में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले महीने भारतीय मसालों को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब नेपाल में भी भारतीय मसाला ब्रांड की दो कंपनियों की बिक्री, आयात और इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

- मसालों में केमिकल एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका जताई

एक रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों कंपनी के मसालों में केमिकल एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका के बीच नेपाल ने यह फैसला किया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने दोनों ब्रांड के मसालों में इस केमिकल की जांच शुरू कर दी है।

### नेपाल ने कही यह बात

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्णा महाराजन ने बताया है कि इन दोनों मसाला कंपनियों के उत्पाद के आयात पर फिलहाल के लिए बैन लगा दिया गया है। इसके साथ ही इसकी बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। सरकार ने यह कदम इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड नाम के कीटनाशक मिलने की खबर के बाद उठाया है। फिलहाल यह प्रतिबंध जांच की रिपोर्ट आने तक जारी रहेगा।



### फसाई हुई सख्त

बाहरी देशों के साथ-साथ इन दोनों कंपनियों को घरेलू स्तर पर भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू फूड सेफ्टी रेगुलेटर एफएसएसएआई ने सख्ती करते हुए इन दोनों मसालों के देशभर से 1500 से अधिक सैंपल लिए हैं। सरकार ने कहा है कि अगर जांच में ये सैंपल फेल होते हैं तो ऐसे में इन कंपनियों के उत्पादों के लाइसेंस को कैंसिल किया जा सकता है।

### इन देशों ने भी शुरू की जांच

ये मामला भारत की जानी-मानी मसाला ब्रांड से जुड़ा हुआ है और दायरा दुनिया के कई देशों जैसे ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, अमेरिका और मिडिल ईस्ट तक फैला हुआ है। बुधवार को न्यूजीलैंड के फूड सेफ्टी रेगुलेटर ने भारतीय मसाला ब्रांडों के विभिन्न उत्पादों की जांच शुरू करने की जानकारी दी। इसके साथ ही अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के भी फूड सेफ्टी नियामकों ने इन दोनों ब्रांड के मसालों की जांच शुरू कर दी है। ब्रिटेन की खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत से आने वाले मसालों की जांच शुरू कर दी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं निकिता सिंघानिया (Nikita Singhania) उम्र 37 वर्ष पति आन्नद सिंघानिया नि.- राजीव गांधी वार्ड नं. 13, माम राज गली, कटनी म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हूँ 1. यह कि मुझ शपथकर्ती का विवाह पूर्व नाम निक्की अग्रवाल (Nikki Agrawal) था 2. यह कि मुझ शपथकर्ती का विवाह पश्चात् नाम निकिता सिंघानिया (Nikita Singhania) हो गया है मेरे आधार कार्ड क्र. 4192 6242 5718 में मेरा नाम निकिता सिंघानिया (Nikita Singhania) दर्ज है 3. यह कि निकिता सिंघानिया (Nikita Singhania) एवं निक्की अग्रवाल (Nikki Agrawal) दोनों नाम मुझ शपथकर्ती के ही है मेरा सही नाम निकिता सिंघानिया पति आन्नद सिंघानिया जो कि सत्य व सही है 4. यह कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के होने के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**पुराना नाम-**
निक्की अग्रवाल (Nikki Agrawal)
**नया/सही नाम-**
निकिता सिंघानिया (Nikita Singhania)
SAKET

## चिंतन

# अमेरिका, चीन व पाक को भारत की 'नसीहत'

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक साथ अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और भूराजनीतिक संकट पर भारत के दृष्टिकोण बहुत ही संजीदगी से दुनिया के सामने रखा है। ईरान से चाबहार डील के बाद आई धमकी भरी अमेरिकी प्रतिक्रिया पर भारत ने शालीनता से जवाब दिया है कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर 'प्रतिबंधों की धमकी' का किस प्रकार बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत का इशारा साफ है कि बहुध्रुवीय वैश्विक स्थिति में प्रतिबंधों की धमकी जैसी कूटनीति अब आउटडेटेड हो गई है। अमेरिका को अब अपनी कूटनीति को नया जामा पहनाना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने चीन को भी अंतरराष्ट्रीय कानून न मानने के बिंदु पर आईना दिखाया है। जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। दरअसल, चीन ने भारत के साथ सीमा समझौते मैकमोहन रेखा की हमेशा अवहेलना की है, उसी तरह ड्रैगन ने दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक नियम और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग के फैसले का अनादर किया है, जिसके चलते दक्षिण चीन सागर को लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव बरकरार है। अंतरराष्ट्रीय नियम कहता है कि समंदर पर किसी देश का आधिपत्य नहीं हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में केवल चीन शब्द आने से वह चीन का नहीं हो जाता है। ऐसे तो फिर हिंद महासागर भारत का होगा, अरब सागर सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात का व मैक्सिकन सागर मैक्सिको का होगा, पर ऐसा नहीं है। विश्व के सभी समुद्र सभी देशों के उन्मुक्त आवाजाही के लिए मुक्त है। साउथ चाइना सी पर चीन यह गलती लगातार कर रहा है। सीमा विवाद भी सीमा समझौते का आदर नहीं करने के चलते है। भारत सीमा विवाद को लेकर चीन को हमेशा चेताता रहता है, इसके बावजूद चीनी हरकतें उकसावे वाली होती हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी भारत को हमेशा खटकती रही है और यह सीमा समझौते के खिलाफ भी है। आतंकवाद के पोषक के तौर पर जयशंकर ने पाकिस्तान को भी चेताया है कि आतंकवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। पाकिस्तान पिछले चार दशक से भारत के खिलाफ आतंकवाद प्रायोजित करता रहा है, इसके लिए उसने अपने क्षेत्र में आतंकवाद को पालता-पोसता रहा है, पर आज वही आतंकवादी खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन गए हैं। इतना ही नहीं, जो देश आतंकवाद व आतंकवादी गुटों को अप्रत्यक्ष तौर पर मदद पहुंचाते रहे हैं, आज वे भी आतंकी गुटों के निशाने पर हैं। आज विश्व यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के चलते गंभीर खाद्य सुरक्षा संकट के दौर से भी गुजर रहा है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया तीन 'एफ' यानी 'फ्यूल, फूड, फर्टिलाइजर' (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। ऐसे में वैश्विक महाशक्तियों द्वारा आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाना वैश्विक शांति व सुरक्षा के खिलाफ है। अमेरिका को युद्ध व संघर्ष को ईंधन देने के बजाय जंग मुक्त विश्व के लिए काम करना चाहिए। यूक्रेन व इजराइल को अमेरिकी मदद से जंग कैसे खत्म होगी? भारत के सुझावों पर गौर कर युद्ध और भूराजनीतिक तनाव खत्म करने की दिशा में बातचीत से वैश्विक प्रयास होना चाहिए। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान आदि देशों को भारत की नसीहत है कि महत्वाकांक्षी अधिनायकवादी, विस्तारवादी व आतंकवाद से त्रस्त विश्व से अधिक समावेशी व सौहार्दपूर्ण विश्व की जरूरत है।



सीता मंदिर
प्रभात झा

# ...पर मेरा जीर्णोद्धार कब होगा

अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता। जगत जननी कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। इसी तरह यदि आप पूछें कि मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर। जो गलत है। जनकपुर तो सीताजी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौरा धाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर है। उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, आज जनकपुर नेपाल में है, पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं। पुनौरा धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि अभी बीते गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गया। लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगे। उस समय राजा जनक राज कर रहे थे। राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिए। इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया। वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थे। वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ(शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ। पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम 'सीता' होना अपेक्षित है, क्योंकि सीत(फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता(सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा



से बचाने के लिए 'मड़ई' (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है। पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता है। मां जानकी कुंड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मां जानकी जन्म कुंड को पुण्यनिधि कहा गया है। जगतगुरु रामभद्राचार्य गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। मैं और जगतगुरु रामभद्राचार्य बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस आशय की जानकारी भी दी। आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पहुंचे। उन्होंने सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आइए तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्य स्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाए जाएंगे। अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गया। अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। कहा जाता है कि 'बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं।' पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के मंदिर के दर्शनार्थ लाखों लोग पधार रहे हैं, पर दूसरी ओर, मां जानकी(सीताजी) का प्राकट्य स्थल पर किसी तरह का जमीनी विवाद नहीं है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना है। वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था।


प्रधानमंत्री मोदी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की माता सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। पुनौरा धाम भारत के बिहार राज्य में है। अतः भारत और बिहार सरकार का यह नैतिक दायित्व बनता है कि पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौरा धाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही हैं और कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

(लेखक भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्रियायोग : अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'


## दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियाँ के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## सारा संसार



*गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है जहां बालकृष्ण अवतार में पीठासीन देवता भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मूर्ति चार हाथों वाली है - एक में शंख, एक में गदा, एक में चक्र और एक में कमल है।*

चारधाम यात्रा
मनोज कुमार अग्रवाल



# पहाड़ की सेहत का रखें ध्यान

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं, जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ ने तमाम प्रबंधों को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है, जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है। यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रैक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी, वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े डराने वाले हैं। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नहीं है। टनों कचरा प्लास्टिक व अन्य गंदगी पहले से ही वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहे हैं। वाहनों की उत्सर्जित गैस व गर्मी पर्यावरण को बिगाड़ रही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्री चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भौगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आ रहे लोगों की बढ़ी तादाद है, लेकिन तात्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए, लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है। दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊंचाई वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालात में पहाड़ की सेहत से तो खिलवाड़ किया जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है- डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। - **ललित ताम्रकार**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# हिजबुल्लाह की इजराइल के खिलाफ नई रणनीति



लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने इस सप्ताह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य चौकी पर ड्रोन के जरिए हमला किया और दो मिसाइलें दागीं, जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हिजबुल्लाह बीते सात महीने से इजराइल पर लगातार हमले कर रहा है लेकिन बृहस्पतिवार को किए गए हमले में उसे पहली बार कामयाबी मिली क्योंकि यह इजराइली हवाई क्षेत्र के भीतर से किया गया था। हिजबुल्लाह ने हाल के सप्ताहों में इजराइल पर अपने हमले तेज कर दिए हैं, खासकर गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में इजराइली घुसपैठ के बाद से। आतंकी समूह ने इजराइल के अंदरूनी इलाकों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं तथा नए और अधिक उन्नत हथियारों का इस्तेमाल किया। हिजबुल्लाह पर करीबी नजर रखने वाले लेबनानी राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल-सातेर ने कहा, 'यह इजराइली दुश्मन को जमीन पर संदेश भेजने का एक तरीका है, जिसका अर्थ है कि यह हमारे पास जो कुछ है उसका हिस्सा है, और यदि आवश्यक हो तो हम और अधिक हमला कर सकते हैं।' सीमा पार से गोलीबारी अक्टूबर की शुरुआत से ही जारी है।

## ऑफ बीट

# मनुष्य हजारों वर्षों से प्रकृति में बदलाव कर रहा है : रिपोर्ट



जुलाई 2024 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए सभी की निगाहें पेरिस पर होंगी। दुनिया भर से दर्शक एथलीटों की प्रतिस्पर्धा देखने और दुनिया के सबसे पहचाने जाने वाले शहरों में से एक की संस्कृति, रोमांस और इतिहास का आनंद लेने के लिए सिटी ऑफ लाइट में जुटेंगे। लेकिन पेरिस का एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर, नोट्रे डेम कैथेड्रल, 14 अप्रैल, 2019 को कैथेड्रल में 12 घंटे तक लगी विनाशकारी आग के बाद अभी भी नवीकरण की प्रक्रिया में होगा। जब आखिरी अंगारे बुझ गए, तो नोट्रे डेम की अधिकांश लकड़ी और धातु छत नष्ट हो गई थी, और उसका भव्य शिखर आग की लपटों में भस्म हो चुका था। नोट्रे डेम लगभग 1,000 वर्ष पुराना है और कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और मरम्मत किया गया है। इसका अंतिम प्रमुख नवीकरण 1800 के दशक के मध्य में हुआ था। संरचना को तैयार करने वाले विशाल बीम 300 से 400 साल पहले काटे गए यूरोपीय ओक के पेड़ों से बनाए गए थे। आज, ये पेड़ पूरे उत्तर-मध्य यूरोप में आम हैं, लेकिन सदियों से वनों की कटाई के कारण, नोट्रे डेम की छत की जाली और शिखर की जगह लेने के लिए काफी ऊँचे पेड़ों की जरूरत है। योजनाकारों को पुनर्स्थापना के लिए उपयुक्त बड़े ओक के पेड़ों की देश भर में खोज करनी पड़ी।

## ट्रेंड

### सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों



समलैंगिक संबंधों का अपराधीकरण समाप्त होना चाहिए, साथ ही एलजीबीटीआईक्यू+ समुदायों के खिलाफ भेदभाव भी समाप्त होना चाहिए। होमोफोबिया, बाइफोबिया और ट्रांसफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर और हर दिन, आइए सभी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सभी हमारे बच्चे



56 राष्ट्रमंडल देशों में 123 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। मैं पूछता हूं किसके बच्चे हैं? किसके बच्चे गुलामी में फंसे हैं? युद्धों में किसके बच्चे मारे और अपंग हो जाते हैं? किसके बच्चे जलवायु अन्याय से सबसे अधिक पीड़ित हैं? वे सभी हमारे बच्चे हैं!

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### बहुमूल्य है समय



समय बहुमूल्य है। भविष्य की सही सटीक और प्रभावी योजनाएं बनाएं और समय साधनों का सदुपयोग करना सीखें। आध्यात्मिक पथिक सदैव समय, साधनों का उचित प्रयोग परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### तो ऐसा नहीं है



बस एक चेतावनी- यदि आपको लगता है कि यह असंभव है-तो ऐसा नहीं है। यदि आप सोचते हैं कि आप सब कुछ जानते हैं - तो ऐसा नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप अकेले हैं- तो आप नहीं हैं!

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





# लोकसभा चुनाव हारने वाली अकेली प्रधानमंत्री हैं इंदिरा गांधी

*देश के राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के अलावा कोई भी प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव नहीं हारा। इंदिरा गांधी 1977 में आपातकाल के बाद हुए लोकसभा चुनाव में अपनी रायबरेली सीट से जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनारायण से हार गई थीं। इस चुनाव में बिहार और उत्तर प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। तब उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 85 सीट थी और बिहार में 54 सीट।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

## 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में मिली थी रायबरेली से शिकस्त

दरअसल जून 1975 में राजनारायण की ही याचिका पर इलाहबाद हाईकोर्ट ने 1971 के रायबरेली से इंदिरा गांधी के लोकसभा निर्वाचन को रद्द कर दिया था। उसके बाद ही 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। रायबरेली से प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1977 में हराने के कारण राजनारायण उस दौर के नायक बन गए थे। उनका नारा था- पहले हराया कोर्ट से, फिर हराया वोट से।

### पीएम रहते इनका हुआ निधन

इससे पहले जवाहर लाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री, दोनों का ही प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए निधन हुआ था। इंदिरा गांधी की हार के बाद मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। वे सूरत से लोकसभा सदस्य थे। लेकिन अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले ही उन्हें 1979 में इस्तीफा देना पड़ा था। उनके बाद चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री रहते बागपत से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते।

### 1984 में हुई थी हत्या



इंदिरा गांधी वैसे तो 1978 में जनता पार्टी के शासन में ही कर्नाटक की चिकमगलूर सीट से लोकसभा उपचुनाव जीत गई थीं। लेकिन 1980 में जब वे फिर प्रधानमंत्री बनीं तो आंध्र प्रदेश की मेडक और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों सीटों से चुनाव जीती थीं। अक्टूबर 1984 में प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान ही उनकी हत्या कर दी गई थी। इंदिरा गांधी के बाद राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते 1984 और 1989 का चुनाव अमेठी सीट से लड़ा और जीते। जिस समय 1991 में उनकी हत्या हुई तब चंद्रशेखर प्रधानमंत्री थे। प्रधानमंत्री रहते चंद्रशेखर भी 1991 का चुनाव अपनी बलिया सीट से जीत गए थे।

### 1991 में राव के हाथ देश की कमान



*पीवी नरसिंह राव जब 1991 में प्रधानमंत्री बने तो वे संसद के किसी भी सदन के सदस्य नहीं थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने आंध्र की नांदयाल सीट से पहले उपचुनाव जीता और फिर 1996 में आम चुनाव। लेकिन 1996 में वे सत्ता से हट गए। संयुक्त मोर्चे की सरकार बनी तो एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बने। वे तब कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद वे राज्यसभा सदस्य बने। लोकसभा उपचुनाव उन्होंने नहीं लड़ा। एक साल के भीतर ही उन्हें पद से हटना पड़ा। उनकी जगह प्रधानमंत्री बने इंदर कुमार गुजराल भी राज्यसभा के सदस्य ही रहे।*

### वाजपेयी ने 98 में संभाला पद



*संयुक्त मोर्चे की सरकार से कांग्रेस ने 1998 में समर्थन वापस ले लिया तो सरकार गिर गई। मध्यावधि चुनाव हुआ और 1998 में लखनऊ के सांसद अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद संभाला। प्रधानमंत्री रहते ही वाजपेयी 2004 में लखनऊ से लोकसभा चुनाव जीते पर राजग इस चुनाव में सत्ता से बाहर हो गया। वाजपेयी के बाद 2004 में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने। पर वे लगातार राज्यसभा में ही रहे।दरअसल 1999 में उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा चुनाव तो लड़ा था पर वे हार गए थे। प्रधानमंत्री पद से 2014 में हटने के बाद भी वे राज्यसभा के सदस्य रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव जीतकर 2014 में प्रधानमंत्री बने और 2019 में भी वाराणसी से ही लोकसभा के सदस्य चुने गए। तीसरी बार भी लोकसभा चुनाव वे वाराणसी से ही लड़ रहे हैं।*

## सोशल मीडिया

### 'देश की चाबी सही हाथों में दी जानी चाहिए'



*वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने कहा, मैं दिल्ली के शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल का नाम आने की कड़ी आलोचना करता हूं। उन्होंने यह भ्रष्टाचार इस वजह से किया क्योंकि वह शराब की लत में डूबे हुए हैं। ऐसे लोगों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए। देश की चाबी सही हाथों में दी जानी चाहिए, वरना यह देश नहीं बचेगा। हजारे ने कहा कि सही प्रत्याशी का चुनाव करें और उन लोगों को ना चुने जिनके पीछे ईडी लगी हुई है।*

### 'कांग्रेस छोड़कर वही नेता जा रहे हैं जो बिकाऊ'



*दिग्गज कांग्रेस नेता व एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, बीजेपी घोर भ्रष्टाचारियों का परिवार है। बीजेपी आतंक से लोगो को डरा रही है खरीद रही है। इंदौर में क्या हुआ सब जानते हैं, अक्षय बम के खिलाफ क्या क्या नहीं किया जिससे वो डर गया, मोदी परिवार घोर भ्रष्टाचारियों का परिवार है। एक समय संघ परिवार हुआ करता था, जो चुप बैठा है। कांग्रेस छोड़कर वही नेता जा रहे हैं जो बिकाऊ हैं।*

## शाह ने बताया- बहुमत नहीं मिला तो क्या होगा प्लान बी

### एक इंटरव्यू में गृहमंत्री ने दिए कई सवालों के जवाब

**नई दिल्ली।** भाजपा इस लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के साथ उतरी है और वह पूरी तरह से बड़ी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पार्टी के तमाम बड़े नेता एनडीए की 400 से ज्यादा और अकेले भाजपा की 370 सीटें आने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछा गया कि अगर भाजपा बहुमत का आंकड़ा नहीं जुटा पाती है तो पार्टी का प्लान बी क्या होगा तो इसका उन्होंने काफी दिलचस्प जवाब दिया। अमित शाह ने गत दिवस एक इंटरव्यू दिया था, उसमें पूछे सवाल पर

### बहुमत के दुरुपयोग का आरोप

विपक्ष के नेता रैलियों में लगातार आरोप लगाते आए हैं कि अगर एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीत गई तो वह संविधान में बदलाव करेगी। अमित शाह से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास पिछले 10 वर्षों से संविधान बदलने के लिए बहुमत था लेकिन हमने ऐसा कभी नहीं किया। शाह ने आगे कहा कि बहुमत का इतिहास हमारी पार्टी का नहीं है, बहुमत का दुरुपयोग इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस पार्टी ने किया।

उन्होंने कहा, अमित शाह ने इस सवाल के जवाब में कहा कि प्लान बी बनाने की जरूरत तब होती है, जब प्लान ए के सफल होने की संभावना 60% से कम हो। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि पीएम मोदी प्रचंड बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आएंगे।

## 'न तो बूढा हुआ हूं, न रिटायर हुआ हूं'

### बेटे के चुनाव प्रचार में बोले ब्रजभूषण शरण सिंह

**कैसरगंज।** उत्तर प्रदेश के कैसरगंज लोकसभा सीट से अपने बेटे करन भूषण के लिए चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के मौजूदा सांसद



ब्रजभूषण शरण सिंह ने खुद की तुलना छुट्टा सांड से की है। सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढा हुआ हूं। अब मैं छुट्टा सांड़ हूं। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। कैसरगंज बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह लोकसभा प्रत्याशी व अपने बेटे करन भूषण के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भरे मंच से सांसद ने

### दोगुनी ताकत के साथ काम करूंगा

सांसद ने कहा कि वचन देता हूं कि न तो बूढा हुआ हूं, न रिटायर हुआ हूं। अब तो मैं छुट्टा सांड हो गया हूं, अब तो आपके लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। पहले जितना आपके बीच में रहता था, उससे दोगुना आपके बीच में रहूंगा। आपके सुख दुख में शामिल होऊंगा और दोगुनी ताकत के साथ काम करूंगा। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार ब्रजभूषण शरण सिंह के बेटे को लोकसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है।

स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लडे जितिहैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं। जरूरत पड़ेगी तो आपके लिए लड़ाई लड़ूंगा। इन सारी समस्याओं को देख रहा हूं, तो हम चुप बैठने वाले नहीं हैं, आपको डबल सांसद मिलेगा-डबल सांसद।'

## हिमाचल प्रदेश की इस हाई प्रोफाइल सीट पर है पूरे देश की नजर

# मंडी में 'क्वीन' कंगना और 'शहजादे' विक्रमादित्य के बीच प्रतिष्ठा की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर इस बार लड़ाई एक 'क्वीन' और 'शहजादे' के बीच है। बीजेपी ने जहां मंडी से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रानौत को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस की तरफ से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ेंगे। मंडी में कंगना का अलग जलवा है। मंडी में चुनाव प्रचार के दौरान जैसे ही कंगना अपनी एसयूवी से बाहर निकलती हैं कुछ ही दूरी पर मंच से एक नारा बजता है, "फूल नहीं चिंगारी है, ये भारत की नारी है।" कुल्लू और मनाली के बीच एक गांव में कंगना जब मतदाताओं को संबोधित करने के लिए बढ़ती हैं तो मंच पर कार्यकर्ता एक नया नारा लगाते हैं, "राजा-टीका नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे", जिसका संदर्भ मंडी सीट से कंगना रनौत के कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह की ओर है।

### विक्रमादित्य सिंह को 'शहजादा' कहती हैं कंगना

भाजपा द्वारा उन्हें पार्टी में शामिल करने और सीधे लोकसभा टिकट देने से पहले ही कंगना बीजेपी की सपोर्टर रही हैं। उन्होंने पहले भी धारा 370 हटाए जाने और राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। कंगना अपने भाषणों और सभाओं में महिलाओं की अस्मिता के बारे में बात करती हैं और मंडी शाही परिवार के वंशज विक्रमादित्य सिंह के लिए "शहजादा" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करती हैं। कंगना अक्सर कहती हैं, "वह (विक्रमादित्य) मुझे अपवित्र कहते हैं। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या एक महिला ही अपवित्र हो सकती है? एक आदमी अपवित्र नहीं हो सकता। हां, मैं फिल्मों में काम करती हूं, तो क्या? ऐसे पुरुष भी हैं जो वहां काम करते हैं।" भाजपा नेता विकास के बारे में और "हिमाचल प्रदेश की बेटी" होने के बारे में बात करती हैं। वह कहती हैं, "मेरा मनाली में एक घर है। पूरे हिमाचल को विकास की सख्त जरूरत है, सड़कें, हवाई संपर्क, शिक्षा सभी जरूरी है।"




### कंगना की आक्रामकता की बीजेपी को जरूरत

बाशिंग में भाजपा कार्यकर्ता मोहन लाल ठाकुर बातचीत के दौरान कहते हैं कि कंगना रानौत की आक्रामकता की पार्टी को जरूरत है। ठाकुर का कहना है, "उन्हें कोई डरा नहीं सकता। सिर्फ एक अभिनेत्री होने के कारण किए जा रहे अनुचित दावों से वह आहत हैं।"

### विक्रमादित्य ने उठाए कंगना पर सवाल

वहीं, दूसरी ओर विक्रमादित्य सिंह एक हिंदुत्व समर्थक, राम मंदिर समर्थक छवि भी पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने शुद्धता जैसे मुद्दे इसलिए उठाए क्योंकि कंगना ने खुद एक बार गोमांस खाने की वकालत की थी। मैंने उन्हें केवल शुद्धिकरण की हमारी परंपरा की याद दिलाई। कांग्रेस उम्मीदवार ने बीजेपी कैंडिडेट पर हर चीज़ को महिला-केंद्रित या मोदी-केंद्रित बनाने का भी आरोप लगाया। विक्रमादित्य का कहना है, "याद रखें, मैं भगवान राम का एक कट्टर भक्त और एक गौरवान्वित हिंदू हूं। मैंने अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में भी भाग लिया था।" वह सवाल उठाते हैं कि कंगना का विजन क्या है?

### मजबूत उम्मीदवार माने जा रहे हैं विक्रमादित्य

एक तरफ जहां कंगना रानौत को टिकट देने को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में कुछ नाराजगी की बात सामने आई है, वहीं विक्रमादित्य को एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा के मनाली नेता अखिलेश कपूर ने बातचीत के दौरान कहा, "वह मुकाबले में अपनी पूरी जान लगा रही हैं। वह हर दिन 8 से 10 कार्यक्रमों में भाग लेती हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों पर रात भर रुकती हैं।" कपूर कहते हैं कि कंगना के निजी स्टाफ के रूप में केवल उनके चचेरे भाई हैं। एक तरफ जहां भीड़ कंगना रानौत को देखने आ रही है और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ रही है, यह अनिश्चित है कि क्या यह वोटों में तब्दील होगा। बाशिंग में पास के गांव के पूर्व सरपंच सुरेश ठाकुर ने बताया, "हिमाचल के इस ऊपरी क्षेत्र में पार्टी पारंपरिक रूप से जीतती रही है। हालांकि बीजेपी घुसपैठ करने में कामयाब रही है लेकिन उसमें कांग्रेस जैसा प्रभाव नहीं है।

### मंडी लोकसभा क्षेत्र

*क्षेत्रफल की दृष्टि से, मंडी हिमाचल का सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है, जिसमें लाहौल और स्पीति के अलावा मंडी, कुल्लू और चंबा जिले शामिल हैं। मंडी में लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा। भाजपा ने पहली बार 1989 में मंडी जीती थी, जब उसके उम्मीदवार महेश्वर सिंह थे। लंबे अंतराल के बाद, 2014 और 2019 में मंडी सीट भाजपा के राम स्वरूप शर्मा ने जीती थी। लेकिन शर्मा के निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह ने सीट वापस ले ली थी। लंबे समय तक यह सीट सिंह परिवार के पास ही थी।*

## एडीआर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा चुनाव आयोग से जवाब, अगली सुनवाई 24 को

# मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी हों; आयोग ने कहा- एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा चुनाव आयोग को मतदान के आंकड़े 48 घंटे के भीतर जारी करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटे के भीतर अपनी वेबसाइट पर मतदान केंद्र-वार मतदान प्रतिशत डेटा अपलोड करने के संबंध में चुनाव आयोग के वकील को तलब किया। वहीं इस मामले में चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि 'एक रात में डेटा इकट्ठा नहीं हो सकता। इसकी प्रोसेसिंग के लिए वक्त लगता है। इस मामले में 24 मई को अगली सुनवाई होगी। बता दें कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है।बता दें कि इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ शाम 6:30 बजे एकत्र हुई। सीजेआई ने कहा कि चुनाव आयोग को याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ उचित समय दिया जाना चाहिए।

### राजनीतिक दलों ने उठाए थे सवाल

दरअसल, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मतदान के आंकड़े देर से जारी हो रहे हैं। ऐसे में मन में शक पैदा होता है। वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा था पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं ना कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं।

### क्या कहा गया है याचिका में

ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते, एनजीओ ने अपनी 2019 जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था, जिसमें चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के "फॉर्म 17 सी भाग- I की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां" मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

### कितनी प्रतिशत वोटिंग हुई?

चुनाव आयोग ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया आयोग ने कहा कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

### चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

इससे पहले सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह पेश हुए।वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि इस अदालत द्वारा 26 अप्रैल, 2024 को दिए गए फैसले में नियम 49 और फॉर्म 17सी सहित विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है, जिस पर आवेदकों द्वारा भरोसा किया गया है। इसके अलावा आयोग के वकील सिंह ने कहा कि चुनाव के 4 चरण हो चुके हैं और चूंकि याचिका वर्षों से अदालत के समक्ष लंबित है, इसलिए ईसीआई को जवाब देने का अवसर दिया जाना चाहिए।

### याचिका कर्ता के वकील ने ये कहा

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग को बस इतना करना है कि पुलिस अधिकारी से फॉर्म-17 के आंकड़े प्राप्त करें और वेबसाइट पर डाल दें। हर मतदान अधिकारी शाम तक फॉर्म-17 सबमिट करता है, शाम 6 से 7 बजे तक मतदान पूरा होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के पास पूरे निर्वाचन क्षेत्र का डेटा होता है। इसके बाद भी आप इसे अपलोड क्यों नहीं करते हैं। इसके बाद सीजेआई ने चुनाव आयोग के वकील से पूछा कि आपको ऐसा करने में क्या परेशानी है?

## बिहार में 5वें चरण के चुनाव में रोचक हुआ मुकाबला

# नए 'योद्धा' पुराने को देंगे टक्कर, दांव पर हस्तियों की प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। इनमें सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर सीट शामिल हैं। मुजफ्फरपुर को छोड़ दें तो बाकी चार सीटों पर नए प्रत्याशी पुराने योद्धाओं को टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में दिग्गज हस्तियों की प्रतिष्ठा इस बार दांव पर है। देखना होगा कि नए प्रत्याशियों के सामने वह किस तरह चुनावी मैदान में खुद की साख बचाए रखते हैं।

### सारण में रूडी से रोहिणी का मुकाबला



सारण लोकसभा से बीजेपी के प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी हैं। उनका मुकाबला आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य से है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर रही हैं। आरजेडी ने अपने नए योद्धा को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। कई दिनों तक तो खुद लालू यादव ने छपरा में रुक कर प्रचार किया है।

### हाजीपुर सीट से पहली बार लड़ रहे चिराग

*हाजीपुर सीट की अगर हम बात करें तो यहां से एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान का मुकाबला आरजेडी प्रत्याशी शिवचंद्र राम से है। पिछले चुनाव में यहां से एलजेपी के टिकट पर चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस चुनाव जीते थे। चिराग पासवान पहली बार हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। सीतामढ़ी में भी नए योद्धा के रूप में देवेश चंद्र ठाकुर चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। पिछले चुनाव में यहां से जेडीयू के सुनील कुमार पिंटू ने आरजेडी के अर्जुन राय को चुनाव हराया था. इसी तरह मधुबनी में भी पुराने योद्धा के मुकाबले नए योद्धा चुनावी अखाड़े में उतर गए हैं। पिछले चुनाव में मधुबनी से बीजेपी के अशोक यादव ने विकासशील इंसान पार्टी के बद्री पूर्वे को हराया था. इस चुनाव में अशोक यादव का मुकाबला नए योद्धा आरजेडी के अली अशरफ फातमी से है।*

### अजय निषाद को कांग्रेस ने दिया है टिकट

*मुजफ्फरपुर के चुनावी अखाड़े की बात करें तो योद्धा तो पुराने हैं, लेकिन, पार्टियां बदल गई हैं। पिछले चुनाव में यहां से बीजेपी के अजय निषाद ने विकासशील इंसान पार्टी के राजभूषण चौधरी को पराजित कर विजय प्राप्त की थी. इस चुनाव में दोनों एक बार फिर आमने-सामने हैं। हालांकि, दोनों ने दल-बदल लिए हैं। अजय निषाद कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं राजभूषण बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।*

## बैशाखी पूर्णिमा को श्री हरि की आराधना करने से पापों का क्षय होता है

# मोक्षदायिनी मोहिनी एकादशी रविवार को

जबलपुर।

सनातन धर्म में एकादशी व पूर्णिमा का विशेष महत्व है। बैसाख मास शुक्ल पक्ष की मोहिनी एकादशी कई शुभ योग के साथ 19 मई रविवार को पड़ेगी और मोहिनी एकादशी पर मोक्ष की कामना व श्री हरि और बैसाख पूर्णिमा 22 मई बुधवार को मनाई जायेगी।वैशाखी पूर्णिमा को अत्यंत पवित्र फलदायी माना गाया है। भविष्य पुराण, आदित्य पुराण में वैशाखी पूर्णिमा को अत्यंत पवित्र एवं फलदायी माना गया है। इस दिन पिछले एक महीने से चला आ रहा वैशाख स्नान एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्ण आहूति की जाती है। मंदिरों में हवन-पूजन के बाद वैशाख महात्म्य कथा का परायण किया जाता है।पंचांग के अनुसार वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि 18 मई को सुबह 11.22 पर शुरू होकर 19 मई 2024 को दोपहर 01.50 तक रहेगी.शास्त्रों में एकादशी व्रत सूर्योदय से मान्य होता है, इसलिए मोहिनी एकादशी 19 मई रविवार को हैहिन्दू धर्म में मोहिनी एकादशी बहुत ही पावन और फलदायी तिथि मानी जाती है। सनातन धर्म में एकादशी का व्रत बहुत ही खास माना जाता है. हर महीने की कृष्ण और शुक्ल पक्ष की तिथि को एकादशी का व्रत रखा जाता है. सभी एकादशी के व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होते हैं. हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी का व्रत रखा जाता है।

### वैशाख पूर्णिमा गुरुवार को

वैशाख माह की पूर्णिमा 23 मई , गुरुवार के दिन पड़ेगी. लेकिन पूर्णिमा तिथि 22 मई बुधवार से लग जाएगी. पंचांग के अनुसार वैशाख पूर्णिमा 22 मई को शाम 06 बजकर 47 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 23 मई को शाम



07 बजकर 27 मिनट पर समाप्त होगी. उदया तिथि होने के कारण 23 मई को वैशाख पूर्णिमा का व्रत रखा जाए।

### पापों का क्षय होता है

वैशाखी पूर्णिमा के दिन शक्कर और तिल दान करने से अनजान में हुए पापों का भी क्षय हो जाता है।पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने घी से भरा हुआ पात्र, तिल और शक्कर स्थापित कर पूजन करना चाहिए। यदि हो सके तो पूजन के समय तिल के तेल का दीपक जलाना चाहिए। पितरों के निमित्त पवित्र नदियों में स्नान कर हाथ में तिल रखकर तर्पण करने से पितरों की तृप्त होते हैं एवं उनका आशीर्वाद मिलता है।

### पवित्र नदियों व सरोबरों में स्नान फलदायी

पुराणों के अनुसार वैशाख का यह पक्ष पूजा-उपासना के लिए विशेष महत्वपूर्ण कहा गया है ।इस दिन सुबह नदियों एवं पवित्र सरोवरों में स्नान के बाद दान-पुण्य का विशेष महत्व कहा गया है। धर्मराज के निमित्त जल से भरा हुआ कलश, पकवान एवं मिष्ठान पूर्णिमा के दिन वितरित करना, गौदान के समान फल देने वाले बताए गए हैं।

## पितृदोष से मुक्ति के लिए शिवलिंग पर अर्पित करें काले तिल



# सोम प्रदोष व्रत 20 मई को

जबलपुर।

**हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है और इस व्रत के दौरान देवों के देव महादेव की विशेष पूजा की जाती है। यह व्रत हर माह के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि प्रदोष व्रत यदि सोमवार के दिन होता है तो इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाता है।**

सोम प्रदोष व्रत का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि सोमवार का दिन भगवान भोलेनाथ को विशेष प्रिय होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार सोम प्रदोष व्रत 20 मई, 2024 दिन को रखा जाएगा। पंडित शिवशंकर तिवारी के मुताबिक, यदि इस व्रत के दौरान विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा की जाती है तो पितृ दोष दूर होने के कारण व्यक्ति की सभी परेशानियां दूर हो जाती है। इस तिथि को भगवान शिव की कृपा पाने के लिए उत्तम दिन माना गया है। सोम प्रदोष व्रत के दौरान ये उपाय करने से भी जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### शिवलिंग पर चढ़ाएं अक्षत व शहद

यदि आप कड़ी मेहनत के बाद में नौकरी में आर्थिक लाभ व प्रमोशन नहीं पा रही हैं तो सोम प्रदोष व्रत पर शिवलिंग पर अक्षत और शहद अर्पित करें। ऐसे करने से व्यक्ति को कार्यक्षेत्र में सफलता मिल मिलती और अपार धन लाभ होता है।

### शिवलिंग पर अर्पित करें काले तिल

पितृदोष से छुटकारा पाने के लिए और पितरों को प्रसन्न करने के लिए सोम प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करना चाहिए। ऐसा करने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। जीवन में आ रही बाधाएं दूर हो जाती है।

### कर्ज से मिलेगा छुटकारा

यदि आप कर्ज के बोझ से परेशान है तो सोम प्रदोष व्रत के दिन शिवलिंग पर दही चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को शुभ फल मिलते हैं। इसके अलावा बेलपत्र अर्पित करने से विवाह में आ रही बाधाएं दूर हो जाती है।

## शांतम प्रज्ञा आश्रम में मनाई गई सीता नवमी

**जबलपुर।** माँ जनक नंदनी, जानकी, भूमिपुत्री, जनकात्मजा, रामवल्लभा, भूसुता, मैथिली, जगत जननी मां सीता जी के पावन प्राकट्योत्सव सीता नवमी के शुभ अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस शुभ अवसर पर आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ति बन्धुओं ने माँ जानकी स्तुति, जानकी स्त्रोत और माँ जानकी गायत्री मंत्र का पाठ कर माँ सीता और प्रभु श्री राम जी का पूजन कर सबके सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट, फिलोसोफर मानस शास्त्री मुकेश कुमार सेन ने आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों को माँ सीता के



जीवन के विषय में बताया।

सीता नवमी के दिन प्रभु राम और मां जानकी की पूजा करने से सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही सभी मनोकामनाओं की भी पूर्ति होती है। सीता नवमी के दिन मां सीता की विधिपूर्वक पूजा और व्रत रखने का विधान है। हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी का त्यौहार मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन माता सीता धरती पर प्रकट हुई थीं। इसीलिए आज के दिन को सीता नवमी के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि सीता जी राजा जनक की पुत्री थीं, इसलिए उनका एक नाम जानकी भी है। सीता नवमी को जानकी जयंती के नाम से भी जाना जाता है।

## इंडियन कॉफी वर्कर्स अध्यक्ष ओके राजगोपालन को अमेरिका ने दी डॉक्टरेट की मानद उपाधि

जबलपुर।

अमेरिका की आइंस्टीन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. जबलपुर के अध्यक्ष और चीफ जनरल मैनेजर ओके राजगोपालन को बिजनेस मैनेजमेंट में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। ओके राजगोपालन को यह उच्च स्तरीय शैक्षणिक सम्मान उनके कार्य के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता, बिजनेस प्रबंधन में उनके ज्ञान, कौशल, इंडियन कॉफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी को लेकर हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धियों और इसे नए मुकाम पर पहुंचाने जैसे ऐतिहासिक कार्यों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। यह डॉक्टरेट पुरस्कार ओके राजगोपालन को 17 मई 2024 को व्हाइट हाउस बेंगलौर में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में जेम्स थरकन (Under Secretary), कर्नाटक सरकार द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का



उद्घाटन डॉ. बालासुब्रमण्यन सेंट जॉन्स मेडीकल कॉलेज एण्ड अस्पताल बेंगलौर ने किया और इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार, अध्यक्ष बीबीएम बोर्ड बेंगलौर यूनिवर्सिटी एवं डॉ. अविनाश सालगर, डीन आइंस्टीन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी यूएसए और डॉ. सुबाशिनी एसोसिएट डीन आइंस्टीन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी यूएसए मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अतिथियों के साथ अन्य लोगों ने भी ओके राजगोपालन की पुरस्कार की सराहना की।

इस मौके पर सोसायटी के सचिव एम प्रकाशन ने कहा कि यह हमारी सोसायटी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है, हमारे अध्यक्ष ओके राजगोपालन पहले भी कई पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं, अब मानद डॉक्टरेट पुरस्कार की यह खास उपलब्धि हमारी सोसायटी की प्रतिष्ठा को एक कदम और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने बताया सोसायटी की शुरुआत 1958 में एक शाखा के साथ बहुत छोटे स्तर से हुई थी, आज यह एक बड़ी और अहम संस्था बन गई है। वहीं मानद डॉक्टरेट पुरस्कार से सम्मानित ओके राजगोपालन ने कहा कि वे यह सम्मान पाकर बहुत उत्साहित हैं, साथ ही उन्होंने सोसायटी का नेतृत्व करने के लिए शुरुआती दौर में किए गए संघर्ष और इस दौरान आने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए इस पूरी यात्रा के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा यह सम्मान बहुत प्रोत्साहन देने वाला है और उन्हें बार-बार और अधिक ऊर्जावान तरीके से काम करने के लिए प्रेरित करेगा, जो वह अभी कर रहे हैं और वह समाज में अपने सभी सहयोगियों का तहेदिल से समर्थन करेंगे।

## मजदूरों में छाछ का वितरण किया



**जबलपुर।** जन समस्या निवारण संस्थान के द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए दमोहनाका चौक पर चल रहे फ्लाईओवर निर्माण में लगे गरीब एवं असहाय मजदूर वर्ग के लोगों के लिए आज छाछ का वितरण किया गया, छाछ गर्मी में स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है, इस कार्य में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश प्यासी, राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट सर्वेश त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रभा यादव, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीलम मानेकर, जिला कोषाध्यक्ष निशा अहिरवार, विधि प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी एडवोकेट नितेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी अजय मानकर, नगर उपाध्यक्ष सुधा वृक्षलिया, वार्ड अध्यक्ष छाया अहिरवार, अंजू तिवारी दिव्या आदि सदस्य उपस्थित थे।

## बजरंग दल महाकोशल प्रांत के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ



**जबलपुर।** बजरंग दल महाकोशल प्रांत के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मंडला में 16 मई से प्रारंभ हुआ। सप्त दिवसीय वर्ग 16 मई से 23 मई तक चलने वाला है। वर्ग में देश, धर्म, संस्कृति की रक्षा हेतु युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम का उदघाटन सत्र दोपहर 3 बजे आनंद प्रकाश गोयल (केंद्रीय सह मंत्री अखिल भारतीय सह धर्म प्रसार प्रमुख) के उद्बोधन के साथ हुआ। वर्ग में विश्व हिंदू परिषद महाकोशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री जीतेंद्र बर्मा, प्रांत संयोजक (बजरंग दल) यतेंद्र पाठक रहे। इस दौरान 160 प्रशिक्षार्थियों को 23 शिक्षक प्रशिक्षित करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय राईस ग्रेन प्रो-टैक एक्सपो का शुभारंभ

**जबलपुर।** जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री अंतर्राष्ट्रीय राईस ग्रेन प्रो-टैक एक्सपो का उदघाटन मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नु) एवं अध्यक्षता प्रेम दुबे, अध्यक्ष जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा कि अनाज व्यवसाय से जुड़े हुए उद्योगों को एक कल्स्टर के रुप में विकसित किया जाए ताकि सुव्यवस्थित उद्योग स्थापित किए जा सके जिससे युवा उद्यमियों को लाभ मिल सके जिससे जबलपुर का विकास संभव हो सकेगा। नये उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए एक नया महौल तैयार होगा।

मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नु) ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए कलस्टर के रुप में अपनी सहमति व्यव्त की, उन्होंने कहा कि जबलपुर चेम्बर के साथ मिलकर एक कृषि आधारित उद्योग की स्थापना हेतु एक प्रस्ताव बना कर षासन के समक्ष रखा जावेगा। कलस्टर के विकास हेतु पूर्ण रुप से सहयोग देने का आष्वासन दिया ताकि जबलपुर के युवाओं को उद्योगों की स्थापना हेतु एक सकारात्मक वातावरण में जबलपुर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।कार्यक्रम का आभार



प्रदर्षन पूर्व अध्यक्ष मुकेष जैन, मध्य प्रदेष राईस मिलिंग एसोसियेशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, सतीश जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, नरिंदर पांधे, चंद्रेश वीरा, मुकेश अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, अजय बख्तावर, राकेश श्रीवास्तव, भीमलाल गुप्ता, कुलदीप सिंह लाम्बा, दुर्गा रजक, धनंजय वाजपेयी, निखिल पाहवा, असलम खान, रजनीश त्रिवेदी, आशीष कोठारी, मनोज सेठ, वीरेंद्र केशरवानी, श्याम सुहाने, अभिषेक ध्यानी, अनिल अग्रवाल (सीए), प्रशांत जैन, युसुफ सैफी, नमन अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मुनीन्द्र मिश्रा, दीपक सेठी, जुगल किषोर तिवारी, शशिकांत पांडेय आदि ने इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक से संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### 19 मई तक चलेगा मेला

मेले में 125 स्टॉल उपलब्ध हैं जिसमें चावल, गेंहु, दाल, पोहा प्रसंस्करण , मीलिंग मशीनरी सॉलवेंट एक्सट्रेषन प्लांट, क्लीनिंग, ग्रेडिंग, सोरटिंग, ऑटोमेषन, इलेक्ट्रिकल, रुफिंग, और पी.ई.बी., वेयरहाउसिंग, साईलों और भंडारण पैकेजिंग आदि के स्टॉल हैं। उद्यमि इस मेले का लाभ उठाएं, मेला 17, 18 एवं 19 मई तक प्रारंभ रहेगा।

## तैराकी वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर भंवरताल स्वीमिंग पूल में शुरू



**जबलपुर।** खेल एवं युवक कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला खेल अधिकारी आशीष पाण्डे के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन तैराकी, वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर नगर निगम स्वीमिंग पूल भंवरताल जबलपुर में प्रारम्भ हुआ, आज नगर निगम खेल अधिकारी राकेश तिवारी एवं जिला तैराकी संघ जबलपुर के अध्यक्ष संजय पटेल ने तैराकी प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया, प्रशिक्षक- शिवम पटेल, आशीष पटेल, महिला प्रशिक्षक श्रीमति तुलसा पटेल हैं। तैराकी शिविर में लगभग 80 बालक-बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, यह जानकारी सुनील कुमार पटेल सचिव जिला तैराकी संघ ने दी है।

## श्रीकृष्ण ने दिया प्रकृति से जीव के समन्वय का संदेश : स्वामी नरसिंह दास महाराज

### वैसाख मास में शिव मंदिर हाथीताल गोरखपुर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण

**जबलपुर।** धारा धाम में अवतरित होकर भगवान भी मानव जीवन के सुख-दुख का उपभोग करते हैं। धर्म अनुसार आचरण करते हुए जीवन में उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं, जीव को परमात्मा का ध्यान कर जीवन की क्रियाएं करना चाहिए। आज षष्ठ दिवस की कथा का शुभारंभ करते हुए स्वामीजी ने शिव मंदिर हाथीताल गोरखपुर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण में कहा भगवान श्री कृष्ण चीर हरण लीला के बहाने गोपियों के वस्त्र हरण नहीं बल्कि मन और बुद्धि के अज्ञानावरण का हरण करते हैं। यह जीव जब अपना सर्वस्व परमात्मा को सौंप देताहै, तब वह सर्व समर्थ ईश्वर अनेक जन्मों के संचित पाप कल्मष व अज्ञान को नष्ट कर देते हैं- अनेक जन्मार्जित पाप-चौरंम् । भगवान श्री कृष्ण बहुत सुन्दर है, जब वह मस्तक पर मयूर का पंख धारण किये, वेणु बादन करते हुए यमुना पुलिन में सखाओ के साथ वृन्दावन में गोचारण के बहाने विचरण करते हैं तो सम्पूर्ण प्रकृति दर्शन करके धन्य हो जाती है। इन्द्र की पूजा बन्द करके गिरिराज गोबर्द्धन की पूजा कराकर कुपित हुए इन्द्र की मूसलाधार जल वृष्टि से रक्षा करते हुए श्री कृष्ण ने विशाल गिरिराज को कनिष्ठिका अँगुली में सात दिवस पर्यन्त धारण करते हैं। यह गोबर्द्धन क्या है, गो अर्थात इन्द्रियों का सम्बर्द्धन जहाँ हो, ऐसा हम आप के सबका यह शरीर ही गोबर्द्धन है, जिसे प्रभु श्री कृष्ण सातों दिन धारण कर, कृपा कर जीवन प्रदान करते हैं। विविध प्रसंगों का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने दिव्य महारास लीला आदि के बाद भगवान का मथुरा गमन लीला व पावन रुक्मिणीहरण के अनन्तर श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह की दिव्य चर्चा करते हुए कहा यह परमात्मा अजन्मा अविनाशी होते हुए भी भक्तों के लिए जन्म भी धारण करते हैं, बाल लीला भी करते हैं विवाह भी करके गृहस्थ जीवन भी प्रगट करते हैं। इस अवसर पर व्यास पीठ पूजन यजमान निर्मला हरिवंश गुप्ता रवि प्रज्ञा गुप्ता , अशोक मनोध्या, प्रतिभा विध्येश भापकर, लोकराम कोरी, डा संदीप मिश्रा, राजेश नेमा सहित भक्त जनों ने किया।

## वैदिक कर्मकांड एवं व्यक्तित्व परिष्कार शिविर संपन्न

**जबलपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में चार दिवसीय वैदिक कर्मकांड एवं व्यक्तित्व परिष्कार शिविर दिनांक 12 मई से 15 मई तक आयोजित किया गया था। इस शिविर में भारतीय परंपराएं ,वैदिक कर्मकांड का जीवन में महत्व एवं अपनी मेमोरी को बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विशेषज्ञों द्वारा बताए गए।इसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में रमेश पटेलद्वारा शिवरार्थियों को मंत्रों का विधिवत अभ्यास कराया गया, डॉ. विनय पटेल एवं वर्षा सोनी द्वारा योगाभ्यास एवं प्रज्ञागीत गायन अभ्यास शंकर कनौजिया द्वारा कराया गया, साथ ही व्यक्तित्व परिष्कार के विभिन्न विषयों यथा शिष्टाचार, जीवन जीने की कला, जीवन लक्ष्य और उसकी प्राप्ति पर सतीश शर्मा, सचिन दुबे, मोहन चक्रवैश्य, आशुतोष कटारे ने शिवरार्थियों का सारगर्भित मार्गदर्शन किया। समापन सत्र में व्यवस्थापक प्रमोद राय, प्रकाश सेन, राजेश श्रीवास्तव एवं अरविंद श्रीवास्तव ने शिवरार्थियों को प्रशस्तिपत्र प्रदान किये।

# सीबीएसई दसवीं में छात्रों शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।** दसवीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा में, ऑर्किड्स मांगलिया कैंपस-इंदौर के नेहांश वार्ष्णेय ने 97 प्रतिशत उच्चतम स्कोर हासिल किए, इसके बाद ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस-भोपाल की श्रुति शुक्ला ने 93 प्रतिशत और ऑर्किड्स भेड़ाघाट रोड कैंपस-जबलपुर के निखिल पाठक ने 92.80 प्रतिशत स्कोर हासिल किए। बारहवीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा में, ऑर्किड्स मांगलिया कैंपस-इंदौर की राशि श्रीवास्तव ने 98.2 प्रतिशत स्कोर हासिल किए, इसके बाद ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस भोपाल के सुधांशु तिवारी ने 93.4 प्रतिशत और भेड़ाघाट रोड कैंपस जबलपुर के सचिन जयसवाल ने 93.4 प्रतिशत स्कोर हासिल किए।

# साइबर क्राइम पीड़ितों की त्वरित सहायता पर हुई गहन चर्चा, दिया गया प्रशिक्षण

## पुलिस अधिकारियों ने लिया साइबर क्राइम पर नियंत्रण का प्रशिक्षण

**भोपाल।** साइबर अपराधों पर नियंत्रण करने राज्य सायबर पुलिस द्वारा सायबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा सायबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। सायबर क्राइम को लेकर गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस के क्षमता विकास, कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डीजीपी सुधीर सक्सेना उपस्थित रहे।

विशेष वक्ता के रूप में केंद्रीय गृह मंत्रालय के इंडियन सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर आई फोर सी के सीईओ राजेश कुमार ने सायबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में डीएसपी स्तर से लेकर 700 अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ऑनलाइन माध्यम से फील्ड के डीएसपी, एएसपी, एसपी, डीआईजी तथा आईजी और पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यालय में पदस्थ एडीजी, आईजी, डीआईजी, एआईजी और डीएसपी स्तर तक के समस्त अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**1930 पर आने वाले 100 प्रतिशत कॉल उठाए जा रहे**

प्रशिक्षण की शुरुआत सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां पूरे प्रदेश के पुलिस अधिकारी व्यापक स्तर पर समस्त अधिकारी हाइब्रिड मोड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सायबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। भारत में घटित सायबर क्राइम मुख्यतः पूर्वी, दक्षिणी राज्यों और दिल्ली के आसपास के साथ ही भारत के बाहर दक्षिण एशियाई देशों से किए जा रहे हैं। इसमें भारतीय मूल के लोग भी शामिल हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सायबर क्राइम की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार भारत सरकार के सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के माध्यम से सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए नए-नए समाधान खोज रही है, ताकि अनुसंधान में मदद मिल सके।

**देश में प्रतिदिन सात हजार शिकायतें**

आई फोर सी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि देशभर में प्रतिदिन सायबर क्राइम से संबंधित 7 हजार से अधिक शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि सायबर क्राइम में वर्ष 2021 से 2022 तक 113.7 प्रतिशत और वर्ष 2022 से 2023 तक 60.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए जनता भी सहयोग कर सकती है। इसके लिए पुलिस की वेबसाइट सायबर डॉट गर्वनमेंट पर जाकर लोग पब्लिक वॉलेंटियर के रूप में स्वयं को रजिस्टर कर सकते हैं। साथ ही पुलिसकर्मी सायबर पुलिस डॉट इन पर जाकर काम कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए संचालित किए जा रहे प्रतिबिंब पोर्टल, समन्वय प्लेटफॉर्म, जेएमआईएस, 1930 आदि के बारे में सभी पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया मध्य प्रदेश में 1930 पर आने वाले 100 प्रतिशत कॉल रिसीव किए जा रहे हैं। सायबर फ्रॉड के मामले में फरियादी द्वारा शीघ्र सूचित किए जाने और पुलिस द्वारा शीघ्र कार्रवाई किए जाने से शीघ्र मामले का निराकरण किया जा सकता है।

**पुलिस के सामने मल्टीपल चैलेंजेस**

कार्यशाला में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि सायबर के क्षेत्र में पुलिस के सामने मल्टीपल चैलेंजेस आते हैं। इन चुनौतियों में अपराधियों द्वारा नए-नए तरीके अपनाए जाने, साइबर क्राइम की संख्या अत्यधिक होने, भौगोलिक समस्या जैसे एक जिले में अपराध कर आरोपी द्वारा दूसरे जिले में भाग जाना, सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए रिसोर्सेस की कमी होना, स्पेशल ट्रेनिंग व जिला स्तर पर एक्सपर्ट्स की कमी आदि शामिल हैं।

## एनएचएम मप्र ने विकसित किया एप

# अब क्यूआर स्कैन कर खुद ही जान सकेंगे मानसिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम मप्र ने स्व-मूल्यांकन और मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता के लिए एक अनूठा एप मनहित विकसित किया है, जो गूगल एप पर भी उपलब्ध है। इसकी मदद से क्यूआर कोड स्कैन कर लोग अपनी मानसिक स्थिति जान सकेंगे। इसकी मदद से वयस्कों और नाबालिगों द्वारा स्व-मूल्यांकन किया जा सकेगा। इस एप को जीएमसी की सहायक प्रोफेसर डॉ. समीक्षा साहू और उनकी टीम ने विकसित किया है। इस एप को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लॉन्च किया गया। एप का हिंदी संस्करण आने वाला है। बता दें कि यूजी-पीजी छात्रों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए इस ऐप को बनाया है। इस ऐप के क्यूआर कोड को हमीदिया अस्पताल में लगाया गया है। जीएमसी के मनोचिकित्सक विभाग के डॉ. जेपी अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मप्र इकाई ने मनहित नाम से एंड्रायड एप तैयार किया है। जल्द इसका आईओएस सपोर्टिव एप भी इंस्टॉल किया जाएगा। साथ ही अभी यह सिर्फ अंग्रेजी भाषा में मौजूद है। जल्द इसे हिंदी में भी लॉन्च किया जाएगा।

## टेली मानस से मिलेगा विजुअल परामर्श

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि टेली मानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन है। किसी भी समय जरूरतमंद 14416 व 18008914416 पर फोन कर उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा सरकार की तरफ से मुहैया कराई गई है। जो लोग सोशल स्टिग्मा के चलते मनोचिकित्सक के पास नहीं पहुंचते हैं, उनके लिए यह वरदान है।

## अवेयरनेस बढ़ाने का जिम्मा एचओडी का

मेडिकल कॉलेज के यूजी पीजी छात्रों के बीच बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या को हर एचओडी को जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। उनसे कहा गया है कि वे स्टूडेंट्स के साथ विभाग में आने वाले मरीजों को एप व हेल्पलाइन की जानकारी दें। इसके लिए ओपीडी, वार्ड व अन्य स्थान पर पोस्टर लगाएं।




# मोटोरोला ने एज 50 फ्यूज़न लॉन्च किया

**जबलपुर।** एंड्रॉइड ब्रांड मोटोरोला ने, अपनी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण की शक्ल में मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को लॉन्च कर दिया है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न ने अपने सेगमेंट की कई सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ 25 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह अपने प्राइमरी कैमरे में इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी-एलवायटीआईए 700सी सेंसर, स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का एकमात्र आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ सेगमेंट का सबसे चमकीला 144 हर्ट्ज 10-बिट पोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले पेश करता है। इसके अतिरिक्त, मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 प्रोसेसर, 12जीबी तक इन-बिल्ट रैम और 256जीबी स्टोरेज, इसकी विशाल 5000एमएएच बैटरी के लिए 68वॉट का तेज़तर्रार चार्जर और 4 साल के सुरक्षा अपडेट के साथ 3 ओएस अपग्रेड का आश्वासन दिया गया है।

# ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर किया चक्काजाम

**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग में ग्राम नगपुरा के ग्रामीणों ने पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने नगपुरा जालबांधा मार्ग को करीब दो घंटो तक बाधित भी रखा।आपको बता दे की नगपुरा गांव के लोगों को पिछले 3 महीने से जल संकट से जूझना पड़ रहा है। दरअसल बेलौदी गांव से नगपुरा तक सड़क का चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। जिसकी वजह से मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। और लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। वैकल्पिक तौर पर टैंकरों से पानी आपूर्ति की जा रही है लेकिन इससे पूरे गांव के लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## युवती हरियाणा के दोस्त के साथ घूमने गई थी मनाली, कहा-सुनी के बाद युवक ने कर दी हत्या

# भोपाल की युवती को मारकर ट्रॉली बैग में ले जा रहा था युवक, होटल स्टाफ को शक हुआ, पुलिस ने दबोच लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/मनाली



राजधानी के शाहपुरा थाना क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश के मनाली घूमने गई युवती की दोस्त द्वारा हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की हत्या करने के बाद प्रेमी उसकी लाश ट्रॉली बैग में लेकर ठिकाने लगाने जा रहा था। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शाहपुरा इलाके की रहने वाली शीतल कौशल (26) अपने प्रेमी के साथ मनाली में घूमने के लिए गई थी। जहां होटल में प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। शीतल की लाश को उसके प्रेमी के बैग से बरामद किया गया है।

*युवती के गले में मिले निशान, आशंका गला घोंटकर उसे मारा गया। असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी।*



### मनाली के लिए रवाना हुआ युवती का परिवार

शाहपुरा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने बताया कि अजय नगर शाहपुरा में रहने वाले एक परिवार ने बुधवार शाम संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी गत पांच मई से घर से बाहर है। मनाली से उनके पास कॉल आया था कि बेटी की लाश मनाली में मिली है। पुलिस ने मनाली से आए कॉल वाले नंबर पर बातचीत की तो पता चला कि उसकी मनाली में हत्या हुई है। परिजन मनाली के लिए निकल गए हैं।

## श्रमिकों की यात्रा को बेहतर बनाने पर किया ध्यान केंद्रित

# एनआईटी के छात्रों ने डिजाइन की है इनोवेटिव सोलर पावर्ड ई-बाइसिकल, पार्किंग में होगी चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

*कर्मचारी अपनी ई-बाइसिकल को पार्किंग में 8 से 9 घंटे में ही कर सकते हैं चार्ज, 25 से 30 किमी की पकड़ेगी रफ्तार*

राजधानी स्थित मैनिट के अंतिम वर्ष के बी.टेक छात्रों की एक टीम ने शहर के दैनिक यात्रियों के लिए एक उन्नत सोलर-पावर्ड इलेक्ट्रिक बाइसिकल विकसित की है।

इसमें विशेष रूप से गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में कारखानों के श्रमिकों की यात्रा को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस परियोजना को शाहनवाज कैसर, नीरज राज, पारस जितपुरे और चिराग यादव ने डॉ. सुधांशु कुमार (सहायक प्रोफेसर- मैकेनिकल विभाग) के मार्गदर्शन में विकसित किया है। इसमें सीमित चार्जिंग जैसी चुनौतियों का समाधान भी किया है। साथ ही स्थानीय परिवहन के लिए यह एक बेहतर समाधान भी है।



### ई-बाइसिकल डबल चार्जिंग प्रणाली से लैस

पर्यावरण के अनुकूल यह ई-बाइसिकल डबल चार्जिंग प्रणाली से लैस है। सौर ऊर्जा और पारंपरिक बिजली दोनों से संचालित हो सकती है। इसकी लिथियम-आयन बैटरी को केवल 3 घंटे में एक इलेक्ट्रिक चार्जर से पूरी तरह से चार्ज किया जा सकता है। सिंगल सोलर पैनल द्वारा इसे 8-9 घंटे में चार्ज किया जा सकता है। यह सुविधा कारखाने के श्रमिकों के लिए आदर्श है जो काम के दौरान अपनी बाइसिकल को निर्धारित पार्किंग में ही चार्ज कर सकते हैं। इस ई-बाइसिकल में हाइब्रिड मोड के पैडलिंग के साथ मोटर पावर भी है।

## रेलवे कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए नई कवायद

# रिजर्वेशन, माल बुकिंग व चैकिंग विभाग होंगे मर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे विभाग कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए भले ही अलग-अलग जोन व मंडलों में भर्ती के लिए परीक्षा करा रहा है, लेकिन यह कर्मचारी की नियुक्ति व ट्रेनिंग के बाद काम करने की प्रक्रिया में अभी लंबा समय लगेगा। इसलिए रेलवे की ओर से नई कवायद शुरू की जा रही है। इसके तहत जिन विभागों में अनुभव कर्मचारियों की जरूरत रहती है। उन विभागों का मर्ज करने की योजना है। रेलवे सूत्रों के अनुसार रिजर्वेशन, माल बुकिंग और चैकिंग विभाग सहित कुछ अन्य विभागों को मर्ज किया जाएगा। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड की ओर से सभी मंडल से ऐसे विभागों की जानकारी मांगी है, जहां कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है। ताकि कर्मचारियों से अन्य विभागों में काम ले सकें। हालांकि इस निर्देश से उन कर्मचारियों में रोष है, जो रेलवे में लंबे समय से काम करने के बाद भी पदोन्नत नहीं हो पाए हैं। रेलवे प्रबंधन स्टेशन के रिजर्वेशन, माल बुकिंग, चेकिंग, टिकट बुकिंग काउंटर को मर्ज करने की योजना बनाई है। इसमें इन विभागों के कर्मचारियों की सूची बनाई जा रही है। ताकि अतिरिक्त काम आने पर उनकी ड्यूटी लगाई जा सके। रेलवे अधिकारियों की माने तो विभागों के मर्ज होने से कर्मचारियों को अपने काम के साथ अन्य विभागों की भी जानकारी मिल सकेगी। जिससे जरूरत पढ़ने पर उनसे अपने मूल विभाग के साथ अन्य विभागों में काम लिया जा सके।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# शासकीय भूमि पर 310 हाईवा अवैध रेत व 135 हाईवा मुरम भंडारण करते किया जब्त

**रायपुर।** रायपुर जिले में अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की गई है। साथ ही अवैध रेत मामले में 310 और मुरम भंडारण मामले में 135 हाईवा को जब्त किया गया है। रायपुर कलेक्टर के निर्देशन पर सीएमओ और तहसीलदार ने मंदिर हसौद में कार्रवाई की है। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार पर मंदिर हसौद में सीएमओ मंदिर हसौद और तहसीलदार की उपस्थिति में अभिषेक गुप्ता का एक एकड़ और पिंटू ब्रह्मा का दो एकड़ कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग को हटाते हुए कार्रवाई की गई है। साथ ही ग्राम नकटा में शासकीय भूमि पर लगभग 310 हाईवा अवैध रेत और 135 हाईवा मुरम भंडारण पर कारवाई करते हुए जब्त किया गया।

# राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5514



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5513 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5525

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5524 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



# फिल्म श्रीकांत को देख गदगद हुए अक्षय

**मुंबई।** बीते शुक्रवार को राजकुमार राव की बहुचर्चित फिल्म श्रीकांत को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। आज इसे एक सप्ताह का वक्त गुजर गया है और फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए आगे बढ़ रही है। इस बीच अभिनेता अक्षय कुमार ने भी श्रीकांत को देखकर सोशल मीडिया पर इसका रिव्यू किया है। सिर्फ इतना ही नहीं वेलकम 3 कलाकार ने राजकुमार राव को एक्टिंग क्लास शुरू करने की सलाह दे डाली है। आइए एक नजर अक्की के इस लेटेस्ट पोस्ट पर डालते हैं। अक्षय कुमार फिल्म श्रीकांत को देखने के बाद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट स्टोरी को शेयर किया है।

## लाइफ Style




# रश्मिका

## अटल सेतु वीडियो की पीएम मोदी ने की तारीफ

एजेंसी ▸▸ मुंबई

नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना सिर्फ साउथ सिनेमा का ही नहीं, अब हिंदी दर्शकों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। रश्मिका पिछले कुछ सालों में कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहीं। वह आखिरी बार रणबीर कपूर स्टारर ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' में नजर आई थीं। अब रश्मिका अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पाः द रूल में दिखाई देंगी। इस बीच अभिनेत्री का एक वीडियो सुर्खियों में है।

इस वीडियो में रश्मिका मंदाना अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। वीडियो पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रश्मिका के पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेत्री की तारीफ की है और वीडियो को संतोषजनक बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रश्मिका मंदाना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि लोगों को जोड़ने और उनके जीवन को बेहतर बनाने से उन्हें संतोष मिलता है।

वीडियो में रश्मिका हाल ही में बने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर नजर आ रही हैं। हार्बर लिंक को अटल सेतु नाम दिया गया है। रश्मिका इस वीडियो में अटल सेतु की तारीफ कर रही हैं। वह कहती हैं- जहां लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में 2 घंटे लगते थे, वहां अब वे सिर्फ 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। रश्मिका मंदाना के इस वीडियो और पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिएक्शन देते हुए लिखा, "बिलकुल! लोगों को जोड़ने और जीवन को बेहतर बनाने से ज्यादा संतोषजनक कुछ भी नहीं।" वीडियो में रश्मिका मंदाना ने अपने एक्स हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया था। वीडियो में वह अटल सेतु पुल की तारीफ करती नजर आ रही हैं। पुल की खूबी बताते हुए उन्होंने ये भी कहा कि समुद्र पर बना ये सबसे लंबा पुल है, जो 22 किलोमीटर का है।

## हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर लोपेज की चौथी शादी टूटी

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज में गिनी जाती हैं। अभिनेत्री ने अपनी जिंदगी में चार शादियां की हैं। तीन शादी टूटने के बाद अब खबर आ रही है कि जेनिफर चौथे पति बेन एफ्लेक से भी अलग हो गई हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी में काफी समय से तनाव की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि बेन ने जेनिफर का घर भी छोड़ दिया है। अब लेटेस्ट खबर आ रही है कि दोनों तलाक लेने जा रहे हैं। एक सोर्स के हवाले से पता चला है, बेन एफ्लेक का जेनिफर लोपेज के साथ ब्रेकअप हो गया है और वह जेनिफर के साथ जिस घर में रह रहे थे, वहां से चले गये हैं।




# प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार नहीं रहे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन एक्टर और प्रोड्यूसर क्रिस प्रैट पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। गार्डियन ऑफ गैलेक्सी और जुरासिक वर्ल्ड जैसी फिल्मों में क्रिस प्रैट के बॉडी डबल बने टोनी मैकफार का 13 मई को निधन हो गया। उनकी रहस्यमयी मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की उम्र महज 47 साल की थी। उनके निधन की खबर ने क्रिस प्रैट को बुरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने बॉडी डबल टोनी के निधन के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। टोनी मैकफार के निधन की खबर की जानकारी खुद उनकी मां ने शेयर की है। उनकी मां डोना ने बातचीत करते हुए बताया है कि उनके बेटे का आकस्मिक निधन हो गया है। हॉलीवुड के स्टंट मैन को अपने घर ओरलैंडो के बाहर 13 मई को बेहोश पाया गया था।



# कटरीना बनीं विक्की कौशल की फोटोग्राफर

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के पावर कपल्स में गिने जाते हैं। बीते दिन एक्टर ने अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। ऐसे में फैंस विक्की कौशल और कटरीना कैफ के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। एक्ट्रेस ने सेलिब्रेशन की अनदेखी फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल के बर्थडे पर कटरीना कैफ उनकी फोटोग्राफर बनीं। एक्ट्रेस ने पति की कई सारी कैंडिड फोटो क्लिक की, जो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी की है। इन तस्वीरों ने ही कटरीना कैफ का राज खोल दिया है कि वो विक्की कौशल के लिए पर्सनल फोटोग्राफर बन गई हैं। फैंस दोनों के इस रोमांस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। कटरीना कैफ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्की कौशल की तीन फोटो शेयर की है।



# कार्तिक के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर में 13 मई को खराब मौसम की वजह से एक बड़ा हादसा हो गया। अचानक आए आंधी-तूफान और तेज बारिश से घाटकोपर के छेदा नगर में एक बड़ा सा होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिरा था। इस हादसे में 16 लोगों की जान चली गई। अब खबर है कि बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के मामा-मामी भी इस हादसे का शिकार हो गए और दोनों की जान चली गई। मुंबई होर्डिंग हादसे में 74 लोग घायल हो गए। बुधवार को घटानस्थल से दो शवों को निकाला गया। मृतक की शिनाख्त रिटायर्ड एअर ट्रैफिक कंट्रोल के जनरल मैनेजर मनोज चनसोरिया और उनकी पत्नी अनीता के तौर पर हुई थी. ये दोनों कार्तिक आर्यन के मामा-मामी थे। कार्तिक आर्यम गुरुवार को इनके अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे।

## टीवी मसाला

# 'मेरा हर लड़के पर दिल आ जाता है...' ईशा मालवीय



मुंबई। ईशा मालवीय सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस सीजन 17' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट रही हैं। शो में ईशा ने अपने लव एंगल को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले वह एक्स ब्वॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ लड़ाइयों के लिए लाइमलाइट में रहीं, फिर ब्वॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल के साथ रोमांस को लेकर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा। समर्थ जुरेल और ईशा मालवीय बिग बॉस के घर में अपने रोमांस से हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, शो खत्म होते ही दोनों के रास्ते अलग हो गये। सलमान खान का शो खत्म होते ही यूजर्स कयास लगा रहे थे कि दोनों अलग हो चुके हैं। हालांकि, बाद में खुद समर्थ ने ही ब्रेकअप पर मुहर लगा दी। ब्रेकअप की पुष्टि के बाद ईशा को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं हो रहा ऑफ एयर

**मुंबई।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी की जगह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर लेकर आए। शो को लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड थे क्योंकि कई सालों के सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आई। ऐसे में अब शो के ऑफ एयर होने की खबरों ने फैंस को बेचैन कर दिया हे। खबर के मुताबिक, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' बंद नहीं हो रहा है। कृष्णा अभिषेक ने बताया, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' टीम ने सीजन एक खत्म कर दिया है क्योंकि वे कॉन्ट्रैक्ट से बंधे थे। केवल सीजन 1 के लिए कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ है। शो बंद नहीं हो रहा है।' कृष्णा की इस बात से साफ है कि दर्शकों को अब निराश होने की नहीं, बल्कि बस थोड़ा इंतजार करने की जरूरत है।






# कांस में फिर चला ऐश्वर्या राय की नीली आंखों का जादू

मुंबई। साल 2002 से लगातार भारत को कांस के विदेशी मंच पर रिप्रेजेंट करने वाली भारतीय एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी अदाओं और खूबसूरती से लोगों का दिल जीतती आई हैं। वो अपने स्टाइल, आउटफिट और अपने विनम्र भाव से सभी को कायल कर देती हैं। एक्ट्रेस एक बार फिर कांस 2024 का हिस्सा बनी हैं। बीते दिन एक्ट्रेस जैसे ही पहुंचीं उनका भव्य स्वागत हुआ और इसके बाद से बस उन्हीं के चर्चे हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या राय छाई हुई हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बचपन भी उनको सपोर्ट करने पहुंची हैं। कांस 2024 से उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। इस लुक में एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐश्वर्या राय ने ब्लैक, व्हाइट और गोल्ड के काम्बिनेशन में हैवी ट्रेल गाउन कैरी किया है। इस गाउन पर गोल्ड फॉइल वर्क का काम है और व्हाइट स्टेटमेंट स्लीव्स हैं। साथ ही एक लंबी ट्रेल भी है, जिस पर गोल्डन फ्लावर पैच हैं। इस पूरे लुक को एक्ट्रेस ने बड़े गोल्ड हूप्स, मैसी हेयर्स और मिनिमल मेकअप के साथ कंप्लीट किया है। ऐश्वर्या राय का ये लुक इस वक्त खूब चर्चा में हैं और सोशल मीडिया पर छाया हुआ है।

# जुगल हंसराज का खतरनाक लुक आउट

मुंबई। यशराज बैनर तले बनी कल्ट फिल्म मोहब्बतें फैंस की फेवरेट मानी जाती है। इस मूवी में शाह रुख खान, अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या सहित कई नए कलाकारों ने काम किया था। उनमें से एक जुगल हंसराज भी रहे, जो छोटी सी उम्र से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं।मोहब्बतें में चॉकलेटी ब्वॉय की इमेज को लेकर जुगल का नाम काफी पॉपुलर हुआ था। हालांकि इसके बाद वह एक्टिंग की दुनिया से कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। लेकिन अब वह कमबैक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनकी अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज से फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसकी वजह से उसे पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। जुगल हंसराज का नाम अपने दौर के सबसे चार्मिंग अभिनेताओं में से एक रहे हैं। हालांकि उम्र के बढ़ते बढ़ाव से उनका लुक अब बदल गया। लेकिन उससे कहीं गुना उनका रूप अपकमिंग थ्रिलर वेब सीरीज में बदला हुआ दिख रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म लायन्सगेट इंडिया की एक तरफ से जुगल का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया गया है।





# फिल्म प्रमोशन में नेपोटिज्म पर किया मजाक : जाह्नवी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव और एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के लिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव ने जाह्नवी कपूर पर नेपोटिज्म को लेकर मजेदार अंदाज में तंज कसा। दरअसल, पहले जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर मजाक किया, उसके बाद एक्टर राजकुमार राव ने उनपर तंज कसा। एक इंटरव्यू के दौरान जाह्नवी कपूर ने नेपोटिज्म को लेकर बात शुरू की। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कूल में उन्हें कोरस का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वो अच्छा गा नहीं पाती थीं तो उनके सामने का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एक महिला ने कहा था कि जाह्नवी के सामने वाला माइक ऑफ कर दो। जाह्नवी के साथ हुए इस किस्से को सुनकर राजकुमार राव ने कहा, "रखा क्यों बेचारी को फिर? मना कर देते। इसके बाद जाह्नवी ने मजाकिया अंदाज में कहा, नेपोटिज्म अफकोर्स, इसलिए तो रखा था मुझे कोरस में। जैसे ही जाह्नवी ने नेपोटिज्म के बारे में बोला, राजकुमार राव ने कहा कि फिर तो ठीक है। फिर तो काश जिंदगी में हम भी बहुत सारे माइक ऑफ कर पाते। जाह्नवी राजकुमार राव की बात सुनकर चौंक गईं और तुरंत उनसे पूछा कि क्या ये उनके लिए टॉन्ट था।

# रातों की नींद उड़ा देंगी ये हॉरर वेब सीरीज

**मुंबई।** अगर आपको डर एक्सपीरियंस करना पसंद है। सिहर जाना पसंद है। रातों की नींद उड़ाना पसंद है तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। इस आर्टिकल में हम आपको सात ऐसी वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जो हिंदी में ओटीटी पर मौजूद हैं और जिनकी आईएमडीबी रेटिंग सात से ऊपर है। इनकी स्टोरीलाइन शानदार है और कॉन्सेप्ट बेहद खतरनाक है। इन सात हॉरर वेब सीरीज के नाम बताने से पहले हम आपको वॉर्निंग देना चाहते हैं। अगर आपको बहुत ज्यादा डर लगता है, लेकिन डरावनी वेब सीरीज देखना पसंद है तो आप अकेले ये वेब सीरीज न देखें। वीकेंड पर अपने दोस्तों या फिर परिवार के किसी सदस्य के साथ इन वेब सीरीज के एपिसोड्स को बिंज वॉच करें।

## आईएमडीबी पर 7 से ऊपर है इनकी रेटिंग



### घोल

आईएमडीबी रेटिंगः 7.0/10
कलाकारः राधिका आप्टे, मानव कौल, रोहित पाठक


### अनकही अनसुनि

आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः वीभा आनंद, आत्म प्रकाश मिश्रा, अरविंद जांगिड़, अभि शर्मा
कहां देखेंः डिज्नी+हॉटस्टार




### डार्क

आईएमडीबी रेटिंगः 8.7/10
कलाकारः लुई हॉफमैन, कैरोलिन आइचोर्न, लिसा विकारी



**शैतान हवेली :** आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः वरुण ठाकुर, भूपेश सिंह, जाहिद अली
कहां देखेंः अमेजन प्राइम वीडियो

### द हॉन्टिंग ऑफ हिल हाउस

आईएमडीबी रेटिंगः 8.5/10
कलाकारः माइकल हुइसमैन, कार्ला गुगिनो, हेनरी थॉमस




### रात अकेली है

आईएमडीबी रेटिंगः 7.2/10
कलाकारः आशीष छीपा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे




### 13 बी


आईएमडीबी रेटिंगः 7.3/10
कलाकारः माधवन, नीतू चंद्रा, पूनम ढिल्लों
कहां देखेंः डिज्नी प्लस हॉटस्टार

# चयन ट्रायल नहीं कराने का अनुरोध, महिला पहलवानों ने कहा- हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ ने ट्रायल मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में अपनी चयन समिति की बैठक बुलाई है।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल 'मानसिक शांति' की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी।



## तैयारी होगी प्रभावित

अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा, 'हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है। ओलंपिक से पहले हमें मानसिक शांति की जरूरत है।'




## चोटिल होने का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कोटा विजेताओं को ट्रायल के लिए बुलाने से चोटिल होने का खतरा होगा। एक कोच ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'इस स्तर पर, जब सब कुछ दांव पर होगा, पहलवान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इससे कुछ कठिन मुकाबले हो सकते हैं और चोटें लग सकती हैं। इस स्थिति से बचना चाहिए।'

## ट्रायल एक बड़ी चुनौती

रीतिका का नैसर्गिक वजन 81 किग्रा है और अंडर 23 वर्ग में देश की पहली विश्व चैंपियन ने कहा, 'हमें वजन कम करने में हमें लगभग सात दिन लगते हैं और प्रतियोगिता के बाद ठीक होने में लगभग इतना ही समय लगता है। अगर मुझे प्रक्रिया फिर से शुरू करनी है, तो यह एक बड़ी चुनौती है। हमें ट्रायल से छूट मिलनी चाहिए। मुझे अच्छे प्रदर्शन का पूरा भरोसा है, हालांकि अमेरिका के जिस पहलवान को मैंने अंडर-23 विश्व फाइनल में हराया था, वह भी मजबूत है। मेरा आक्रमण काफी अच्छा है और रक्षा थोड़ी कमजोर है। अगर मैं अपना आक्रामक खेल जारी रख सकी तो मैं पेरिस में पदक जीत सकती हूं।'



## रणनीति बनाने में होगी मुश्किल

निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा) उन पांच महिला पहलवानों में शामिल हैं, जिन्होंने भारत के लिए कोटा हासिल किया है। रोहतक में सत्यवान के अखाड़े में प्रशिक्षण लेने वाली निशा ने कहा, 'मैं अभी भी क्वालीफायर में वजन-कटौती से उबर रही हूं, अगर हम फिर से ट्रायल से गुजरते हैं, तो यह हमारे शरीर पर असर डालेगा। हमें दिग्गज पहलवानों से भिड़ना है और उसके लिए कारगर योजना बनाने की जरूरत है, लेकिन अगर ट्रायल के बारे में सोचते रहेंगे, तो हम आगे की रणनीति कैसे बनाएंगे।''

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर
1978 चौके
1133 छक्के

### प्रो लीग के लिए तैयार नई कप्तान सलीमा

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नए सिरे से शुरुआत करना चाहेंगी। पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला में प्रो लीग के पहले चरण में आठ मैचों में दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमों में छठे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा को टीम की कमान सौंपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया।




### मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज 'फर्राटा' धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे। वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि निकट भविष्य में इन्हें कोई खतरा नहीं है। बर्लिन में 2009 विश्व चैम्पियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकंड का रिकॉर्ड कायम है।



### आस्ट्रेलिया में फुटबॉल मैच फिक्सिंग में तीन गिरफ्तार

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई।



## आईपीएल : मैच का प्रसारण आज स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

# आखिरी प्लेआफ स्थान के लिए बेंगलोर और चेन्नई में टक्कर, बारिश की आशंका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं।

### चेन्नई का दावा मजबूत

बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0 . 528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी।





### टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रविंद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, समीर रिजवी, एमएस धोनी, महीष तीक्षणा, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, शाइक रशीद, मोईन अली, निशांत सिंधू, मिचेल सेंटनेर, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरनजीत सिंह, आर एस हंगरगेकर, अरावेली अवनीश।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### शानदार फॉर्म में आरसीबी

आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है। आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

### गेंदबाजों की खलेगी कमी

चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली है। पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम को मुस्ताफिजूर रहमान, मथीषा पथिराना और दीपक चाहर की कमी खल रही है। महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी चेन्नई के लिए प्रेरणास्रोत है लेकिन देखना होगा कि वह चोट के बीच कितना योगदान दे पाते हैं।

खास खबर

## बांग्लादेश से एक जून को विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी।

### शारजाह में निकोलस से हारे अर्जुन एरिगेसी

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारत के अराविंद चिदंबरम ने अजरबैजान के मुरादली मुहम्मद को हराया।



## वाडा ने परवीन को किया निलंबित, पेरिस कोटा गंवा सकता है भारत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना नहीं बताने के कारण विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है। पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा, 'उस पर वाडा ने डेढ़ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।' रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल खिलाड़ियों को रात रुकने पर अपना पूरा पता, नाम और हर ठिकाने का पूरा पता देना होता है जहां वे अभ्यास करते हैं, काम करते हैं या अन्य नियमित गतिविधियों में शामिल होते हैं। इसके अलावा उन्हें 60 मिनट का विंडो और स्थान की जानकारी देनी होती है जहां वे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।*

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा । टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।



## विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराए, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। मिशन ओलंपिक सेल ने तीरंदाजी पुरुष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।

### *निशानेबाज भाकर का चयन ट्रायल्स में दबदबा*

**भोपाल।** ओलंपियन मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। उनके बाद अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3) और रविंदर सिंह (176.9) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना

विद्युत विभाग(कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर
एन.आई.टी. नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2024–01, दिनांकः 14.05.2024

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नामः** जबलपुर मंडल के बीना–कटनी खंड के बीच टीएसएस में ऑटो ट्रांसफार्मर को पृथक्करण करने का प्रावधान।, **कार्य स्थलः** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधिः** 12 माह, **कार्य की कीमत(टेंडर वेल्यू):** रूपये 2,29,09,612.51/–(रूपये दो करोड़ उनतीस लाख नौ हजार छह सौ बारह एवं इक्यावन पैसे मात्र), **बयाना राशिः** रूपये – 2,64,600.00/–, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** 10.06.2024 15:00 बजे/10.06.2024 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेवसाइटः** https://www.ireps.gov.in, निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps. gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वेग समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण–वितरण, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला कार्यालय, जबलपुर म.प्र.**
**ब्लॉक - 15, सिविक सेंटर, मढाताल, जबलपुर (म. प्र.)**
Email-id Jabalpur@mptownplan.gov.in
Phone No. 0761-2401981
क्रमांक 712 निग्रानि /JBPLP16042423207
जबलपुर, दिनांक 15/05/2024

परिशिष्ट - ट
प्रारूप–ढ
(नियम 14 (3) (तीन) देखिये)
धारा–29 (3) के अधीन प्रस्तुत उपांतरण प्रस्ताव की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है SJ ASSOCIATES SHRI SHAILESH NEMA 438 / 1. 89 SHANTI NIKETAN NEAR HONDA PETROL PUMP JABALPUR (म.प्र.) जबलपुर म.प्र. द्वारा अभिन्यास में आवासीय भूखण्डीय विकास उपयोग के अभिन्यास में आवासीय भूखंडो एवं मार्ग में परिवर्तन के विकास हेतु अभिन्यास में आवश्यक संशोधन के उपांतरण सहित संशोधित अभिन्यास अनुमोदन बावत आवेदन म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) के तहत प्रस्तुत किया गया है।

(क) परियोजना का नाम - "SHARAD VIHAR"
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)–ग्राम Paraswara, तहसील Gorakhpur, जिला Jabalpur स्थित खसरा क्रमांक 25/1 रकवा 0.410 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 26 रकवा 1.100 हेक्टेयर कुल रकबा 1.510 हेक्टेयर भूमि
(ग) विकास का प्रयोजन - आवासीय भूखण्डीय विकास उपयोग के अभिन्यास में आवासीय भूखण्डों एवं मार्ग में आंशिक परिवर्तन हेतु अभिन्यास अनुमोदन बावत।
(घ) स्वीकृति का पत्र क्रमांक JBPLP090923941 /दिनांक/29/SEP/2023


पूर्व स्वीकृति अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उसे परियोजना से जुड़े व्यक्तियों के हित प्रभावित होने की संभावना है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपरोक्त उपांतरिणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह ( 15 ) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। प्रस्तावित उपांतरण का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा इस कार्यालय में कार्यालीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जबलपुर



**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास जबलपुर**
रेडक्रास भवन के बाजू में कलेक्ट्रेट परिसर
फोन नंबर 0761-2623838 **विज्ञप्ति** ईमेल-wejabalpur@gmail.com

| | | |
|---|---|---|
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | प्रियंका यादव<br>14 वर्ष<br>स्त्री<br>गोरा |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | निशा वंशकार<br>15 वर्ष<br>स्त्री<br>सांवला |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | नीलम वंशकार<br>14 वर्ष लगभग<br>स्त्री<br>सांवला |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | नाजिया<br>10 वर्ष<br>स्त्री<br>गोरा |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | नाजिम खान<br>07 वर्ष<br>पुरूष<br>गोरा |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | मोनिका वर्मन<br>15 वर्ष लगभग<br>स्त्री<br>सांवला |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | कुमकुम ठाकुर<br>11 वर्ष लगभग<br>स्त्री<br>सांवला |  |
| बालक/बालिका का नाम-<br>आयु-<br>लिंग-<br>रंग- | खुशी ठाकुर<br>15 वर्ष लगभग<br>स्त्री<br>सांवला |  |

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं नियम 2016 के अंतर्गत उक्त बालक/बालिकाओं को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित किया जाना है । इस संबंध में बालक/बालिकाओं के कोई वैधानिक अभिभावक जो उसे प्राप्त करना चाहते है तो विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से तीस दिवस के अंदर कार्यालीन दिवस व समय में पर्याप्त पुष्टिकारक प्रमाण के साथ, लाडली बसेरा सेवा भारती घड़ी चौक विजय नगर जबलपुर कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत करें। संपर्क करें- सुश्री सीमा मिश्रा (संस्था अधीक्षिका) मोबाइल नं. 7067454325 Email-gurukul.ladalibasera.jabalpur@gmail.com, श्री ब्रजमोहन कोर्चे, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थानिक देखभाल), महिला एवं बाल विकास विभाग, जबलपुर, मोबाइल नं. 8839749760। समयावधि समाप्ति के उपरांत उक्त बालक को दत्तक ग्रहण हेतु विधिक रूप से मुक्त घोषित करने की कार्यावाही की जायेगी तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला- जबलपुर

G-11099/24




**हाई कोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणी**

महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से इन्कार

पीएससी की तैयारी कर रहा था युवक, अपराध दर्ज होने पर नहीं मिलती सरकारी नौकरी, इसलिए अवसाद में आकर कर ली आत्महत्या

# दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने धमकाना भी आत्महत्या दुष्प्रेरण

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में साफ किया कि दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देने का रवैया भी आत्महत्या दुष्प्रेरण की श्रेणी में आता है। इसी के साथ न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि युवक पीएससी की तैयारी कर रहा था, अपराधिक प्रकरण में फंसने पर उसे सरकारी नौकरी नहीं मिलती। इसी वजह से अवसाद ग्रस्त होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने विवश हो गया। इस सिलसिले में आरोपित महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध आत्महत्या दुष्प्रेरण का प्रकरण चलाए जाने की समुचित सामग्री उपलब्ध है, इसलिए उनको फिलहाल राहत नहीं दी जा सकती।

दरअसल, बालाघाट निवासी डॉ. शिवानी निशाद तथा उसकी मां रानी बाई ने मंडला जिले



के बम्हनी थाने में आत्महत्या दुष्प्रेरण की धारा के तहत दर्ज प्रकरण को निरस्त किए जाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि मृतक युवक की मां कालोनी में आतंक मचाती थी। मां और बेटे के विरुद्ध कालोनी में रहने वाले कई लोगों ने पुलिस में प्रकरण भी शिकायत दर्ज करायी थी।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि चंद्रशेखर उर्फ पवन आहूजा व उसकी मां का नाली में कचरा फैंकने के कारण विवाद था। पड़ोसियों ने युवक व उसकी मां के विरुद्ध बालाघाट के कोतवाली थाने में अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाये थे। युवक मकान गिरवी रखकर पीएससी की तैयारी के लिए इंदौर चला गया था। मानसिक तनाव के कारण उसका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा था। वह बालाघाट आया तो पड़ोस में रहने वाली आवेदक डा. शिवानी निशाद ने दुष्कर्म व छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने की धमकी दी थी। युवक अपने पिता के साथ अक्टूबर जिला मंडला स्थित बम्हनी बंजर चला गया था। इस दौरान पड़ोसियों से उसकी मां का विवाद हुआ था। जिसके बाद वह बालाघाट वापस आया तो उसे फिर झूठे आरोप में फंसाने की धमकी दी गई।

## दयोदय एक्सप्रेस अब अजमेर तक जाएगी

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे में अधोसंरचना निर्माण कार्य के चलते दयोदय एक्सप्रेस कुछ फेरों को जयपुर-अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब आंशिक निरस्त जबलपुर-दयोदय-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस की सेवा बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी। गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस दिनांक 30 मई से 08 जून 2024 तक जबलपुर से जयपुर तक चलाने का निर्णय लिया गया था। जिसे अब बहाल कर दिया गया है। अब यह ट्रेन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अजमेर तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस दिनांक 31 मई से 09 जून 2024 तक जयपुर से जबलपुर तक चलाने का निर्णय लिया गया था। जिसे अब बहाल कर दिया गया है। अब यह ट्रेन भी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अजमेर से चलेगी।

अभी भी रोज 50 से 60 हजार मीट्रिक टन तक गेहूं मंडियों में आ रहा है

# फिर बढ़ सकती है गेहूं खरीदी की तारीख

**जबलपुर।** किसानों द्वारा जीरो प्रतिशत ब्याज पर लिए गण ऋण की अधिकतम वसूली के लिए सरकार ने ऋण राशि जमा करने के लिए एक माह की टाइम लिमिट बढ़ाई है। इसकी वजह यह है कि सरकार को पता है कि किसानों को डिफाल्टर घोषित करने से कोई फायदा तो होना नहीं है, इसलिए एक माह का समय देकर किसानों से बकाया ऋण राशि जमा करा ली जाए। उधर खरीदी केंद्रों पर गेहूं की आवक को देखते हुए सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी की समय सीमा 20 मई से आगे बढ़ा सकती है।

दो दिन पहले सहकारिता विभाग द्वारा जारी आदेश में वर्ष 2023 की खरीफ फसल पर अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों का बकाया जमा करने की अवधि 31 मई 2024 करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि मंडियों में किसानों के भुगतान में आने वाले तकनीकी दिक्कतों के चलते यह फैसला किया गया है। 31 मार्च को खत्म हुए वित्त वर्ष में फसल ऋण की बकाया राशि जमा पर्याप्त रूप से जमा नहीं होने पर विभाग ने इसकी समय अवधि पहले 30 अप्रेल 2024 तय की थी और अब 31 मई 2024 कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि सरकार को पता है कि किसानों को बकाया ऋण राशि जमा नहीं करने पर डिफाल्टर घोषित करने से कोई फायदा नहीं होना है। इसलिए किसानों को गेहूं, चना, मसूर, सरसों की बिक्री के बाद मंडियों से होने वाली समर्थन मूल्य की राशि से बकाया जमा करने के लिए यह मौका दिया गया है। दूसरी ओर खाद्य विभाग के अफसरों का कहना है कि गेहूं खरीदी का भुगतान समय पर किसानों को किया जा रहा है। किसानों को गेहूं का भुगतान तो तभी होगा जब उसे खरीदी के लिए दिए गए टाइम स्लाट में गेहूं बेचने का मौका मिलेगा और वह उस तारीख को गेहूं बेच सकेगा। भुगतान में देरी का कोई तकनीकी कारण नहीं है।

### मंडियों में रोज आ रहा 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं



प्रदेश की मंडियों और खरीदी केंद्रों में 20 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी करने के आदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश शासन ने जारी किए हैं। इसके बाद स्थिति यह है कि अभी भी रोज 50 से 60 हजार मीट्रिक टन तक गेहूं मंडियों में आ रहा है। इसे देखते हुए शासन स्तर पर विचार चल रहा है कि खरीदी की समय सीमा में एक बार और वृद्धि की जाए। माना जा रहा है कि सोमवार तक गेहूं खरीदी की समय सीमा पांच से दस दिन तक बढ़ाने के आदेश जारी किए जा सकते हैं।

अगली सुनवाई एक जुलाई को

## माध्यमिक शिक्षक चयन की होने वाली नियुक्तियां अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन 2023 के तहत होने वाली नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कर्मचारी चयन मंडल के अधिवक्ता को एक्सपर्ट कमेटी से राय लेकर हाईकोर्ट में जवाब पेश करने कहा। मामले पर अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। झाबुआ निवासी रवींद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता अभिषेक दिलराज व धीरज तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा उच्च माध्यमिक चयन परीक्षा 2023 में परीक्षा के बाद आपत्तियां बुलाई गईं। इनका निराकरण सितम्बर माह में करके फरवरी 2024 रिजल्ट जारी किया। इतिहास विषय में 100 अंको के प्रश्न पत्र में 11 प्रश्न डिलीट कर दिए गये व पूर्णांक 89 कर रिजल्ट जारी किया गया। याचिकाकर्ता द्वारा सही प्रश्न क्रमांक 42 व 60 पर आपत्ति दर्ज कराई गई, जिन्हें बोर्ड द्वारा प्रश्न की संरचना गलत बता कर डिलीट कर दिया गया। याचिकाकर्ता को 78.65 अंक प्राप्त हुए हैं और वेटिंग में उसका तीसरा स्थान है। दो सही प्रश्न डिलीट होने से उसके समान अंक वाले अभ्यर्थी का चयन हुआ है।

## सेवानिवृत्ति पाने वाला बैंक अधिकारी व कर्मचारी भी लीव इन्केशमेंट पाने का अधिकारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व के न्यायदृष्टांत का हवाला देते हुए यह व्यवस्था दी कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति पाने वाला बैंक अधिकारी व कर्मचारी भी लीव इन्केशमेंट पाने का अधिकारी है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता बैंक अधिकारी को उक्त लाभ देने के निर्देश दिए। शहडोल निवासी रामकुमार गुप्ता की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता मप्र ग्रामीण बैंक में स्केल-1 अधिकारी के रूप में पदस्थ था। उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई। याचिकाकर्ता ने लीव इन्केशमेंट के लिए आवेदन किया तो बैंक प्रबंधन ने अस्वीकार कर दिया। दलील दी गई कि वर्ष 2022 में मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने अपने फैसले में कहा था कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश कर्मचारी को लीव इन्केशमेंट का लाभ पाने से नहीं रोक सकता। इंदौर बेंच ने उक्त मामले में ग्रामीण बैंक की याचिका निरस्त कर दी थी। यह भी बताया गया कि उक्त फैसले में मुंबई हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत भी दिए गए थे। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2022 का आदेश इस मामले में भी बंधनकारी है।

तीन चरणों में पूरी होगी काउंसलिंग प्रक्रिया

# 58,950 बीएड की सीटों के लिए हुए 81 हजार से अधिक पंजीयन

**जबलपुर।** प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों की 58,950 सीटों के लिए अब तक 81 हजार से अधिक पंजीयन हुए हैं। प्रदेश के 625 बीएड सहित राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहले चरण के लिए प्रक्रिया जारी है। पंजीयन की तारीख समाप्त हो चुकी है। करीब 79 हजार आवेदकों ने पसंदीदा कॉलेजों का विकल्प भी दिया है। सत्यापन 75 हजार ने करा लिया है। ऐसे में इस बार पहली चरण में ही सीटों से अधिक पंजीयन हो चुके हैं। वहीं इस बार तीन चरणों में काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कॉलेजों में हर साल की तरह इस बार भी मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे। पहले चरण के पंजीयन के लिए आवेदन



करने की अंतिम तारीख समाप्त हो चुकी है। प्रथम चरण में मेरिट एवं वरीयता के अनुसार सीट का आवंटन 21 मई को होगा। साथ ही 25 मई तक आवंटित सीटों पर विद्यार्थी शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं।

हालांकि, अब तक उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में उपलब्ध सीटों की संख्या को पोर्टल पर अपडेट नहीं किया है। बता दें कि सबसे अधिक एनसीटीई के सभी पाठ्यक्रमों में 88 हजार पंजीयन हुए हैं। इसमें से 86 हजार ने कालेजों के लिए विकल्प दिया है और 80 हजार का सत्यापन हुआ है। इसमें सबसे अधिक बीएड में 81 हजार पंजीयन हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बार पहले ही चरण में कुल सीटों से अधिक पंजीयन हुए हैं । ऐसे में इस बार बीएड की 70 प्रतिशत से अधिक सीटें पहले ही चरण में भर सकती हैं।

बैंक खातों में गलतियां पड़ रही भारी

# दो साल से बिना छात्रवृत्ति पढ़ने को मजबूर लाखों छात्र

**जबलपुर।** विद्यार्थियों के बैंक खाते त्रुटिपूर्ण होने के कारण स्कूल शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं कर पा रहा है। बैंक खाते त्रुटिपूर्ण होने से बार-बार ट्रांजेक्शन फेल हो गए। इस कारण पिछले दो साल से 8 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। ऐसे में वे बिना छात्रवृत्ति पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं। अब सभी विद्यार्थियों के खाते अपडेट किए जाएंगे। इस संबंध में डीपीआइ के संचालक ने संभागीय संयुक्त संचालकों के साथ डीईओ को आदेश जारी कर कहा है कि बार-बार निर्देश देने के बाद भी भुगतान असफल होना खेदजनक है। अब 2023-24 की असफल भुगतान की छात्रवृत्ति की राशि फिर से विद्यार्थियों के संशोधित बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस वजह से संबंधित विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट करने के लिए कहा गया है। अगर तय समय सीमा में खाते अपडेट नहीं किए जाते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित संभाग या जिला शिक्षा अधिकारी की होगी।

गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों का नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू हो गया है, लेकिन पिछले दो सत्रों की छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। दो सत्रों के करीब आठ लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई है। इसमें सत्र 2022-23 के 3.36 लाख और सत्र 2023-24 के 4.64 लाख विद्यार्थी शामिल हैं। कारण बताया जा रहा है कि विद्यार्थियों का प्रोफाइल अपडेट नहीं होने से खाते त्रुटिपूर्ण हैं। बता दें कि हर साल करीब 12 लाख एससी-एसटी सहित विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को करीब 400 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसमें 20 प्रकार की छात्रवृत्ति होती है।

### प्रोफाइल की जा रही अपडेट

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस बार फेल ट्रांजेक्शन की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसका सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ता है। अब सभी विद्यार्थियों के खाते अपडेट किए जाएंगे। अब तक स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट किया जाता था। अब शासन की ओर से एमपीटास के माध्यम से डाटा अपडेट किया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया इतनी लंबी है कि प्रोफाइल अपडेट नहीं हो पा रही और विद्यार्थियों की संख्या स्वीकृत नहीं हो पा रही। इसमें सभी विद्यार्थियों के खातों को आधार से लिंक करना है। इसमें आधार, समग्र आइडी और जाति प्रमाण पत्र में जन्मतिथि मिलाकर प्रोफाइल अपडेट करना है। अब तक पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा अपडेट नहीं हो पाया, इस कारण भुगतान नहीं हो पाया है।




शमीम की तलाश जारी, राष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट का इंतजार

# सीओडी की टीम ने खत्म किया कबाड़खाने का बारूद

**जबलपुर।** यदि प्रशासनिक दावों को माने तो आधा दर्जन से अधिक राष्ट्रीय प्रदेशिक एजेंसियों की करीब 20 दिन की मेहनत के बाद अब जाकर खजरी बायपास स्थित रजा मेटल इंडस्ट्रीज बारूद और बारूद के खोखों पूरी तरह सुरक्षित हो पाया है। 13 से 16 मई तक चले सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो टीम के अभियान के बाद अब जाकर कहा जा रहा है कि शमीम के कबाड़ खाने में अब कोई बारूद नहीं बचा है। इसी के साथ यह सवाल भी अपनी जगह स्थिर है कि आखिर उस कबाड़ खाने में कितना बारूद और कितने बमों के खोल थे, जिसके विनिष्टिकरण में करीब 20 दिन लगे। एनआईए, एनएसजी, एनडीआरएफ, जिला पुलिस बल और फिर सीओडी को लगातार मेहनत करनी पड़ी है। गौरतलब है



कि विगत माह रजा मैटल्स में बड़ा बम ब्लास्ट हुआ था। जिसमें कितने मरे और कितने घायल हुये उसका पता आज तक नहीं लग सका है। शमीम फरार है, उसका बेटा फहीम जेल में है। एनआईए और एनएसजी की जांच रिपोर्ट आना बाकी है।

गौरतलब है कि मेजर जयदीप के नेतृत्व में सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो जबलपुर की टीम द्वारा घटना स्थल से बचे हुए विस्फोटक अवशेषों को साफ करने का अभियान 13 मई को शुरु किया गया था। विस्फोटक अवशेषों को कबाड़खाने से एकत्रित कर खमरिया डिमोलिशन ग्राउंड में लाकर नष्ट किया गया। यह अभियान 16 मई तक चला। बताया जा रहा है अब शमीम के कबाड़खाने बारूद और बमों के खोल नहीं बचे हैं।

**सद्दाम हुसैन के कबाड़खाने में पुलिस की दबिश**

## कबाड़खाने से चोरी का 11 क्विंटल बिजली तार जब्त

**जबलपुर।** अधारताल थानांतर्गत कल देर रात क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की साझा टीम ने महाकौशल नगर अधारताल में सद्दाम हुसैन के कबाड़खाने में दबिश देकर 11 क्विंटल 54 किलो बिजली का एल्युमीनियम तार जब्त किया है। कबाड़खाना संचवालक पर धारा 41 (1-4) जाफौ व आईपीसी 379 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अधारताल थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा ने बताया कि महाकौशल नगर स्थित एक कबाड़खाने में भारी मात्रा में एल्युमीनियम तार रखे हाने की सूचना पर क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की टीम ने कबाड़खाना में दबिश देकर विद्युत मंडल का 11 क्विंटल 54 किलो एल्युमीनियम तार जब्त किया है। उक्त तार संभवतः चोरी का है। आरोपी कबाड़खाना संचालक सद्दाम हुसैन के खिलाफ धारा 41 (1-4) जाफौ व आईपीसी 379 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## जालसाज ने सूबेदार के खाते से उड़ाए 1 लाख 90 हजार

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत टीटीआर 1 एसटीसी में एक सूबेदार के खाते से धोखाधड़ी कर अज्ञात आरोपी ने 1 लाख 90 हजार रुपए निकाल लिए। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीटीआर 1 एसटीसी गोराबाजार निवासी 46 वर्षीय सूबेदार सतेंद्र सिंह ठाकुर ने लिखित शिकायत की है कि वह 1 टीटीआर, एचक्यू 1 एसटीसी में सेवारत है। एसबीआई बैंक मथुरा में उसका एकाउंट है। गत 10 मई को उसके भारतीय स्टेट बैंक के खाता से अज्ञात व्यक्ति द्वारा योनो एप से प्रथक-प्रथक कुल 1 लाख 90 हजार रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिए गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240